आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.51
सूर्यास्त 06.01

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 05:05 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082
रविवार, 15 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 356, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



मोदी सरकार ने नुकसान पहुंचाने वाला व्यापार समझौता किया : राहुल गांधी - 12



अमेरिकी समझौते से भारत को मिलेगा प्रतिस्पर्धी दाम पर कच्चा तेल - 12



ट्रंप बोले-ईरान में सत्ता का परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी जो संभव है - 13



भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौशल का नहीं, दबाव झेलने का - 14



गुवाहाटी में सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। •एजेंसी

## कांग्रेस ने पूर्वोत्तर की उपेक्षा की, अपने शासन में उग्रवाद को छूट दी

गुवाहाटी, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने असम में एक रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कांग्रेस पर निशाना साधा
- मोदी ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने पुल, आईआईएम और डेटा केंद्र का उद्घाटन किया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने और अपने शासनकाल के दौरान असम में उग्रवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। मोदी ने यहां एक रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है और असम में उसके कार्यकाल के दौरान भय और असुरक्षा का माहौल बना रहा।

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने ध्रुवीकरण और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होकर ऐसे निर्णय लिए, जिनसे इन चीजों को बढ़ावा मिला। मोदी ने कहा, देश का विभाजन मुस्लिम लीग के कारण हुआ था, लेकिन अब 'एमएमसी' - माओवादी, मुस्लिम, कांग्रेस - हैं और लोगों को इनके बारे में जागरूक होना चाहिए। मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया, लेकिन भाजपा अवैध अप्रवासन को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए अगले पांच साल राज्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि असम में 10 वर्षों से सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस 'सत्ता में रहने के समय से भी अधिक खतरनाक हो गई है और यह बात उसके नेताओं द्वारा दिए गए जहरीले बयानों से स्पष्ट है।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने असम में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें ब्रह्मपुत्र नदी पर बना एक पुल, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) गुवाहाटी और पूर्वोत्तर क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने वाला एक डेटा केंद्र शामिल है।



### मोदी एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ में स्थित पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) पर सी-130जे विमान से शनिवार को ऐतिहासिक लैंडिंग की। मोदी ने चाबुवा हवाई क्षेत्र से उड़ान भरी और वह राष्ट्रीय राजमार्ग-37 स्थित मोरान के ईएलएफ पर उतरे। उद्घाटन के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह बेहद गर्व की बात है कि पूर्वोत्तर को एक आपातकालीन लैंडिंग सुविधा मिल रही है। रणनीतिक दृष्टि से और प्राकृतिक आपदाओं के समय, यह सुविधा अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। अधिकारियों ने बताया कि 100 करोड़ की लागत से निर्मित ईएलएफ मोरान बाईपास पर 4 .2 किलोमीटर लंबी पट्टी है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मोबाइल स्क्रीन में उलझता बचपन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


## केंद्र की रेल-रोड और शहरों को सौगात

### मंत्रिमंडल की बैठक में 3 मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी, स्टार्टअप के लिए 10,000 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। सरकार ने रेलवे, मेट्रो, स्टार्टअप और शहरी विकास से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेलवे की नई लाइनों, नोएडा मेट्रो विस्तार और 10,000 करोड़ के स्टार्टअप फंड को स्वीकृति मिली है। शहरों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये का अर्बन चैलेंज फंड बनाया जाएगा। ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे रोड-कम-रेल टनल बनाने की परियोजना भी मंजूर हुई है।

मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की लगभग 18,509 करोड़ की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं में कसारा-मनमाड, दिल्ली-अंबाला और बल्लारी-होसपेटे के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण शामिल है। सरकार ने कहा, लाइन की क्षमता में वृद्धि से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। इन 'मल्टी-ट्रैकिंग' प्रस्ताव से परिचालन को सुव्यवस्थित करने के साथ भीड़भाड़ को कम किया जा सकेगा। ये तीन परियोजनाएं मौजूदा रेलवे नेटवर्क को लगभग 389 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। 'प्रस्तावित 'मल्टी-ट्रैकिंग' परियोजनाओं से लगभग 3,902 गांवों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 97 लाख है।



केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों पर मीडिया को जानकारी देते केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी।

प्रस्तावित क्षमता वृद्धि से देश भर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए रेल संपर्क में सुधार होगा, जिनमें भावली बांध, श्री घाटंदेवी, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, कटरा में श्री माता वैष्णो देवी, श्रीनगर और हम्पी (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), बल्लारी किला, दारोजी स्लॉथ बियर अभयारण्य, तुंगभद्रा बांध जैसे प्रमुख आकर्षण शामिल हैं।

वहीं, देश में उद्यम पूंजी के प्रोत्साहन और उन्नत प्रौद्योगिकी, प्रौद्योगिकी-आधारित नवोन्मेषी विनिर्माण स्टार्टअप एवं शुरुआती दौर वाले उद्यमों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मंत्रिमंडल ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष को मंजूरी दी। यह 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के तहत 'फंड ऑफ फंड्स' (एफओएफ) योजना का दूसरा चरण है। इस योजना का पहला चरण वर्ष 2016 में शुरू किया गया था। एफओएफ 2.0 योजना को स्टार्टअप में निवेश की रफ्तार बनाए रखने और पहले चरण की तुलना में विस्तृत दायरे के साथ आगे बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

### ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे दौड़ेंगी ट्रेन और कारें देश की पहली अंडरवॉटर रेल-रोड टनल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे भारत की पहली सड़क-सह-रेल सुरंग समेत गोहपुर और नुमालीगढ़ के बीच चार लेन वाले ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के निर्माण के लिए 18,662 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में, राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर स्थित नुमालीगढ़ और एनएच-15 पर स्थित गोहपुर के बीच की दूरी एनएच-52 पर सिलघाट के निकट स्थित कालियाभम्भोरा सड़क पुल से 240 किलोमीटर है। इसमें नुमालीगढ़, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बिश्वनाथ कस्बे से होते हुए छह घंटे का समय लगता है। इसमें कहा गया है, इन चुनौतियों से निपटने के लिए, इस परियोजना को राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर गोहपुर से नुमालीगढ़ तक ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे सड़क-सह-रेल सुरंग के साथ चार-लेन ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। यह परियोजना इंजीनियरिंग-खरीद-निर्माण (ईपीसी) मॉडल पर विकसित की जाएगी। यह भारत की पहली और विश्व की दूसरी सड़क-सह-रेल सुरंग होगी।

### शहरी अवसंरचना के लिए एक लाख करोड़ का 'अर्बन चैलेंज फंड'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी अवसंरचना को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ 'अर्बन चैलेंज फंड' (यूसीएफ) शुरू करने को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी, बशर्ते कि परियोजना के लिए 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया गया हो। इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक, यह कदम भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसके तहत अब अनुदान-आधारित वित्तपोषण के बजाय बाजार से जुड़े, सुधार-आधारित और परिणाम-उन्मुख बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया जाएगा। (संबंधित समाचार कारोबार पर)

## नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी पकड़े

संवाददाता, देहरादून

- उत्तराखंड एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई में आरोपियों को देहरादून से किया गया गिरफ्तार
- सूपी एसटीएफ से मिली खुफिया सूचना से परीक्षा घोटाले की बड़ी साजिश का राजफाश

**अमृत विचार:** उत्तराखंड एसटीएफ की टीम ने परीक्षा में नकल करा रहे दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों ने परीक्षा में पास कराने का लालच देकर हर अभ्यर्थी से 10 लाख रुपये की मांग की थी। अभ्यर्थियों को धोखा देने की नियत से उन्हें गुमराह कर परीक्षा में पास करवाने का लालच देकर हाईटेक गिरोह काम कर रहा था। एसटीएफ टीम ने परीक्षा केन्द्र सील करने के साथ आवश्यक उपकरण कब्जे में लिया है।

दरअसल, भारत सरकार द्वारा आयोजित एसएससी (कर्मचारी चयन आयोग) मल्टी टॉस्किंग भर्ती परीक्षा-2025 की परीक्षा उत्तराखंड के भी अलग-अलग परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जा रही थी। इस दौरान असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने और उनके द्वारा अभ्यर्थियों को परीक्षा में पास कराने का लालच देकर अपने झांसे में लिए जाने की मिली सूचना पर पुलिस और एसटीएफ उत्तराखंड ने पहले से ही सक्रिय थी।

एसटीएफ के मुताबिक, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड एसटीएफ को इनपुट मिला था कि कुछ लोग गिरोह बनाकर अभ्यर्थियों को धोखा देने की नीयत से उन्हें परीक्षा में पास करने का लालच देकर मोटी धनराशि लेने वाले में हैं। इस इनपुट पर यूपी और यूके की एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए परीक्षा केन्द्र महादेव डिजिटल जोन, एमकेपी इण्टर कालेज देहरादून में पर दबिश दी।

### अंडरग्राउंड चैंबर से चल रहा था खेल

छापामारी के दौरान एसटीएफ को परीक्षा लैब के पास बने यूपीएस रूम के एक कोने में अंडर ग्राउंड चेंबर (तहखाना) बना दिखा। वहीं पर दो लेपटॉप राउटर ऑटोमेटिक अवस्था में मिले, जिनको रिमोटली चलाया जा रहा था। दोनों लैपटाप से परीक्षा में प्रश्न पत्रों को हल करने में मदद की जा रही थी। एसटीएफ टीम ने तकनीकी और फॉरेंसिक उपकरणों का प्रयोग करते हुए सिस्टम को कब्जे में लेकर सील कर लिया। साथ ही अवैध गतिविधि में लिप्त दो आरोपी नीतिश कुमार निवासी नांगलोई दिल्ली और भास्कर नैथानी निवासी, देहरादून को गिरफ्तार किया।

## ब्रीफ न्यूज

### कठुआ: अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 5 किमी के दायरे में आवागमन प्रतिबंध

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में अधिकारियों ने शनिवार को सीमापार से गोलीबारी की आशंका और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को रोकने एवं ग्रामीणों की सुरक्षा की आवश्यकता का हवाला देते हुए अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगते पांच किलोमीटर के दायरे में 'अनावश्यक आवाजाही' पर प्रतिबंध लगा दिया है। कठुआ के जिला मजिस्ट्रेट राजेश शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया, जो कार्यकारी मजिस्ट्रेट को सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए संभावित खतरे के तात्कालिक मामलों में निवारक उपाय करने का अधिकार देती है।

### शरद पवार को पुणे के अस्पताल से छुट्टी मिली

**पुणे।** सीने के संक्रमण के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हुए राकांपा (शप) के अध्यक्ष शरद पवार को शनिवार दोपहर छुट्टी दे दी गई। राज्यसभा सदस्य पवार (85) दोपहर करीब एक बजे अस्पताल से रवाना हुए। पवार की बेटी और राकांपा (शप) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि उन्हें तीन से चार दिन आराम करने की सलाह दी गई है। पवार को इस सप्ताह की शुरुआत में सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की शिकायत के बाद पुणे जिले के बारामती में स्थित उनके आवास से यहां रूबी हॉल क्लिनिक लाया गया था।

## बांग्लादेश में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था बनाए रखनी होगी : रहमान

ढाका, एजेंसी



- भारत चीन और पाकिस्तान के साथ संबंधों पर स्पष्ट की नीति

बड़ी जीत हासिल करने के बाद बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने बांग्लादेश में किसी भी कीमत पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने का शनिवार को आह्वान किया और सुरक्षित व मानवता का सम्मान करने वाला देश बनाने में सहयोग देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी एक ऐसी विदेश नीति का पालन करेगी जो चीन, भारत और पाकिस्तान के साथ व्यवहार में बांग्लादेश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। वह अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस की जगह लेंगे। रहमान ने 13वें संसदीय चुनावों में भारी जीत के एक दिन बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमें सुरक्षित और मानवता का सम्मान करने वाला बांग्लादेश बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। रहमान ने कहा, किसी भी बहाने किसी के साथ अन्याय नहीं किया जा सकता। देश के स्वतंत्रता-प्रेमी लोगों ने बीएनपी को विजयी बनाया है। कहा, आज से सभी स्वतंत्र हैं बधाई।

### रामानंद सागर के बेटे आनंद सागर का निधन

**मुंबई।** रामायण के निर्माण से घर-घर में पहचाने जाने वाले दिग्गज फिल्म निर्माता रामानंद सागर के बेटे आनंद रामानंद सागर चोपड़ा का लंबी बीमारी के बाद यहां निधन हो गया। उनकी पत्नी निशा सागर चोपड़ा ने यह जानकारी दी। वह 84 वर्ष के थे।

वह 25 वर्ष से पार्किंसन से पीड़ित थे। उस स्थिति में भी एनडीटीवी के लिए रामायण बनाई, जिसका निर्देशन किया था। उन्होंने पांच फिल्मों का निर्माण किया था, जिनमें हमराही, 'राम भरोसे' तथा शम्मी कपूर की 'अरमान' शामिल हैं।

## पीएम राहत योजना को मंजूरी, हादसा पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीएमओ ने सेवा तीर्थ भवन में स्थानांतरित होने के बाद लिया पहला निर्णय



सड़क हादसे के पीड़ितों को आपात कालीन प्रतिक्रिया प्रणाली प्रदान कराने के उद्देश्य से सरकार ने शनिवार को पीएम राहत योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत किसी भी सड़क दुर्घटना में पात्र व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज मिलेगा, जो दुर्घटना से सात दिनों तक मान्य होगा।

गंभीर मामलों में प्राथमिक उपचार 48 घंटे तक और गैर-गंभीर मामलों में 24 घंटे तक उपलब्ध रहेगा। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में मौतें होती हैं, जिनमें से कई मौतें समय पर चिकित्सा मुहैया कराने से रोकी जा सकती हैं। यदि पीड़ितों को सड़क दुर्घटना के पहले घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती कराया जाए तो 50% मौतों को टाला जा सकता है। पीएमओ ने 'सेवा तीर्थ' भवन में स्थानांतरित होने के बाद अपने पहले निर्णय में प्रधानमंत्री ने 'पीएम राहत' (सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए अस्पताल में भर्ती और सुनिश्चित इलाज) योजना शुरू करने की मंजूरी दी।

## शिक्षिका को गलत दिशा से आ रही कार ने रौंदा, पैर कटकर अलग हुआ

संवाददाता, काशीपुर

- पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी कार चालक पर केस दर्ज

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में उद्यमसिंह नगर जिले के काशीपुर में आईटीआई थाना क्षेत्र के पैगा चौकी के पास एक तेज रफ्तार कार ने स्कूल जा रही शिक्षिका को जोरदार टक्कर मार दी। \ादसे में शिक्षिका का एक पैर कटकर शरीर से अलग हो गया और उनकी हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है।

लालपुर बकसौरा निवासी नरेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 28 वर्षीय पुत्री दीपिका रानी, जो राजकीय कन्या इंटर कॉलेज काशीपुर में शिक्षिका हैं, शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से स्कूल जा रही थीं। पैगा चौकी से कुछ दूरी पर सामने से गलत दिशा में आ रहे कार चालक सुमित (निवासी संभल, यूपी) ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार स्कूटी को रौंदते हुए पास के खेत में जाकर पलट गई। इस दुर्घटना में दीपिका का दायां पैर शरीर से अलग हो गया और हाथ तीन जगह से फ्रैक्चर हो गया है। पिता ने कहा कि इस हादसे ने उनकी बेटी का पूरा भविष्य बर्बाद कर दिया है। कोतवाली आईटीआई के प्रभारी रवि सैनी ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

रणनैतिक मार्गदर्शन

केंद्रीय मंत्री ने किया कोर कमेटी बैठक को संबोधित, उपलब्धियों पर थपथपाई धामी सरकार की पीठ

## सरकार व कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय, मिशन 27 में जुट जाएं : नड्डा

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को जौलीग्रांट में आयोजित भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में सरकार और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय पर बल दिया।

उन्होंने प्रदेश में संगठन और सरकार के मध्य बेहतर समन्वय और विकास कार्यों की उपलब्धियों के लिए पुष्कर सिंह धामी सरकार की पीठ थपथपाई। वहीं, तीन बिंदुओं पर फोकस करते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में जीत को लेकर रणनैतिक मार्गदर्शन दिया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि पूर्व अध्यक्ष नड्डा के समक्ष संगठन के कार्यक्रमों और सरकार के कामों की विस्तार से समीक्षात्मक चर्चा की गई, जिसमें उनके द्वारा सभी से 2027 के चुनाव को लेकर कमर कसने का आह्वान किया गया। इस दौरान उनके द्वारा रणनीतिक मार्गदर्शन दिया गया कि कैसे पार्टी को एकजुटता से काम करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों में पहले से भी बड़ी जीत को हासिल करना है। मुख्यमंत्री धामी की मौजूदगी में हुई बैठक में मुख्यत तीन बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें सरकार और संगठन



बैठक में मौजूद पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट।

के समन्वय को अधिक बेहतर करते हुए जन-जन तक अपनी उपलब्धियों को पहुंचाया जाए, जिसकी शुरुआत 17 फरवरी को मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश संगठन की बैठक से होगी। मंडल स्तर पर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और बीएलए के सम्मेलन होंगे, जिसमें पार्टी का लक्ष्य है कि सभी बूथों को मजबूत किया जाए। विशेषकर जहां, पिछले चुनावों में हारे गए थे। पार्टी द्वारा 23 मार्च को प्रदेश भाजपा सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर 1.5 लाख से 2.0 लाख की संख्या वाली रैली आयोजित की जाएगी, जिसके लिए प्रधानमंत्री मोदी या गृहमंत्री शाह से समय मांगा जाएगा। इसी तरह 17 फरवरी से पार्टी प्रशिक्षण महाअभियान की शुरुआत प्रदेश कार्यशाला से करेगी, जिसके बाद मंडल व जिले स्तर पर प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला संचालित होगी।

### सेवा सुशासन से बजट तक विस्तृत समीक्षा

कोर कमेटी में संगठन के आयोजित कार्यक्रमों-सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक, योग दिवस, एक पेड मां के नाम, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस, आपातकाल का काला अध्याय (50वां वर्ष), तिरंगा यात्रा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, नेक्स्ट जेन, जीएसटी रिफॉर्म, प्रदेश संगठनात्मक कार्यशाला, सरदार पटेल-150 यूनिटी मार्च, वंदे मातरम के 150 वर्ष, जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार, अटल स्मृति वर्ष 2025, वीर बाल दिवस, वीबी-जी राम जी, बजट प्रचार अभियान की समीक्षा की गई।

## स्टेट ब्रीफ

### सीएम ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाशिव रात्रि का पावन पर्व शिव एवं शक्ति की आराधना का पर्व है। यह पर्व हमें प्रेम, एकता और आध्यात्मिक जागरण की प्रेरणा देता है। शिव की असीम कृपा सभी प्रदेशवासियों पर हमेशा बनी रहे और प्रदेश उन्नति एवं खुशहाली के पथ पर हमेशा आगे बढ़ता रहे, इसकी भी सीएम ने कामना की है।

### दो शिक्षकों में मारपीट

**पिथौरागढ़ :** मिशन इंटर कॉलेज में दो शिक्षकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ी कि दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। अन्य शिक्षकों ने बमुश्किल मामले को शांत किया। दोनों ने एक-दूसरे पर मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाल ललित मोहन जोशी ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है।

### आईआईटी में इंडो डेनिश कार्यशाला

**रुड़की :** भारत और डेनमार्क के बीच स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को मजबूती देते हुए आईआईटी रुड़की में कोडिजिटलाइज्ड ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम पर इंडो-डेनिश हितधारक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में नीति-निर्माताओं, राजनयिकों, उद्योग प्रतिनिधियों और शोध विशेषज्ञों ने ग्रीन हाइड्रोजन एकीकरण, डिजिटल ऊर्जा प्रणालियोंपर विचार विमर्श किया गया।

# मेडिकल की डिग्री के साथ जुड़ा है मानवता की सेवा का दायित्व: नड्डा

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने किया स्वामी राम हिमालयन विवि के दीक्षांत समारोह को संबोधित

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जौलीग्रांट स्थित स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न संकायों में डिग्री प्राप्त करने वाले 1001 छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दीक्षांत केवल एक शैक्षणिक पड़ाव नहीं, बल्कि जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है। डिग्री के साथ मानव निर्माण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के अगले 25 वर्ष विकसित भारत के निर्माण के निर्णायक वर्ष होंगे, जिनमें आज के युवा साक्षी ही नहीं, कर्ताधर्ता भी बनेंगे।

प्राप्त शिक्षा का उपयोग मानवता, गरीब और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए करने का आह्वान उन्होंने किया।



दीक्षांत में एक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री धामी, साथ में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा। ● अमृत विचार

### युवा शक्ति ही उत्तराखंड और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत: सीएम धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संबोधन दिया कहा कि उत्तराखंड की युवा शक्ति राज्य की सबसे बड़ी ताकत है और स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय ने शिक्षा, चिकित्सा और जनसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, टेलीमेडिसिन, पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में केंद्र सरकार और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का उल्लेखनीय सहयोग मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड के तीसरे दशक की अवधारणा के अनुरूप उत्तराखंड में विकास कार्य संपादित किया जा रहे हैं। उन्होंने रिवर्स पलायन, राज्य के जल- जंगल बचाने के लिए लिए गए ठोस निर्णयों, दूरस्थ क्षेत्रों तक सड़क-बिजली-इंटरनेट कनेक्टिविटी की पहुंच, पर्यटन विकास, एसडीजी रैंकिंग, मत्स्य विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हो रहे सकारात्मक बदलावों की से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और संवेदनशीलता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें, ताकि उनके कार्यों में करुणा, मानवता और सेवा की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो।

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्धियों, आयुष्मान भारत योजना, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार, टीबी-मलेरिया-डायरिया उन्मूलन में प्रगति और कैंसर के अर्ली डिटेक्शन जैसी पहलों को रेखांकित किया।

# सीएम धामी के नेतृत्व में शानदार काम कर रही प्रदेश सरकार: नड्डा

- पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सराहा सीएम धामी के नेतृत्व को
- देवभूमि को विकासपथ पर आगे ले जाने के लिए शुभकानाएं भी दीं

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को देहरादून में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रही सरकार की जमकर तारीफ करते हुए, मुख्यमंत्री धामी को भविष्य में भी देवभूमि को विकास के पथ पर आगे ले जाने की शुभकामनाएं दी हैं।

समारोह को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि, वे आज देवभूमि उत्तराखंड में आए हुए हैं, यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूरी ताकत के साथ दिन-रात प्रदेशवासियों की सेवा में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड कनेक्टिविटी, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इससे साफ है कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शानदार काम कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को शानदार कार्य के लिए बधाई देते हुए, भविष्य में भी देवभूमि को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। जेपी नड्डा, भाजपा के निर्वतान राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के साथ ही, केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



गले मिलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पीठ थपथपाते केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा।

### उत्तराखंड में जीत की हैट्रिक लगाएगी भाजपा

**देहरादून :** जौलीग्रांट में शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में आयोजित भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पार्टी आगामी दिनों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ विधायकों की बैठक भी आयोजित करने जा रही है जो लोकसभा अनुसार होगी। इस बैठक में संबंधित विधानसभाओं में हुए सरकार के कार्यों और जो थोड़े बहुत कार्य शेष रह गए हैं उनको लेकर चर्चा की जाएगी। ताकि उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए और सरकार के कामों का लाभ अधिक से अधिक जनता को प्राप्त हो। एक अन्य निर्णय के अनुसार, मार्च माह में पार्टी के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मोर्चों की रणनीति तैयार की जाएगी ताकि बूथ स्तर तक सरकार की योजनाओं और पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से पहुंचाया जाए। विशेषकर नवमतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया और पार्टी के साथ अधिक संख्या में जोड़ा जाए। पार्टी इस बार सभी 70 विधानसभा में जनता का अधिक से अधिक आशीर्वाद हासिल करने की दृष्टि से आगामी कार्यक्रम संचालित करेगी। आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में हैट्रिक हासिल करने के संकल्प पर प्रदेश कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

# कुंभ से पहले सवरेंगे अतिथि गृह

- सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार ने किया औचक निरीक्षण
- व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राज्य में आने वाले विशिष्ट अतिथियों और अधिकारियों को उच्च स्तरीय आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवास एवं राज्य संपत्ति विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने शनिवार को देहरादून से लेकर हरिद्वार तक विभिन्न राजकीय गेस्ट हाउसों का निरीक्षण किया। यह दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को जमीनी स्तर पर परखा और उन्हें आधुनिक मानकों के अनुरूप ढालने की हिदायत दी।

सचिव ने गेस्ट हाउसों की संरचना, अनुरक्षण, स्वच्छता, सुरक्षा, फर्नीचर, विद्युत एवं अग्निशमन व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य की छवि इन अतिथि गृहों से भी जुड़ी होती है, इसलिए यहां ठहरने वाले अतिथियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलना अनिवार्य है।

रिनोवेशन कार्यों की गुणवत्ता, किचन की साफ-सफाई, फायर सेफ्टी सिस्टम की मजबूती और समग्र सौंदर्यीकरण को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए। साथ ही आगामी कुंभ मेला 2027 को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध और मानक अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सचिव ने कहा कि अतिथि गृह केवल भवन नहीं, बल्कि राज्य की आतिथ्य परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं।



सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# स्टार एथलीट, स्टूडेंट्स के साथ करेंगे साइक्लिंग

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** फिटनेस और युवा एनर्जी का एक वाइब्रेंट हब बनने के लिए तैयार है, क्योंकि फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 61वां एडिशन उत्तराखंड की राजधानी में शुरू हो रहा है।

यह इवेंट रविवार सुबह 7:30 बजे परेड ग्राउंड, देहरादून में आयोजित किया जाएगा। यह देश भर में होने वाले इस मूवमेंट के एक खास कैंपस-फोकस्ड एडिशन के लिए टॉप एथलीट, कॉलेज स्टूडेंट्स और फिटनेस के शौकीनों को एक साथ लाएगा। आने वाला एडिशन कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज़ के बीच फिट इंडिया मूवमेंट की बढ़ती पहुंच को दिखाता है, जो युवा भारतीयों को साइकिलिंग और एक्टिव लाइफस्टाइल को जीवनशैली के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। देहरादून एडिशन में स्टार पावर और प्रेरणा जोड़ने के लिए जाने-माने खिलाड़ियों की एक खास लाइन-अप होगी। इस ग्रुप को लीड कर रही हैं नूपुर श्योराण, जो महिला हैवीवेट बॉक्सिंग में भारत के जाने-माने नामों में से एक हैं। कई बार वर्ल्ड बॉक्सिंग कप गोल्ड मेडलिस्ट और वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट, श्योराण की मौजूदगी से युवा पार्टिसिपेंट्स को उनके अनुशासन, हिम्मत और इंटरनेशनल सफलता के सफ़र से मोटिवेट होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी मौजूद रहेंगे।

### गंगा नदी में पिकअप गिरी, दो लोग लापता

**देहरादून:** गंगा नदी में गिरा पिकअप वाहन शनिवार को लगभग तीस से अधिक घंटे की एसडीआरएफ के डीप डाइवर्स की कड़ी मशक्कत से बरामद हो गया लेकिन वाहन के चालक और परिचालक की तलाश में अभी भी खोजबीन जारी है।

एसडीआरएफ के कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बताया कि हरिद्वार के ज्वालापुर से कर्णप्रयाग के लिए सब्जी ले जा रहा पिकअप वाहन टिहरी गढ़वाल अंतर्गत तीन धारा के पास गंगा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में संभावित रूप से दो व्यक्ति सवार बताए जा रहे हैं। डीप डाइविंग टीम ने नदी में 25 से 30 फीट गहराई तक उतरकर गहरे पानी में सघन तलाश की। इस दौरान नदी में दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को बरामद किया गया, जिसे पूर्ण रूप से जांचा गया। वाहन के अंदर कोई नहीं मिला।

# महिला सुरक्षा व लॉ एंड ऑर्डर रहेगी प्राथनिकता

- नवागत एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने कार्यभार संभाला
- पुलिस बल का मनोबल व कार्यक्षमता बढ़ाने का रोगा प्रयास

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** नवागत एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद शनिवार को प्रेस वार्ता में अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। एसएसपी डोबाल ने कहा कि, महिला सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति को और अधिक बेहतर करना तथा यातायात सुधार की दिशा में और अधिक महत्वपूर्ण कार्य करने की प्राथमिकता रहेगी।

इस दिशा में और अधिक ठोस प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, पुलिस बल के मनोबल को ऊंचा रखते हुए उनकी कार्यक्षमता को बढाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान एसएसपी ने सांप्रदायिक सौहार्द तथा धार्मिक सामंजस्य को बिगाड़ने का प्रयास करने वालों को स्पष्ट संदेश दिया कि ऐसे अराजक तत्वों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



प्रमेन्द्र सिंह डोबाल, एसएसपी।



नैनीताल में खुशनुमा मौसम के बीच नौकायन करते सैलानी। ● अमृत विचार

### सरोवर नगरी में सामान्य बना रहा मौसम का मिजाज

**नैनीताल, अमृत विचार :** सरोवर नगरी का दिन शनिवार को सामान्य बना रहा। धूप और छांव पूरे दिन रही और देर शाम को धुंध छा गई। नगर में ठंड का एहसास तो नहीं हुआ। न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम सामान्य के करीब रहा, जो 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिन में बादलों का आना जाना लगा रहा और धूप का भी आना जाना लगा रहा। शाम को धुंध छाने से तापमान में कमी आ गई और ठंड में वृद्धि हो गई। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में भी मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। फरवरी का आधा महीना बीत चुका है और बर्फ व बर्फबारी का इंतजार बना हुआ है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र सिंह के अनुसार जलवायु में बदलाव के कारण पहले जैसा मौसम अब देखने को मिल रहा है। अभी सर्दियों के दिन काफी शेष हैं तो संभव है कि बारिश और ओलावृष्टि होगी।

# पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर सैनिक कल्याण निदेशालय में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने वीर शहीदों को नमन करते हुए पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मंत्री जोशी ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में देश ने अपने 40 वीर जवानों को खोया था, जिसकी पीड़ा आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में जीवित है। देश अपने वीर शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलवामा हमले के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। कहा कि बालाकोट एयर स्ट्राइक भारत की सैन्य शक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, जिसके बाद शत्रु राष्ट्र भारत की ताकत को हल्के में लेने की भूल नहीं करेगा। कहा कि किसी भी शहीद को हम वापस नहीं ला सकते, लेकिन उनकी वीरता और बलिदान की गाथाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदनशील रहें।



शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी।

# हाथरस सिटी ने बनाया मोबाइल बुकिंग का रिकॉर्ड

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रेलवे की ओर से डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए लगातार नए कदम उठाए जा रहे हैं। डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग के बीच इज्जतनगर मंडल के 89 स्टेशनों में मोबाइल से टिकट बुकिंग के मामले में हाथरस के रेल यात्रियों ने नया कीर्तिमान बनाया है।

जनवरी के आंकड़ों के अनुसार हाथरस रेलवे स्टेशन में सिटी मोबाइल एप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग में मंडल में प्रथम स्थान पर रहा है। रेलवे की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में कुल 123637 अनारक्षित टिकटों की बिक्री हुई, जिनमें से लगभग 17143 टिकट मोबाइल एप के जरिए बुक किए गए। यह कुल बिक्री का लगभग 13.87 प्रतिशत है। वहीं, 94220 टिकट पारंपरिक काउंटरों से जारी किए गए। मोबाइल टिकटिंग के आंकड़ों में हाथरस सिटी पहले नंबर पर, इज्जतनगर सिटी रेलवे स्टेशन दूसरे और और सिकंदराराऊ रेलवे स्टेशन तीसरे स्थान पर रहा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने रेल यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि वे रेलवन और अन्य एप के माध्यम से मोबाइल टिकटिंग और एटीवीएम जैसी सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग करें।

### उत्तराखंड की ऐपण कला का प्रदर्शन

**देहरादून :** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा शनिवार को आयोजित एक दिवसीय वी उत्सव कार्यक्रम में महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेंगलुरु के कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में भारत के आठ राज्यों ने अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया।

इस मौके पर उत्तराखंड की लोक कला ऐपण को प्रस्तुत करते हुए उत्तराखंड की लोक कलाकार ज्योति जोशी ने ऐपण की महत्ता एवं इसकी परंपरागत विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में आने वाले स्थानीय लोगों द्वारा उत्तराखंड की लोक कला ऐपण को अत्यंत सराहा गया। ज्योति जोशी ने विधानसभा भवन, देहरादून तथा उत्तराखंड विधानसभा भवन (गैरसैंण) में भी ऐपण कला की प्रस्तुति देकर इसकी सुंदरता को स्थापित किया है।

**फैसला** | हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला

# दिव्यांग के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी बरी

- बनभूलपुरा क्षेत्र में मार्च 2018 में हुई थी वारदात
- कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को पलट

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में मानसिक रूप से दिव्यांग युवती के साथ हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म और अपहरण के मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है।

खंडपीठ ने ने वर्ष 2019 की दो अलग-अलग क्रिमिनल अपीलों पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सामूहिक दुष्कर्म की सजा को पलट दिया है। अदालत ने साक्ष्यों के अभाव और फॉरेंसिक नमूनों की सुरक्षा में बरती गई लापरवाही को आरोपियों को बरी करने का मुख्य आधार बनाया है। मामले के अनुसार 7 मार्च 2018 को बनभूलपुरा निवासी एक युवती अचानक लापता हो गई थी, जिसने बरामदगी के बाद इशारों में दो लोगों द्वारा यौन उत्पीड़न की बात कही थी। अदालत ने अपने फैसले में विशेष रूप से फॉरेंसिक साक्ष्यों की 'चेन ऑफ कस्टडी' (कब्जे की श्रृंखला) पर सवाल उठाए। कोर्ट ने आरोपी मूल चंद्र को अपहरण की धारा 363 के तहत दोषी माना है। सजा के मामले में कोर्ट ने मानवीय और कानूनी पहलुओं को ध्यान में रखा।

आरोपी मूल चंद्र को अपहरण के लिए निचली अदालत ने 4 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत को अवगत कराया गया कि वह पहले ही 4 साल से अधिक समय जेल में बिता चुका है। इस तथ्य को देखते हुए अदालत ने आदेश दिया कि यदि वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा कर दिया जाए। अदालत ने भूप सिंह की अपील को पूरी तरह स्वीकार करते हुए उसे सभी आरोपों से बरी कर दिया और तत्काल रिहाई के आदेश दिए।



### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी बरी

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी ठहराए गए एक आरोपी पप्पू की अपील स्वीकार करते हुए उसे बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की पीठ ने अल्मोड़ा के सत्र न्यायालय द्वारा साल 2007 में सुनाए गए तीन साल के कारावास और 10,000 रुपये जुर्माने के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध करने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने में विफल रहा।

# सहमति वाले संबंधों में शादी का वादा टूटना दुष्कर्म नहीं

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए स्पष्ट किया है कि दो वयस्कों के बीच लंबे समय तक रहे सहमति वाले संबंधों में यदि बाद में शादी का वादा टूट जाता है, तो उसे दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। महज शादी का वादा पूरा न कर पाना दुष्कर्म की धारा के तहत अपराध नहीं है, जब तक कि यह साबित न हो कि वादा शुरू से ही झूठा था।

मामले के अनुसार, मसूरी निवासी युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, दोनों के बीच लंबे समय से संबंध थे और आरोपी ने 45 दिनों के भीतर शादी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में मुकर गया।

पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की थी, जिसे आरोपी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। आरोपी के वकील ने तर्क दिया कि दोनों पक्ष वयस्क थे और उनके बीच लंबे समय तक आपसी सहमति से संबंध रहे। उन्होंने दलील दी कि प्राथमिकी में ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं है जो यह दर्शा सके कि रिश्ते की शुरुआत में आरोपी की मंशा धोखा देने की थी।

### यह रहा न्यायालय का विधिक दृष्टिकोण

न्यायमूर्ति आशीष नैथानी ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि एक वयस्क महिला द्वारा दी गई सहमति केवल इसलिए दूषित नहीं हो जाती क्योंकि रिश्ता बाद में विवाह में नहीं बदल पाया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि दुष्कर्म की धारा के तहत अपराध मानने के लिए यह दिखाना आवश्यक है कि शादी का वादा केवल सहमति प्राप्त करने का एक ज़रिया था और आरोपी का इरादा कभी शादी करने का था ही नहीं। अदालत ने पाया कि इस मामले में दोनों पक्ष लंबे समय तक साथ रहे और बार-बार शारीरिक संबंध बनाए, जो शुरुआती धोखाधड़ी के बजाय एक सहमति वाले रिश्ते की ओर इशारा करता है। हाईकोर्ट ने आरोपी युवक के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देहरादून की अदालत में लंबित आपराधिक मामले और 22 जुलाई 2023 की चार्जशीट को पूरी तरह से रद्द कर दिया है।

## सिटी ब्रीफ

### स्कूटी की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**हल्द्वानी :** रामपुर रोड पर निशान शोरूम के पास पैदल जा रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में प्रकाश चन्द्र पुत्र गौरी राम निवासी ग्राम बड़्यूडा तहसील गणाई गंगोली जिला पिथौरागढ़ ने लिखा, 6 फरवरी की सुबह उनका भाई जोगा राम अपनी बेटी को लेकर देवलचौड़ में डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे। निशान शोरूम के पास पीछे से आए स्कूटी सवार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जोगा गंभीर रूप से घायल और उपचाराधीन हैं। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### सुशीला तिवारी क्षेत्र में छह घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी :** टीपीनगर फीडर के अंतर्गत सुशीला तिवारी अस्पताल और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को विद्युत लाइनों के मरम्मत कार्य के चलते करीब छह घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहने से लोगों और व्यापारियों को बिजली न होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग के अनुसार लाइनों के रखरखाव और सुधारीकरण के लिए शटडाउन लिया गया था। कटौती के कारण घरों में पानी की समस्या के साथ व्यावसायिक कामकाज भी प्रभावित रहे। ऊर्जा निगम के ईई एसके गुप्ता का कहना है कि भविष्य में नियमित रूप से आपूर्ति के लिए यह कार्य जरूरी था।

# मतदाता सूची को लेकर है संशय तो बीएलओ को करें कॉल

## केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के लिए शुरू की सुविधा, डिजिटल संपर्क को मिलेगा बढ़ावा, जल्द हल होंगी समस्याएं




कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने डिजिटल के बढ़ते असर को देखते हुए अपनी वेबसाइट पर नई पहल बुक ए कॉल विद बीएलओ सेवा शुरू की है। इसके जरिए नागरिक मतदाता सूची में नाम संशोधन, जुड़ाने, हटाने समेत अन्य समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, पूर्व में लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। कई दफा लोगों की चप्पलें घिस जाती थीं लेकिन मनमाफिक काम नहीं होता था। इसी को देखते हुए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नई डिजिटल पहल शुरू की है। इससे अब मतदाता घर बैठे ही अपने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर अपनी समस्या साझा कर सकते हैं।



तहसील स्थित एनआईसी रूम में बैठक करते एडीएम विवेक राय। ● अमृत विचार

### ऐसे करना होगा काम

**हल्द्वानी :** कोई भी व्यक्ति भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारिक पोर्टल voters.eci.gov.in या ECINET ऐप पर लॉगिन कर बुक ए कॉल विद बीएलओ विकल्प के जरिए अपनी कॉल बुक कर सकता है। इसमें विंडो पर एक फॉर्म खुलेगा जिसमें जरूरी जानकारियां भरने के बाद संबंधित बीएलओ आमतौर पर 48 घंटे के भीतर उक्त व्यक्ति से संपर्क करता है, उसकी समस्या के समाधान की प्रक्रिया समझाता है। इससे पारदर्शिता बढ़ने के साथ ही जवाबदेही भी तय होगी।

### इनका होगा समाधान

नया नाम जोड़ना, नाम हटवाना, नाम या जन्मतिथि में सुधार, पता परिवर्तन व वोटर आईडी से जुड़ी अन्य जानकारी।



आम जन से अपील है कि सभी मतदाता इस सेवा का लाभ उठाएं। मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूत नींव है और इसे सही बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इससे मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी से सीधे संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, मतदाता फोटो पहचान पत्र से संबंधित सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता संबंधी शिकायतें एवं प्रश्न सीधे संबंधित अधिकारी तक पहुंचेंगे तथा उनका समाधान 48 घंटे से पूर्व किया जाएगा। **–ललित मोहन रयाल,** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम नैनीताल

### एसआईआर को भी मिलेगी मजबूती

**हल्द्वानी :** डीएम रयाल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान यह डिजिटल सुविधा बेहद कारगर साबित होगी। इसके माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन किया जा रहा है, जिससे चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ रही है। वहीं, यह पहल प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम कर रही है। तकनीक के माध्यम से आम नागरिकों को त्वरित समाधान मिल रहा है, जिससे चुनावी व्यवस्था पर भरोसा और मजबूत हुआ है।

# कांग्रेस के 643 व भाजपा के 913 बीएलओ नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के एसआईआर में प्राधिकृत बीएलए को लेकर समीक्षा बैठक की**

**अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं उन दलों के प्राधिकृत बीएलए-1 (बूथ लेवल एजेंट) के साथ बैठक की। इसमें प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति का आग्रह किया है।

एडीएम राय ने कहा कि जनपद की छह विधानसभा सीटों पर अब तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 643 और भारतीय जनता पार्टी ने 913 बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति की है। अन्य राजनीतिक दलों से भी शीघ्र बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि प्री एसआईआर में बूथ लेवल अधिकारी वर्ष 2003 की मतदाता सूची के मतदाताओं का वर्तमान मतदाता सूची का बीएलओ ऐप से मिलान कर रहे हैं। जिले में 8,14,878 मतदाता हैं, जिनके सापेक्ष 6,31,277 मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त 1 फरवरी से 15 फरवरी तक युवा एवं महिला मतदाताओं की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर संपर्क एवं समन्वय संवाद स्थापित कर रहे हैं। इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हंसा दत्त पांडे, हरीश चंद्र, प्रकाश पटवाल, प्रकाश पाठक, मनोज शर्मा, प्रताप सिंह रैकवाल, बहादुर सिंह नगदली आदि रहे।

# हवाई फायरिंग करने पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**हल्द्वानी :** जिला प्रशासन ने एक रिसॉर्ट गेट पर फायरिंग और स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार पर एक व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया है।

अधिकारियों के अनुसार, बहादुर सिंह बिष्ट पुत्र राम सिंह बिष्ट निवासी परमपुर धमोला ने एक रिसॉर्ट में ड्यूटी पर तैनात गार्ड व रिसेप्शन स्टाफ के साथ अभद्रता की और रिसॉर्ट के गेट पर हवाई फायरिंग की। जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना। यह बहुत ही गंभीर प्रकरण है। इस प्रकरण में शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों एवं आयुध अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन है।

नैनीताल डीएम ललित मोहन रयाल ने अभियोजन पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद बहादुर सिंह बिष्ट का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने का आदेश जारी किया है। बिष्ट की रिसॉर्ट गेट पर फायरिंग से सार्वजनिक शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी।

डीएम ललित मोहन रयाल ने स्पष्ट किया कि शस्त्र लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बेरोजगारों का गैंग और ठाठ राजकुमारों वाले

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडी परिसर में बीते बुधवार देर रात जो मंजर सामने आया, उसने पूरे शहर को हैरत, खौफ और अफसोस में डुबो दिया। लिव-इन में रह रहे प्रेमी युगल शुभम और लक्ष्मी को पत्थर से कुचलकर बेरहमी से मार डाला गया। इस नृशंस हत्याकांड का खुलासा तो हो गया, लेकिन कई सवाल अब भी खड़े हैं। 20 से 25 साल के इन बेरोजगार हत्यारोपियों के ठाठ-बाट में कोई कमी नहीं थी। सवाल यह है कि ये इतना पैसा कहां से लाते थे।

पुलिस ने जिन चार हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें वसुंधरा कालोनी बरेली रोड धानमिल निवासी 25 साल का गौरव नेगी उर्फ अक्कू ठाकुर पुत्र स्व. उमेश सिंह, तीनपानी खन्ना फार्म डी क्लास बरेली रोड निवासी 20 वर्षीय सौरभ भट्ट उर्फ भटिया पुत्र विनोद चंद्र भट्ट, वसुंधरा कालोनी बरेली रोड धानमिल निवासी 20 वर्षीय दीपू शर्मा उर्फ ध्रुव पुत्र स्व. नन्हू लाल और उत्तरांचल विहार बड़ी मुखानी पीलीकोठी निवासी 25 साल का दीपेश लटवाल उर्फ राज पुत्र बहादुर सिंह लटवाल है।

पुलिस जांच में सामने आया कि बुधवार रात शुभम और लक्ष्मी की हत्या से पहले हत्यारोपियों ने उन्हीं के साथ शराब और ड्रग्स पार्टी पर तकरीबन 8 हजार रुपए खर्च किए थे। मृतका लक्ष्मी की जेब से करीब 10 से 12 हजार रुपए बरामद हुए थे।

ये सभी महंगे मोबाइल, ब्रांडेड जूते और कपड़े पहनते थे। पार्टी के दौर हर रोज होते थे और हर रोज हजारों रुपए खर्च होते थे। जांच में पता लगा कि गौरव नेगी उर्फ अक्कू ठाकुर पर 11 और दीपेश लटवाल उर्फ राज पर तीन मुकदमे दर्ज हैं। इन पर दर्ज अधिकांश मुकदमे नशा तस्करी से जुड़े हैं। पुलिस का मानना है कि नशा तस्करी से ही ये मोटी कमाई करते थे। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि गैंगेस्टर अक्कू की कमाई का जरिया नशा ही था।

### मां धोती थी बर्तन बेटा बन गया बदमाश

**हल्द्वानी :** लिन-इन पार्टनर्स की हत्या समेत 12 मुकदमे सिर पर लाद चुके अक्कू ठाकुर के पिता की मौत हो चुकी है। जिसके बाद बच्चों की परवरिश का जिम्मा अक्कू की मां पर आ गया। बच्चों को अच्छी जिंदगी देने के लिए उसने घर अक्कू की मां ने घरों में बर्तन माजने का काम शुरू कर दिया। वह दिन-रात मेहनत करती, लेकिन अक्कू हाथ से निकल गया। महज 20 साल की उम्र में वर्ष 2020 में अक्कू पर मारपीट का पहला मुकदमा दर्ज हुआ। इसके बाद वह जरायमद के दलदल में धंसता चला गया। अगले ही साल उस पर हत्या के प्रयास का मुकदमा हुआ। वर्ष 2022 में उसने ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम दिया और गैंगेस्टर बन गया। वर्ष 2026 तक उस पर 12 मुकदमे दर्ज हो गए।

### बहेड़ी के ड्रग माफिया का गुर्गा है दीपेश है उर्फ राज!

अक्कू की गैंग में दूसरा बड़ा नाम है दीपेश लटवाल उर्फ राज का। राज पर तीन मुकदमे हैं और चौथा ताजा मुकदमा हत्या का है। दीपेश पर पहले मुकदमा एनडीपीएस (नशा तस्करी) का वर्ष 2019 में हुआ। इसी वर्ष एनडीपीएस का एक और मुकदमा हुआ। वर्ष 2023 में उस पर तीसरा मुकदमा हुआ। ऐसा माना जा है कि दीपेश, बहेड़ी के ड्रग सिंडिकेट से जुड़ा है। ये अपने साथियों के साथ मिलकर पहले आम नशेड़ियों को नशा बेचते थे, लेकिन जिसे उधार न देते वो पुलिस के पास पहुंच जाता है। पुलिस का मानना है कि हाल में ही इन लोगों ने आम नशेड़ियों को नशा बेचना बंद कर दिया और ऐसी जगह माल खपाने लगे, जहां से पुलिस तक सूचना न पहुंचे।

# दिल्ली में पकड़ा गया फरार सुनार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **कई लोगों ने दी थी तहरीर, पत्नी ने लिखाई थी गुमशुदगी**
- **सुनार बोला, सोने के भाव बढ़ने से उस पर हो गया था काफी कर्ज**



**अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र के लामाचौड़ से स्कूटी छोड़कर अचानक लापता हुए सर्राफा कारोबारी को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर लिया है। हाथ आए कारोबारी ने बताया कि अचानक सोने के भाव में अप्रत्याशित तेजी की वजह से उस पर काफी कर्ज हो गया था। इसी वजह से वह भागा था। थाने लाकर पुलिस ने आरोप लगाने वालों से उसकी आमने-सामने बातचीत कराई और खातों की पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में ठगी या गबन जैसे आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। कारोबारी ने लेनदारी स्पष्ट करते हुए जिन-जिन लोगों के पैसे और जेवर उसके पास बकाया थे, उन्हें लौटाने का भरोसा दिया है।

थाना प्रभारी मुखानी सुशील जोशी के मुताबिक, लामाचौड़ निवासी एक महिला ने अपने पति के अचानक गायब होने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पति सर्राफा व्यवसाय से जुड़ा है। उसके लापता होने के बाद कुछ लोगों ने नगद रकम और जेवर गायब करने के आरोप लगाए। बाद में उसकी स्कूटी लामाचौड़ क्षेत्र में लावारिस हालत में मिली, जिससे संदेह और गहरा गया।

पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर कारोबारी की लोकेशन ट्रेस की और उसे दिल्ली से बरामद कर मुखानी थाने लाए। यहां आरोप लगाने वालों को बुलाकर बातचीत कराई गई। कारोबारी ने अपने बैंक खातों और लेन-देन का ब्योरा दिखाया। जांच में सामने आया कि कुछ लोगों से उसकी देनदारी थी और कुछ से उसे रकम लेनी थी।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि शिकायतकर्ताओं और सर्राफा कारोबारी के बीच संवाद के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मामला ठगी या गबन का नहीं है। कारोबारी ने बताया कि सोने के दाम अचानक बढ़ने से उसे आर्थिक दबाव झेलना पड़ा। ज्वैलरी तैयार कराने के लिए पहले ली गई रकम पर नुकसान होने लगा, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान होकर चला गया था। थाने में औपचारिक कार्रवाई के बाद उसे पत्नी की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है।

# सरे बाजार में महिला से झपटा सोने का लॉकेट

**हल्द्वानी :** यहां साहूकारा लाइन बाजार में खरीदारी कर रही महिला के गले से बाइक सवार दो युवकों ने सोने का लॉकेट झपट लिया। विरोध करने पर लुटेरे उसे धक्का देकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

मल्ला बमौरी लालडांठ निवासी ललिता ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को उनकी छोटी बहन पूर्णिमा घरेलू सामान लेने बाजार गई थी। इसी दौरान साहूकारा लाइन में पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने अचानक झपट्टा मारा और गले से सोने का लॉकेट छीन लिया। वारदात के दौरान बदमाशों ने महिला को धक्का दे दिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ी। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग बदमाशों के पीछे दौड़े, लेकिन भीड़भाड़ का फायदा उठाकर दोनों आरोपी भाग निकले।

# डीएम ने पांच बदमाशों को किया जिला बदर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम ने नैनीताल में कानून व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से पांच बदमाशों को गुंडा एक्ट के अंतर्गत छह माह के लिए जिला बदर किया है। इस अवधि में इन सभी बदमाशों का जनपद की सीमा में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

अधिकारियों के अनुसार, मुखानी थाना क्षेत्रांतर्गत तपन दास पुत्र विनोद दास के खिलाफ आईपीसी के तीन तथा आयुध अधिनियम का एक केस दर्ज है। कालाढूंगी थाना क्षेत्रांतर्गत गुलजारपुर चकलुवा निवासी राकेश कुमार पुत्र सोबन राम पर एनडीपीएस एक्ट के चार मामले दर्ज हैं। रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवलालपुर निवासी योगेश सागर पुत्र छत्रपाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम, आईपीसी, गैंगस्टर एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के तहत विभिन्न मुकदमे पंजीकृत हैं। लालकुआं थाना क्षेत्र में जयपुर बीसा निवासी कृपाल सिंह उर्फ सोनू पुत्र राम सिंह तथा धौला बाजपुर क्षेत्र के विजय कुमार आर्य पुत्र मदनलाल के खिलाफ आबकारी एक्ट के पांच-पांच मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिपोर्ट एवं रिकॉर्ड के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल ने इन सभी को गुंडा घोषित करते हुए जनपद से छह माह के लिए निष्कासित करने के आदेश जारी किए हैं। डीएम ने स्पष्ट किया है कि जनपद में पराधों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हो सके।

# सूपी में पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**धानाचूली :** थाना मुक्तेश्वर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूपी (काफली) में ग्रामीण का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव नीचे उतारकर पंचायतनामा की कार्रवाई की।

मृतक की पहचान पदम सिंह मेहता (53 वर्ष) पुत्र मदन सिंह मेहता, निवासी ग्राम सूपी, थाना मुक्तेश्वर के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। हालांकि मृतक के कमरे की तलाशी के दौरान कुछ दस्तावेज मिले हैं, जिनमें लेनदेन एवं भुगतान संबंधी विवरण पाए गए। इन दस्तावेजों को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि पदम सिंह गांव में अकेले रह रहा था, जबकि पत्नी और तीन बच्चे हल्द्वानी में रहते हैं।

# ई-रिक्शा की टक्कर से दरोगा के पति की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी रोड पर पशु चिकित्सालय के सामने सड़क पार कर रहे व्यापारी को तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने अपनी चपेट में ले लिया। जोरदार टक्कर से व्यापारी उछल कर डिवाइवर से टकरा गया। आनन-फानन में उसे सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक, एलआईयू में तैनात महिला दरोगा का पति था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

चंद्रवती कॉलोनी मुखानी निवासी नरेश तिवारी (49 वर्ष) कारोबारी थे। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार शाम को वह पशु चिकित्सालय के पास सड़क पारकर रहे थे। तभी मुखानी से जेल रोड की ओर जा रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जोरदार टक्कर से वह उछले और सीधा डिवाइडर से टकरा गए। बेस अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। नरेश की पत्नी मीना पांडेय हल्द्वानी एलआईयू में सब इंस्पेक्टर और बेटा सेना में अफसर है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अंतिम संस्कार णें पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हुए। घटना के बाद से हादसे को अंजाम देने वाला चालक ई-रिक्शा समेत फरार है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिये चालक और ई-रिक्शा की शिनाख्त कर रही है।

# युवती को भगा ले जाने का आरोप

- **पुलिस ने समुदाय विशेष के युवक के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**
- **भाजपा पदाधिकारियों ने युवती के पिता से की मुलाकात**

संवाददाता, भीमताल



भवाली में केस दर्ज कराते भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विशेष समुदाय के एक युवक द्वारा खैरना की युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को सौंपी तहरीर के अनुसार आरोपी युवक खैरना से को एक युवती को भगाकर अपने साथ बिजनौर ले गया और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया।

मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने युवती के पिता से मुलाकात की और भवाली कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस से युवती को सुरक्षित बरामद करने के साथ ही आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा कि क्षेत्र में बाहर से आए लोग भोली-भाली युवतियों को बहला फुसलाकर अपने प्रभाव में ले लेते हैं और शादी के नाम पर भगा ले जाते हैं। कहा कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट प्रकाश, निवर्तमान प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भावना मेहरा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भवाली शुभम कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## तकनीक

### रिमोट मोड पर चलने लगे गौजाजाली क्लस्टर के नलकूप, अधिकारी मोबाइल से कर रहे हैं मॉनिटरिंग

# 32 नलकूपों की सेहत पर कंप्यूटर से रखी जा रही 24 घंटे नजर

- **स्मार्ट सिस्टम से बिजली की बचत और जनता को निर्बाध सप्लाई**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर की पेयजल व्यवस्था अब पुरानी पारंपरिक निगरानी से बाहर निकलकर पूरी तरह डिजिटल हो गई है। शहरी पेयजल योजनाओं के तहत शहर के गौजाजाली उत्तर क्लस्टर (पेरी-अर्बन योजना) में स्थापित सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन ऑटोमेशन सिस्टम शुरू कर दिया गया है। पुराने 32 नलकूप को इससे जोड़ा गया है।

अब पंपों के संचालन से लेकर पानी की एक-एक बूंद के डिस्चार्ज की निगरानी सीधे कंप्यूटर और मोबाइल स्क्रीन पर की जा रही है। इस ऑटोमेशन सिस्टम की सबसे बड़ी विशेषता इसकी 'रियल-टाइम मॉनिटरिंग' है। वेब-आधारित प्रणाली के जरिए अब विभाग के अधिकारी कहीं से भी ट्यूबवेल की लाइव स्थिति देख सकते हैं। इसमें पंप की वर्तमान स्थिति, बिजली की खपत, वोल्टेज का स्तर और सबसे महत्वपूर्ण भूजल स्तर (स्प्रिंग लेवल) की सटीक जानकारी मिल रही है। डेटा के अनुसार, वर्तमान में सिस्टम पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहा है और सुरक्षित वोल्टेज पर पानी का सुचारू डिस्चार्ज सुनिश्चित कर रहा है। इस सिस्टम से नलकूपों के फुंकने का खतरा कम हो जाता है तथा सिंचाई व पीने के लिए पर्याप्त पानी मिलता है।



हल्द्वानी के एक नलकूप पर लगा स्मार्ट सिस्टम। ● अमृत विचार

### वोल्टेज कम होते ही सिस्टम भेजेगा अलर्ट

तकनीक के आने से अब पंपों के फुंकने या तकनीकी खराबी के कारण घंटों पानी सप्लाई ठप होने की समस्या दूर होगी। यदि वोल्टेज में उतार-चढ़ाव होता है या पानी का दबाव कम होता है, तो सिस्टम तुरंत संबंधित अधिकारियों को अलर्ट भेज देता है। इससे बड़ी तकनीकी खराबी आने से पहले ही उसे दुरुस्त करना संभव हो गया है।

गौजाजाली उत्तर क्लस्टर में सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन ऑटोमेशन सिस्टम को शुरू कर दिया गया है। इस तकनीक के माध्यम से हम न केवल बिजली की बचत कर रहे हैं, बल्कि ग्राउंड वाटर लेवल और पानी के डिस्चार्ज पर भी हमारी 24 घंटे नजर है। इसका सबसे बड़ा फायदा जनता को होगा, क्योंकि अब किसी भी तकनीकी समस्या का समाधान तुरंत किया जा सकेगा और पानी की बर्बादी रुकेगी।
**–योगेंद्र सिंह रावत,** सहायक अभियंता पेयजल निगम

# पेंशनर्स ने मांगें पूरी न होने पर जताया रोष

**हल्द्वानी :** अरुणोदय धर्मशाला में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर संगठन की बैठक लीलाधर पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महिला व पेंशनर्स की सदस्यता बढ़ाने व संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया।

वक्ताओं ने 31 दिसंबर और 30 जून को सेवानिवृत्त पेंशनर्स को अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने, पेंशन राशिकरण अवधि 15 से घटाकर 11 साल किए जाने में हो रही देरी पर पर नाराजगी व्यक्त की। सवर्ण शक्ति संगठन के संयोजक प्रकाश हरबोला ने 21 फरवरी को यूजीसी कानून के विरोध में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने की अपील की। बैठक में बीडी जोशी के निधन और पुलवामा हमले के शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# होटल के कमरे में मरा मिला बीआरओ कर्मी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौट रहे कर्मी ने लिया था होटल में कमरा**

**अमृत विचार :** पिथौरागढ़ निवासी व बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) में कार्यरत कर्मी की यहां एक होटल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। प्राथमिक तौर पर मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस ने सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय भीम सिंह पुत्र धाम सिंह वर्तमान में चंडीगढ़ में तैनात थे। वह अवकाश पर अपने पैतृक गांव पिथौरागढ़ आए हुए थे। शुक्रवार को वह ड्यूटी पर लौटने के लिए रवाना हुए, लेकिन देर हो जाने के कारण रोडवेज क्षेत्र के पास स्थित एक होटल में ठहर गए।

शनिवार सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो होटल कर्मचारियों को अनहोनी की आशंका हुई। सूचना पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो भीम सिंह अचेत पड़े थए। तत्काल उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सलाय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि कुछ संदिग्ध नहीं मिला है।

## सिटी ब्रीफ

### कॉर्बेट में फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल 18 को

**रामनगर :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में फायर सीजन को देखते हुए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में 18 फरवरी को प्रस्तावित फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल से पहले एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक राहुल मिश्रा ने बताया कि मॉक ड्रिल 18 फरवरी को कॉर्बेट के धनगढ़ी क्षेत्र में आयोजित की जाएगी।

### गिरिजा मंदिर श्रद्धालुओं के लिए 28 तक बंद

**रामनगर :** प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर के टीले में सिंचाई विभाग द्वारा किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों के कारण मंदिर 28 फरवरी तक बंद रहेगा। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि गिरिजा मंदिर के टीले में रामनगर सिंचाई विभाग द्वारा सुरक्षात्मक कार्य चल रहा है। पहले मंदिर को 12 फरवरी तक बंद करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन कार्य पूरा नहीं होने के कारण इसे अब 28 फरवरी तक बंद रखा गया है। वर्तमान में टीले के प्रवेश द्वार पर ही कार्य किया जा रहा है। हालांकि, सिंचाई विभाग ने कार्य के लिए 10 मार्च तक का समय मांगा था, लेकिन अधिकारियों ने 28 फरवरी तक का ही समय दिया है। एसडीएम ने निर्देश दिए हैं कि सिंचाई विभाग कार्य की गति बढ़ाते हुए निर्धारित समय तक इसे पूरा करे। कार्य पूर्ण होने के बाद मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोलने की अनुमति दी जाएगी। इस समय टीले के स्थान पर स्थित समिति परिसर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवती की पूजा जारी है।

### कुलपति डॉ. चौहान को प्रो. श्रीनिवासन मेमोरियल अवॉर्ड

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान को प्रतिष्ठित प्रो. एमआर श्रीनिवासन मेमोरियल लेक्चर एवं ओरेशन अवॉर्ड से नवाजा गया है। दिल्ली में आयोजित 52वें डेयरी इंडस्ट्री कॉन्फ्रेंस के दौरान इंडियन डेयरी एसोसिएशन द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान को यह पुरस्कार डेयरी विज्ञान, अनुसंधान और कृषि उन्नयन में उनके विशिष्ट योगदान के लिए मिला है, जिसके साथ उन्हें 50 हजार रुपये की सम्मान राशि भी भेंट की गई। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और शिक्षकों ने इसे संस्थान की अनुसंधान उत्कृष्टता का प्रमाण बताते हुए उत्तराखंड के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कुलपति को बधाई दी है।

## सचिवालय का घेराव करेंगे मिनिस्ट्रियल कर्मी

**नैनीताल :** लोनिवि के मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों का पारस्परिक स्थानांतरण की मांग को लेकर कार्यबहिष्कार लगातार जारी है। कर्मचारियों ने मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। इसी क्रम में 18 फरवरी को देहरादून स्थित सचिवालय का घेराव किया जाएगा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष हिमेश सनवाल ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पारस्परिक स्थानांतरण की मांग लंबित है, लेकिन अब तक शासन स्तर पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही कर्मचारियों की मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### बीते वीकेंड की तुलना में बढ़ा पर्यटन कारोबार, मैदानी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी का असर, नैनीताल का मौसम बना सैलानियों की पहली पसंद

# वीकेंड पर पर्यटकों की आमद से सरोवर नगरी रही गुलजार

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में वीकेंड पर उमड़े पर्यटक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मैदानी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी के बीच सप्ताहांत पर सरोवर नगरी नैनीताल पर्यटकों की भारी आमद से गुलज़ार नजर आई। बीते वीकेंड की तुलना में इस बार पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली, जिससे होटल व्यवसाय, रेस्टोरेंट, टैक्सी संचालकों और स्थानीय कारोबारियों के चेहरे खिल उठे। गुलाबी ठंड और हल्की धूप के बीच यहां का मौसम पर्यटकों के लिए बेहद खुशनुमा बना रहा।

शनिवार और रविवार को नगर के प्रमुख पर्यटन स्थलों नैनी झील, माल रोड, स्नो व्यू, टिफिन टॉप, केव गार्डन और हिमालय दर्शन प्वाइंट पर पर्यटकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही नैनी झील में नौकायन का आनंद लेने के लिए पर्यटकों की कतारें लगी रहीं, जबकि शाम होते-होते माल रोड पर चहल-पहल बढ़ गई। होटल एवं गेस्ट हाउस संचालकों के अनुसार इस वीकेंड पर अधिकांश होटल 70 प्रतिशत तक भरे रहे। अचानक बढ़ी पर्यटक संख्या से स्थानीय पर्यटन कारोबार को अच्छा लाभ मिला। रेस्टोरेंट, कैफे और स्थानीय हस्तशिल्प दुकानों में भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी। कारोबारियों का कहना है कि फरवरी माह में इस तरह की भीड़ पर्यटन सीजन के अच्छे संकेत दे रही है।

**मौसम बना मुख्य आकर्षण:** नैनीताल में इन दिनों गुलाबी ठंड के साथ हल्की गर्माहट वाला संतुलित मौसम बना हुआ है, जो न तो ज्यादा ठंडा है और न ही अधिक गर्म।

### मैदानी इलाकों की गर्मी बनी वजह

दिल्ली, यूपी और अन्य मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ने लगा है, जिसके चलते लोग ठंडक और सुकून की तलाश में पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। पर्यटकों का कहना है कि नैनीताल का सुहावना मौसम, साफ आसमान और हल्की ठंड उन्हें खास आकर्षित कर रही है। दिन में हल्की धूप और सुबह-शाम की ठंडक ने मौसम को मनमोहक बना दिया है।

### ट्रैफिक दबाव भी बढ़ा

पर्यटकों की बढ़ती संख्या के चलते नगर में यातायात दबाव भी देखने को मिला। खासकर वीकेंड पर प्रवेश मार्गों और माल रोड क्षेत्र में वाहनों की भीड़ लगी रही। पुलिस और ट्रैफिक कर्मियों को यातायात व्यवस्था संभालने में मशक्कत करनी पड़ी।

### कारोबारियों में उत्साह

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से पर्यटन गतिविधियों में आई तेजी से आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं। यदि आने वाले वीकेंड पर भी इसी तरह पर्यटक पहुंचते रहे तो पर्यटन सीजन बेहतर रहने की उम्मीद है।

# बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित करने की मांग, रणनीति की तैयार

### 18 फरवरी को प्रस्तावित रैली को सफल बनाने को लेकर संघर्ष समिति की बैठक

संवाददाता, लालकुआं



बिंदुखत्ता राजस्व गांव की मांग को लेकर रैली के संबंध में बैठक करते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित करने की मांग को लेकर 18 फरवरी को प्रस्तावित रैली को सफल बनाने को लेकर संघर्ष समिति की बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा क्षेत्रवासियों से सपरिवार रैली में शामिल होने की अपील की गई।

कार रोड स्थित बिंदुखत्ता में आयोजित बिंदुखत्ता संघर्ष समिति की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित किए जाने की पूर्व घोषणा को निरस्त किए जाने से क्षेत्रवासी स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। साथ ही वनाधिकार समिति की पत्रावली को आपत्तियों सहित वापस भेजे जाने की भी कड़ी निंदा की गई। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने के आंदोलन में सभी लोग दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक मंच पर एकत्र हैं। उन्होंने समिति के नेतृत्व में एकजुट होकर आंदोलन को अंतिम परिणाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से ज्ञापन तैयार करने, बैनर-पोस्टर बनाने तथा क्षेत्रवासियों को सभा स्थल तक लाने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। यह भी तय किया गया कि संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन पुष्कर दानू एवं कैप्टन इंद्र हीरा सिंह बिष्ट संयुक्त रूप से करेंगे। बैठक में बिंदुखत्ता संयुक्त संघर्ष समिति के कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, सूबेदार मेजर कुंदन सिंह मेहता, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू, पुष्कर सिंह दानू, नवीन पपोला, अर्जुन नाथ गोस्वामी, भुवन चंद्र जोशी, श्याम सिंह रावत, हरीश बिसौती, गुरदयाल सिंह मेहरा, प्रमोद कालोनी, कुंदन सिंह चुफाल, रमेश कुमार, राजपाल, भरत नेगी, बिशनदत्त जोशी, विमला रौथान, दीपक जोशी, प्रदीप बथ्याल, उमेश भट्ट, कैप्टन हीरा सिंह बिष्ट, रंजीत सिंह गढ़िया, भगत सिंह बिष्ट, गोविंद वल्लभ भट्ट, राजेंद्र सिंह चौहान, कैप्टन खुशाल सिंह कोश्यारी, दलबीर सिंह कफोला, प्रभात पाल, नंदन बोरा, हीरा सिंह गड़िया, नरेंद्र सिंह बिष्ट सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रामनगर में पुलिस ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**रामनगर:** सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत हम आपको सड़कों पर सुरक्षित चाहते हैं, जागरूक बनें और यातायात नियमों का पालन करें के संकल्प के साथ रामनगर पुलिस द्वारा विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रामनगर पुलिस ने रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सकों के सहयोग से रामनगर महाविद्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर शिविर लगाया। शिविर में क्षेत्र के वाहन चालकों, परिचालकों और अन्य राहगीरों के स्वास्थ्य की जांच की गई। विशेष रूप से चालकों की आंखों और रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि चालक शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं और सुरक्षित तरीके से वाहन चला सकते हैं। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के चालकों और परिचालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आंखों की कमजोरी या उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएं सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। ऐसे में समय पर जांच और उपचार बेहद जरूरी है। सीओ ने आगे कहा कि यदि किसी चालक की आंखों में किसी प्रकार की दिक्कत पाई जाती है, तो उन्हें चिकित्सकों की सलाह अनुसार उचित उपचार कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# फागोत्सव की तैयारियां तेज 23 से होंगे रंगारंग कार्यक्रम



श्रीराम सेवक सभा की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** श्री राम सेवक सभा में शनिवार को आम सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी फागोत्सव को लेकर विस्तृत मंथन हुआ। बैठक की अध्यक्षता मनोज साह ने की, जबकि संचालन जगदीश बावड़ी ने किया। सभी वक्ताओं ने फागोत्सव को भव्य और आकर्षक रूप से आयोजित करने पर जोर दिया और जनसहयोग की अपील की।

बैठक में तय किया गया कि फागोत्सव 23 फरवरी से 4 मार्च तक चलेगा। 23 फरवरी को महिला होली जुलूस एवं स्वांग के साथ तल्लीताल से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 23 एवं 24 फरवरी को महिला दलों की प्रस्तुतियां होंगी, जबकि 25 को महिला होली का आयोजन किया जाएगा। 26 को स्वर्गीय नवीन लाल साह की स्मृति में स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। 27 फरवरी को रंग धारण, चीर बंधन एवं अवाल एकादशी कार्यक्रम आयोजित होंगे। 28 फरवरी को स्वर्गीय लेफ्टिनेंट अंशुमन नयाल की स्मृति में पुरुष होली और बाल कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। 1 मार्च को स्वर्गीय चंद्रशेखर साह की स्मृति में होली एकल गायन प्रतियोगिता होगी, जबकि 2 मार्च को होली रंग जुलूस एवं चीर दहन कार्यक्रम होंगे। फागोत्सव का समापन 4 मार्च को सभा भवन में होली आशीष कार्यक्रम के साथ होगा। संरक्षक घनश्याम लाल साह, पूर्व संरक्षक गिरीश जोशी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी, अशोक साह, विमल बिष्ट चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, विमल साह, राजेंद्र लाल साह, देवेंद्र लाल साह, राजेंद्र बजेठा, गोविंद सिंह, प्रो. ललित तिवारी रहे।




उर्स के मौके पर पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम और ईदगाह कमेटी सदस्य।

## रामनगर में अब्दुल्ला शाह का 54वां उर्स संपन्न

**रामनगर, अमृत विचार :** मोहल्ला खताड़ी स्थित ईदगाह में हजरत अब्दुल्ला शाह बाबा रहमतुल्लाह आलेहि का 54वां उर्स शनिवार को कव्वाली और कुल शरीफ के साथ संपन्न हुआ। उर्स की शुरूआत बुधवार को कुरआने पाक से हुई, गुरुवार को आजीमो शान जलसा हुआ और शुक्रवार को असलम व अकरम सबरी ने कव्वाली प्रस्तुत की। उर्स समारोह के दौरान नगर पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, ईदगाह कमेटी के सदर बाबर खान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी और पूर्व जिला अध्यक्ष इकबाल हुसैन ने दस्तार बंदी कर पगड़ी बांधी। इसके बाद सभी मौजूद लोगों ने अब्दुल्ला शाह बाबा की जियारत कर देश, समाज और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। शनिवार सुबह कुल शरीफ के बाद जायरीनों के लिए लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इस दौरान पालिकाध्यक्ष, सदर, कमेटी के सचिव शमीम अहमद, सभासद तनुज दुर्गापाल, सचिन कुमार, सलमान सलमानी सहित मुस्लिम समाज के अकीदतमंद उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव में गूंजे देशभक्ति के तराने

संवाददाता, रामनगर



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्राम बसई स्थित श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान जहां बच्चों ने सरहद पर तैनात जांबाज सैनिकों के सम्मान में देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर उनका हौसला बढ़ाया, वहीं पंजाब के प्रसिद्ध भांगड़ा नृत्य ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

विद्यालय क्षेत्र का एक पुराना और प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है, जो अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है। वार्षिकोत्सव के अवसर पर देशभक्ति पर आधारित नाटक ने दर्शकों के दिलों में जोश भर दिया, जबकि भ्रष्टाचार और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर आधारित प्रस्तुतियों ने समाज को आईना दिखाने का कार्य किया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक नृत्य, समूह नृत्य और अभिनय के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मंच पर उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षा एवं मीडिया क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नेता भगीरथ लाल चौधरी, राकेश नैनवाल, रिनेशा होटल मैनेजमेंट कॉलेज के संचालक आलोक गुसाईं, जिम कॉर्बेट होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरि सिंह मान, बलविंदर सिंह, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य हिमांशु जोशी, मनप्रीत सिंह आनंद (अध्यक्ष), अवनीत सिंह कोहली (सचिव), मैनेजर इकबाल सिंह आनंद, प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह आनंद, संरक्षक हरविंदर सिंह संटी, उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह कोहली तथा सेक्रेटरी, श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गुरेंद्रपाल सिंह आनंद रहे।

# सफाई कर्मियों को समय मिले से वेतन: वीपी सिंह

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप सिंह ने पर्यावरण मित्रों को ठेकेदार द्वारा समय पर वेतन न दिए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए वेतन समय से उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

नगर पालिका में आयोजित पालिका बोर्ड की बैठक में उन्होंने सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी पालिका के अभिन्न अंग हैं, इसलिए उनकी समस्याओं पर समय-समय पर ध्यान देना आवश्यक है। समीक्षा बैठक में ईओ आलोक उनियाल, पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, विभिन्न वार्डों के सभासद, सफाई निरीक्षक लल्ला मियां, तहसीलदार मनीषा मारकाना, पीडब्ल्यूडी विभाग तथा बैंक विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। भाजपा नेता शुभम उत्तम ने कर्मचारियों की समस्याओं से आयोग के सदस्य को अवगत कराया। इस पर विनय प्रताप सिंह ने आश्वासन दिया कि आयोग जल्द ही सभी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कार्रवाई करेगा। इस मौके पर सफाई नायक सुनील कुमार, मुकेश कुमार, आकाश उत्तम, राजकुमार, रजत राज, अमित कुमार, बॉबी, मंजीत सैनी, रीना, दीक्षा, पलकी, तनिष कुमार रहे।

## गुलदार से सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**धानाचूली :** धारी विकास खंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय खुटियाखाल एवं आंगनबाड़ी केंद्र खुटियाखाल में वन विभाग द्वारा गुलदार से सुरक्षा के उपायों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वन्यजीवों से बचाव और सतर्कता के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए।

बच्चों को अकेले जंगल या सुनसान स्थानों पर न जाने, हमेशा समूह में चलने, विशेषकर शाम के समय अतिरिक्त सावधानी बरतने तथा किसी भी वन्यजीव की गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को देने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप, सहायक अध्यापक संजीव कुमार, वन क्षेत्राधिकारी विजय चंद्र भट्ट, आरक्षी अभय कुमार, मनोज कैड़ा तथा किशन रावत रहे।

**समस्या** | गर्मियों में रहता है पैक लेकिन पानी की किल्लत के कारण नहीं आ रहे पर्यटक

# पानी की किल्लत से जूझ रहा पदमपुरी टीआरसी, पर्यटन पर असर

- सैलानियों को उठानी पड़ रही है भारी परेशानी
- भोजन व्यवस्था तक को नहीं मिल पाता है पानी

संवाददाता, धानाचूली



पदमपुरी स्थित टीआरसी भवन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** धारी विकासखंड के पदमपुरी स्थित पर्यटन आवास गृह (टीआरसी) पिछले कई वर्षों से गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहा है। हालात ऐसे हैं कि पर्याप्त कमरे और सुविधाएं होने के बावजूद पानी की कमी के कारण पर्यटन गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और सैलानियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

टीआरसी में कुल छह कमरे उपलब्ध हैं। इनमें दो डबल बेड वाले कमरों का किराया दो हजार रुपये तथा सिंगल बेड वाले कमरे का किराया 1500 रुपये निर्धारित है। कीमतें आसपास के कई होमस्टे से भी कम होने के बावजूद यहां पानी की समस्या के चलते बुकिंग प्रभावित हो रही है। सर्दियों में ठंड के कारण पहले ही कम पर्यटक पहुंचते हैं, वहीं गर्मियों के सीजन में पानी की कमी पर्यटन कारोबार पर भारी पड़ रही है।

> टीआरसी पदमपुरी में पानी की व्यवस्था सुधारने के लिए विभाग को आगणन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सर्दियों में यहां बुकिंग नहीं के बराबर होती है, लेकिन आगामी गर्मियों के सीजन तक पानी की समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **-विजयनाथ शुक्ल**, जीएम केएमवीएन, नैनीताल

पर्यटन विभाग द्वारा टीआरसी में ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, लेकिन पानी की समस्या के कारण पर्यटकों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। मेस सहित अन्य व्यवस्थाएं भी पानी के अभाव में कई बार बंद करनी पड़ती हैं। गर्मियों के दौरान कई बार सैलानियों को भोजन तक उपलब्ध नहीं हो पाता, जिससे उन्हें मजबूरन बाहरी होटलों का सहारा लेना पड़ता है।

स्थानीय लोगों और पर्यटकों का कहना है कि यदि जल्द ही पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले पर्यटन सीजन में टीआरसी की स्थिति और भी खराब हो सकती है। लोगों ने प्रशासन और पर्यटन विभाग से जल्द स्थायी समाधान निकालने की मांग की है, ताकि पदमपुरी टीआरसी पर्यटन के लिहाज से फिर से सक्रिय हो सके और क्षेत्रीय रोजगार को भी बढ़ावा मिल सके।

# विधायक भगत ने सुनीं जनसमस्याएं


संवाददाता, कालाढूंगी



विधायक बंशीधर भगत का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विधायक बंशीधर भगत के पूर्व विधानसभा क्षेत्र बेतालघाट आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता ने उनका फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागतकिया।मंडल अध्यक्ष प्रताप बोरा की अध्यक्षता में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंपा जलाल के निवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय जनता ने सड़क निर्माण एवं मरम्मत, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई, शिक्षा तथा अन्य मूलभूत समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक बंशीधर भगत ने सभी समस्याओं को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने और लंबित मामलों में अनावश्यक विलंब न करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र ढैला, मंडल अध्यक्ष प्रताप बोरा, मंडल महामंत्री मनोज पलड़िया, गोपाल जैड़ा, आनंद जलाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य मीना आर्या, अर्जुन बोरा, महेंद्र जैड़ा, ग्राम प्रधान प्रताप कुमार, विमला नेगी, शंकर बधानी, महिपाल, बूथ अध्यक्ष शंकर बधानी, बिशन सिंह, बहादुर सिंह नेगी, दयाल सिंह, चित्रा जैड़ा, ऋतु तिवारी, दुर्गा भंडारी, नीमा मेहरा, पानी राम, दर्शन बोरा, मदन बोरा, दिनेश जोशी, भगवत सिंह बोरा और कीर्ति बल्लभ भंडारी रहे।

## फूलों से सजे और रोशनी से जगमगाए शहर के प्राचीन शिवालय



**बेल बाबा मंदिर :** बरेली रोड पर स्थित इस मंदिर को गेंदे के फूलों और विशेष लाइटों से सजाया गया है। हाईवे पर स्थित होने के कारण इसकी चमक दूर से ही भक्तों को आकर्षित कर रही है। यहां महादेव को 'रक्षक' के रूप में पूजा जाता है।



**सिद्धेश्वर महादेव मंदिर :** शहर के इस प्राचीन केंद्र पर विशेष तोरण द्वार बनाए गए हैं। मंदिर के गर्भगृह को सुगंधित पुष्पों से सजाया गया है। यहां की लाइटिंग रात के समय देखते ही बन रही है, जो भक्तों के उत्साह को दोगुना कर रही है।



**पीपलेश्वर महादेव मंदिर :** मंदिर को पारंपरिक दीपों और लड़ियों से जगमगाया गया है। पीपल के विशाल वृक्ष और शिवलिंग के आसपास की गई फूलों की सजावट इसे और भी दिव्य और आध्यात्मिक बना रही है।




**आंवलेश्वर महादेव मंदिर :** यहां की सजावट में प्राकृतिक तत्वों का विशेष प्रयोग किया गया है। मंदिर परिसर को पत्तियों और फूलों की मालाओं से सजाया गया है। मान्यता है कि यहां की गई पूजा आरोग्य प्रदान करती है।



**कालीचौड़ मंदिर :** गौलापार के इस सिद्धपीठ को तंत्र और शक्ति की प्रधानता के अनुसार सजाया गया है। मध्यरात्रि की पूजा के लिए यहां विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे घने पेड़ों के बीच स्थित यह मंदिर बेहद सुंदर नजर आ रहा है।

### सिटी ब्रीफ

## स्मार्ट मीटर से जुड़ी दिक्कतों का समाधान

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम की ओर से उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को गांधी नगर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों ने न केवल उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं, बल्कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों का मौके पर ही समाधान कर जनता को बड़ी राहत दी। अधिशासी अभियंता एसके गुप्ता ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अक्सर उपभोक्ताओं को छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। इस पखवाड़े का मुख्य लक्ष्य उपभोक्ताओं के द्वार पर जाकर उनकी समस्याओं को हल करना है। उन्होंने मौके पर मौजूद टीम को निर्देश दिए कि खराब मीटरों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जाए और बिलिंग संबंधी तकनीकी खामियों को तुरंत दुरुस्त किया जाए।

## यूओयू की ज्योति व प्रियंका ने पास की नेट परीक्षा

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की दो छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यूजीसी-नेट परीक्षा पास की है। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में गृह विज्ञान विभाग की शोधार्थी ज्योति नौला ने जेआरएफ नेट और एमए गृह विज्ञान की शिक्षार्थी प्रियंका ने नेट परीक्षा गृह विज्ञान विषय में उत्तीर्ण की है। विद्यार्थियों ने बताया कि रेगुलर स्टडी, अनुशासन, टाइम मैनेजमेंट और गृह विज्ञान विभाग के शिक्षकों के मार्गदर्शन से सफलता हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और संस्थान को दिया।

# न पुण्यं न पापं न सौख्यं न दुःखं चिदानन्दरूपः...

## महाशिवरात्रि का पर्व आज, कुछ विशेष संयोग इस पर्व को बना रहे हैं शुभ और फलदायी, भक्तों में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अब कि बार, महाशिवरात्रि का पर्व आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत विशेष होने जा रहा है। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर कुछ विशेष योग बन रहे हैं जो इस पर्व को श्रद्धालुओं के लिए फलदायी बना रहे हैं।

ज्योतिषाचार्या डॉ. मंजू जोशी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष फाल्गुन माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। शिवपुराण में वर्णित है, भोलेनाथ के निष्कल यानि निराकार स्वरूप का प्रतीक ''लिंग'' इसी पावन तिथि की महा रात्रि में प्रकट होकर सर्वप्रथम ब्रह्मा और विष्णु के द्वारा पूजित हुआ था। इसी कारण यह तिथि शिवरात्रि के नाम से विख्यात हो गई। महाशिवरात्रि पर्व देवी पार्वती एवं शिव के विवाह की तिथि के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि इस शिवरात्रि सर्वार्थ सिद्धि योग, व्यतिपात योग, बुद्धादित्य योग, कुंभ राशि में सूर्य, शुक्र, बुध, एवं राहु की युति से चतुर्थग्रही योग का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा महाशिवरात्रि पर्व मंगल अपनी उच्च राशि मकर में चंद्रमा के साथ विराजमान होकर महालक्ष्मी योग का निर्माण कर रहे हैं। शिव योग और शुक्रादित्य योग, आयुष्मान योग, का निर्माण भी हो रहा है। इन शुभ योगों से जातक के जीवन में समृद्धि मिलती है।



मां शीतला देवी मंदिर का प्रवेश द्वार। ● अमृत विचार



डॉ. मंजू जोशी।

### शिवरात्रि पर रात में होती है पूजा

डॉ. जोशी ने बताया कि शिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को सायं 5:07 से 16 फरवरी सायं 5:36 तक है। जैसा कि शिवरात्रि से ही विदित हो रहा है कि शिवरात्रि में पूजा रात्रि के समय की जाती है। शिवरात्रि की पूजा चार प्रहर में करने का विधान है। प्रथम प्रहर की पूजा का समय 15 फरवरी की सायं 6 से रात्रि 9:13 तक, दूसरे प्रहर की पूजा का समय रात्रि 9:13 से 12:27 तक, तीसरे पहर की पूजा का समय रात्रि 12:27 से प्रातः 03:42 मिनट और चौथे चरण की पूजा का समय सुबह 3:42 से 6:65 तक होगा।

### ऐसे करें महाशिवरात्रि पर पूजा

ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नित्य कर्म से निवृत्त हो संपूर्ण घर में मंदिर को स्वच्छ कर स्नानादि करने के उपरांत शिवालय जाकर शिवलिंग पर 108 या 11 लोटा जल अर्पित करें। घर के मंदिर में तिल के तेल से अखंड ज्योत प्रज्वलित करें। भोलेनाथ एवं देवी पार्वती की मूर्ति स्थापित करें। पंचामृत से स्नान कराएं। शुद्ध जल से स्नान कराएं। भोलेनाथ एवं देवी पार्वती का श्रंगार करें, देवी पार्वती को सोलह श्रृंगार अर्पित करें। पीले चंदन से तिलक लगाएं। बेलपत्र, भांग, गन्ने का रस, लौंग, इलाइची, शहद, धतूरा, जायफल, कमल गट्टा, फल, मिष्ठान, मीठा पान, इत्र व दक्षिणा चढ़ाएं, सफेद वस्त्र या बागांबरी छाल अर्पित करें। भगवान भोलेनाथ को हल्दी तुलसी के पत्ते ना चढ़ाएं। केसर युक्त खीर का भोग लगाकर प्रसाद वितरित करें। भोलेनाथ के 108 नामों का पाठ करें। शिव पुराण का पाठ भी अति शुभ फल कारक रहेगा।

### ऐसे करें महाशिवरात्रि पर शिवजी को प्रसन्न

- शिवजी को तीन पत्तों वाला 108 बेलपत्र चढ़ाएं।
- भगवान भोलेनाथ को भांग अति प्रिय है इसलिए इस दिन भांग को दूध में मिलाकर शिवलिंग पर चढ़ाएं। 3 .केसर युक्त दूध अर्पित करें इससे जीवन में सुख बढ़ता है।
- जल में गंगा जल मिलाकर शिवजी को अर्पित करें इससे मन प्रसन्न रहता है। रुद्राभिषेक कर सकते हैं।
- जिन जातकों के विवाह में विलंब हो रहा है उन सभी को शिवरात्रि का उपवास कर देवी पार्वती को सुहाग से संबंधित वस्तुएं चढ़ाने से अति शीघ्र विवाह संपन्न होगा। इस उपवास के रखने मात्र से ही सभी तरह के पापों से मुक्ति मिलती है और आत्मा की शुद्धि होती है।

### शिवरात्रि का वैज्ञानिक महत्व

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी महाशिवरात्रि का पर्व विशेष महत्वपूर्ण है इस रात्रि ग्रह उत्तरी गोलार्ध में इस प्रकार अवस्थित होते है कि मनुष्य के भीतर की उर्जा प्राकृतिक रूप से ऊपर की ओर जाने लगती है यानी प्रकृति स्वयं मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में मदद कर रही होती है धार्मिक रूप से बात करें तो प्रकृति उस रात मनुष्य को परमात्मा से जोड़ती है इसका पूरा लाभ मनुष्य को मिल सके इसलिए महाशिवरात्रि की रात में जागरण करने व रीढ़ की हड्डी सीधी करके ध्यान मुद्रा में बैठने की बात कही गई है।

### निर्गुण से सगुण में प्रकट होने का मंगलकारी तिथि है शिवरात्रि : वार्ष्णेय

**हल्द्वानी :** ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि शिव पुराण की विद्येश्वर संहिता के आधार पर यह महापर्व भगवान शिव के ''निर्गुण से सगुण'' (महालिंग) रूप में प्रकट होने का मंगलकारी दिन है। इस बार शिवरात्रि पर सर्वार्थसिद्धि, शिव, लक्ष्मीनारायण और शुक्रादित्य जैसे दुर्लभ राजयोग बन रहे हैं। खगोलीय गणना के अनुसार, चंद्रमा के साथ ग्रहों की विशेष स्थिति का पृथ्वी पर स्थापित शिवलिंगों पर सुखद प्रभाव पड़ेगा। हालांकि इस दिन शाम 5:17 से भद्रा रहेगी, लेकिन पाताल लोक में होने के कारण इसका भक्तों पर कोई दुष्प्रभाव नहीं होगा। आगे अशोक वार्ष्णेय ने बताया पूजा के विशेष मुहूर्त शाम 05:34 से सोमवार सुबह 05:31 तक रहेगा। साथ ही चार प्रहर पूजा का मुहूर्त रविवार शाम 06 से सोमवार सुबह 06:55 तक रहेगा। वहीं महानिशाकाल का मुहूर्त मध्यरात्रि 12:03 से 12:54 बजे तक रहेगा।

## कालाढूंगी, कोटाबाग में कांवड़ियों का स्वागत

**कालाढूंगी :** हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर पहुंचे शिव भक्तों का कालाढूंगी, कोटाबाग और बैलपड़ाव में जगह-जगह मंदिर और पंडाल लगाकर भव्य स्वागत किया गया। महाशिवरात्रि से एक दिन पहले, शनिवार को बम-बम बोल, हर-हर महादेव के जयकारों से क्षेत्र शिवमयी हो गया। कांवड़ियों की थकान मिटाने के लिए जगह-जगह भंडारे लगाए गए। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। जय भोले कांवर समिति, गेबुआ ने भोजन और रात्रि विश्राम की भी व्यवस्था की। समिति के अध्यक्ष विपिन कांडपाल ने बताया कि पिछले छह वर्षों से यह सेवा निरंतर जारी है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल अरुण सैनी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। यहां पंकज बेलवाल, धर्मदत्त सती, कैलाश तिवारी, अमन नैनवाल रहे।



हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों का स्वागत करते विपिन कांडपाल।

## हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठी राम की नगरी

**रामनगर :** शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर कांवड़िये रामनगर हर हर महादेव के उद्घोष के साथ पहुंचे। राम की नगरी में तड़के तीन बजे से ही ऊं नमः शिवाय का उद्घोष करते हुए कांवड़िये नगर में प्रवेश करने लगे। बता दें कि कांवड़िये सबसे पहले प्राचीन गूलर सिद्ध शिव मंदिर में हरिद्वार से लाया गया गंगा जल चढ़ाएंगे। इसके बाद अन्य श्रद्धालु नगर के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना कर भोलेनाथ को जल अर्पित करेंगे। गूलर सिद्ध मंदिर में लगने वाले विशाल मेले का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, और ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मंदिर समिति के डॉ. निशांत पपनै, अशोक कुमार अग्रवाल, सुधीर रुहेला, सुभाष अरोरा समेत अनेक लोग मौजूद रहे। उधर, ढिकुली में हरिद्वार से जल लेकर युवक गरल कंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे।



गूलर सिद्ध मंदिर में शिवरात्रि मेले का शुभारंभ करते विधायक, ब्लॉक प्रमुख एवं अन्य।

## भीम आर्मी व आसपा की सदस्यता ली



भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के संयुक्त सदस्यता अभियान में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गोलछा कंपाउंड स्थित कार्यालय में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के संयुक्त सदस्यता अभियान के तहत एक सभा आयोजित की गई।

कार्यक्रम में जीआर टम्टा मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता आजाद समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद ने की। सभा के दौरान आम आदमी छोड़कर अनवर अंसारी उर्फ अन्ना और सखावत हुसैन ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी की सदस्यता ग्रहण की। नवनियुक्त कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व को मजबूत करेंगे और हल्द्वानी में तीसरे विकल्प के रूप में अपनी दावेदारी पेश करेंगे। कार्यक्रम में सुलेमान मलिक, नफीस अहमद खान, महेश चंद्र, नवीन मूलनिवासी, जीवन चंद्र आर्य, सुरेश चंद्र बेरी, फिरोज खान, आरपी गंगोला, हरीश लोधी, महेश चंद्र आर्य, सलीम अहमद, रितिक कांत, खेम चंद्र आर्य उपस्थित रहे।

## भक्तों ने की बेल, बेर व धतूरा की खरीदारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शिवरात्रि के त्योहार को लेकर शनिवार को बाजार में खूब रौनक देखने को मिली। बड़ी संख्या में भोले के भक्त त्योहार से पहले खरीदारी के लिए उमड़े। भक्तों ने महाकाल को चढ़ावा चढ़ाने के लिए बेर, बेल और बेलपत्र सहित अन्य सामग्री की बढ़-चढ़कर खरीदारी की। इस दौरान भगवान शंकर को चढ़ने वाली अन्य पूजा सामग्री की खरीदारी भी लोगों ने की।

एक दिन के त्योहार को लेकर दुकानदारों में अलग उत्साह देखने को मिला। बाजार में सबसे अधिक खरीदारी बेर की हुई। बेर 50 से लेकर 100 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिका। महाराष्ट्र से आया बड़े आकार के बेर 100 रुपए प्रति किलो, जबकि लोकल का छोटे आकार का बेर 50 से 60 रुपए प्रति किलो बिका। इसी तरह बेल का दाना 15 से 20 प्रति दाना और बेलपत्र 20 रुपए से लेकर मात्रा के अनुसार बढ़ते दाम में बिका।

भोले को धतूरा भी बड़ा प्रिय है। धतूरे का दाना 20 से 30 रुपए प्रति दाना बिक्री हुई। त्योहार से ठीक पहले फलों के दाम भी ऊंचे हो गए। जहां केला सामान्य दिनों में 30 से 40 रुपए दर्जन बिक रहा था। उसकी कीमत बढ़कर 50 से 60 रुपए तक पहुंच गई। इसके साथ ही सेब, संतरा व अन्य फलों की कीमतों में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिली।

## छोटा कैलाश में महाशिवरात्रि मेला शुरू

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** विकासखंड भीमताल के अंतर्गत ग्राम सभा पिनरौ स्थित छोटा कैलाश मंदिर में तीन दिवसीय शिवरात्रि मेले का विधिवत उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल और विधायक राम सिंह कैड़ा ने संयुक्त रूप से किया। अवसर पर स्थानीय महिलाओं एवं ग्रामीणों ने भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्थानीय श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले शिवरात्रि मेले के दौरान पार्किंग की समस्या नहीं रहेगी। इससे पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख एवं आदि कैलाश समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया ने अवगत कराया कि प्रशासन द्वारा जिला पंचायत को 20 नाली भूमि आवंटित की गई है, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। विधायक राम सिंह कैड़ा ने भी मेले के सफल आयोजन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान महिलाओं ने जटेश्वर महादेव से आदि कैलाश मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी, क्षेत्र के ग्राम प्रधान, मंदिर समिति के सदस्य तथा आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चनोतिया, त्रिलोचन पलड़िया, जीत सिंह संभल, डॉ. केदार पलड़िया, खीमा शर्मा, इंजी. महेश कुमार आदि मौजूद रहे।



पिनरौ में शिवरात्रि मेले का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### आस्था का मेला

107 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की निगरानी में होगा छोटा कैलाश मेला, पुलिस के साथ पीएसी, एसडीआरएफ, सीपीयू की भी तैनाती

# छोटा कैलाश : उमड़ा आस्था का सैलाब, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शिवरात्रि आज यानी 15 फरवरी को है, लेकिन छोटा कैलाश में आस्था का सैलाब उमड़ चुका है। छोटा कैलाश में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को लेकर पुलिस सचेत है। मेले की सुरक्षा को लेकर इस बार 107 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

सुरक्षा के मद्देनजर एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। मेले में इंतजाम को लेकर शनिवार को एसपी क्राइम/ट्रैफिक डॉ.जगदीश चंद्र ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों को अमृतपुर अमिया इंटर कॉलेज में ब्रीफ किया। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि पर दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जवानों को पार्किंग व्यवस्था सही से लागू कराने, दर्शनार्थियों को पंक्तिबद्ध तरीके से दर्शन कराने और श्रद्धालुओं से अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं। सुरक्षा को देखते हुए 3 इंस्पेक्टर, 18 एसआई और एएसआई, 61 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल के साथ 25 महिला कांस्टेबल को तैनात किया गया है। इसके अलावा 2 प्लाटून पीएसी, एसडीआरफ की 2 टीम, फायर ब्रिगेड की 2 टीम और सीपीयू के साथ क्रेन तैनात की गई है। ब्रीफिंग के दौरान एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ रविकांत सेमवाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार, कोतवाल भीमताल राजेश यादव आदि थे।



छोटा कैलाश मंदिर में सुरक्षा को लेकर ब्रीफ करते एसपी क्राइम डॉ .जगदीश चंद्र।

### महाशिवरात्रि पर छोटा कैलाश जाने वाले रूट डायवर्जन देखकर निकलें

**हल्द्वानी :** छोटा कैलाश मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया है। जगह-जगह पर पार्किंग भी बनाई गई है। वन-वे सिस्टम के साथ कुछ मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। अमृतपुर से छोटा कैलाश मंदिर रूट को वन-वे बनाया गया है। व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत गेट बानना तिराहा (लामजाला तिराहा) से डायवर्ट कर धूरा तिराहा होते हुए ओपन थिएटर पार्किंग तक भेजा जाएगा। यहां से मंदिर तक पैदल जाना होगा। वापसी के दौरान वाहन भटेलिया गांव से होकर लामजाला तिराहा और अमृतपुर गेट के रास्ते वापस लौट सकेंगे।

- भीमताल से आने वाले वाहनों को जंगलिया गांव से धूरा तिराहा होते हुए ओपन थिएटर पार्किंग में भेजा जाएगा। यहां से श्रद्धालु पैदल मंदिर पहुंचेंगे।
- वापसी में वन-वे व्यवस्था के तहत वाहन भटेलिया गांव से लामजाला तिराहा, धूरा तिराहा अथवा अमृतपुर गेट के रास्ते भीमताल की ओर लौटेंगे।
- अमृतपुर गेट से छोटा कैलाश की ओर सभी भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।
- काठगोदाम से अमृतपुर की ओर टैंपो और ई-रिक्शा के संचालन पर भी रोक रहेगी।
- ओपन थिएटर बैरियर से छोटा कैलाश मार्ग पर चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः बंद रहेगा।
- चारपहिया वाहनों के लिए डाक बंगला पार्किंग और ओपन थिएटर पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं।
- दोपहिया वाहन गिरीश मोटर साइकिल पार्किंग व भास्कर चन्द्र पलडिया मोटर साइकिल पार्किंग में पार्क होंगे।

## क्रिकेट: पत्रकार एकादश ने प्राधिकरण को हराया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कमलुवागांजा स्थित जीएनजी ग्राउंड में शनिवार को पत्रकार एकादश और प्राधिकरण नैनीताल के बीच क्रिकेट मुकाबला खेला गया। पत्रकार एकादश ने प्राधिकरण को 2 विकेट से पराजित कर जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्राधिकरण नैनीताल की टीम की शुरुआत खराब रही। शुरुआती झटकों के बाद सूरज ने मोर्चा संभाला और शानदार 54 रनों की पारी खेलकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। शिवम ने 21 और सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान ने 10 रनों की पारी खेली। प्राधिकरण की पूरी टीम 146 रनों पर सिमट गई। पत्रकार एकादश की ओर से कमल जगाती ने 3 व अंकित साह और दिनेश पांडेय ने 2-2 विकेट लिए। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार एकादश ने आक्रामक शुरुआत की।

सलामी बल्लेबाज जीवन राज ने 18 रन बनाए, जिसमें दो गगनचुंबी छक्के आकर्षण का केंद्र रहे। अंकित साह (13) और कमल जगाती (14) ने 27 रनों की साझेदारी कर पारी को आगे बढ़ाया। दिनेश पांडेय ने भी 12 रन बनाए। मैच जब अंतिम क्षणों में फंसता नजर आ रहा था, तब संतोष जोशी ने 30 रनों की जुझारू पारी खेली और टीम को जीत की दहलीज के पार ले गए।

सिटी ब्रीफ

## नाले में मिला 5-6 माह का भ्रूण, शुरू की जांच

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक नाले में भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, भ्रूण लगभग 5 से 6 माह का बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है ताकि दोषी का पता लगाया जा सके। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बीच लोक-लज्जा के डर से गर्भपात कराने या बेटा-बेटी की चाह में इस अमानवीय कृत्य को अंजाम देने की चर्चाएं बनी रहीं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की आईडी हैक, पैसे उड़ाए

**किच्छा :** साइबर ठगों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की विभागीय 'पोषण ट्रैकर आईडी' हैक कर ली है। पूर्व प्रधान राजकुमार कोहली के नेतृत्व में कोतवाली पहुंची कार्यकत्रियों ने बताया कि वार्ड नंबर-2 की वर्कर कुसुम मौर्य की आईडी हैक कर लाभार्थी के खाते से 1590 रुपये निकाल लिए गए। ठग अब अन्य कार्यकत्रियों को व्हाट्सएप कॉल कर पैसों की मांग कर रहे हैं। आईडी हैक होने से सरकारी धन के गबन की आशंका बढ़ गई है।

## डीआरडीओ कर्मी सहित चार घायल

**बाजपुर :** क्षेत्र में शनिवार को हुए तीन सड़क हादसों में डीआरडीओ कर्मी सहित चार लोग घायल हो गए। पहला हादसा केलाखेड़ा हाईवे पर हुआ, जहां स्कूटी सवार डीआरडीओ कर्मी मनोज कुमार और बाइक सवार गुरदेव सिंह की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। गंभीर रूप से घायल गुरदेव सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों ने हाईवे को वन-वे किए जाने को हादसों का कारण बताया। वहीं, नेहरू रोड पर कुट्टी मशीन के पास बाइक की टक्कर से रोहित सागर घायल हो गए, जबकि हरिपुरा जबरान में कीर्तन देख रही महिला तारा देवी को बाइक सवार ने रौंद दिया।

## छह पदक जीते

**पंतनगर :** जबलपुर (मध्य प्रदेश) में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स चैंपियनशिप में पंतनगर विश्वविद्यालय के कार्मिकों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सुदीष राय ने 40 आयु वर्ग की ट्रिपल जंप में स्वर्ण पदक जीतकर संस्थान का मान बढ़ाया। वहीं, 85 आयु वर्ग में महासचिव धर्मपाल शर्मा ने लॉन्ग जंप में स्वर्ण और शॉटपुट में रजत पदक हासिल किया। रजनीश पांडेय (जैवलिन थ्रो), सुरेश राजपूत (110 मीटर बाधा दौड़) और उर्मिला तडियाल (शॉटपुट) ने कांस्य पदक प्राप्त किए।

# विकास की योजनाएं ले जाएंगी रुद्रपुर को नई ऊंचाइयों पर: धामी

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 295.21 करोड़ की योजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास समेत त्रिशूल चौक का लोकार्पण और त्रिशूल का अनावरण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रुद्रपुर में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित सरस आजीविका मेला 2026 का शुभारंभ हो गया है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीप जलाकर किया। मेला गांधी पार्क में 23 फरवरी तक आयोजित होगा। इस दौरान उन्होंने 295.21 करोड़ की लागत से 61 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इससे पूर्व उन्होंने त्रिशूल चौक का लोकार्पण और भव्य त्रिशूल का अनावरण किया।

शनिवार को सरस आजीविका मेले को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शहर में करोड़ों की योजनाओं के शिलान्यास और और लोकार्पण से आने वाले समय में रुद्रपुर विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मजबूत आधार बनेगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के साथ ही राज्य विकास और समृद्धि के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज राज्य के शहरों से लेकर सुदूर पर्वतीय गांवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही किच्छा में बनने जा रहा एम्स और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा विस्तार रूप लेने जा रहा है।

इससे लोगों को सुविधाएं मिलेंगी और दिल्ली व अन्य राज्यों में उपचार के लिए जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए उनकी और सांसद अजय भट्ट की ओर से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में बन रहा मेडिकल कॉलेज का इसी साल से संचालन शुरू हो जाएगा। खुरपिया फार्म में स्मार्ट इंडस्ट्रियल सिटी बनाने के साथ ही बजट भी स्वीकृत हो गया है। जल्द ही इसके टेंडर कराए जाएंगे। इसमें उत्तराखंड के 25 से 25 हजार बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब सभी वर्ग के लोग आगे बढ़ेंगे तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का सपना साकार होगा।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हमने नकल को उद्योग बनाने वालों के खिलाफ देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लाकर नकल माफिया की कमर तोड़ने का काम किया है। इसी का परिणाम है कि हमने साढ़े चार वर्षों में जहां 28 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की। वहीं 100 से अधिक नकल माफियाओं को सलाखों के पीछे भेजा। उन्होंने कहा कि आज राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है।

**ये लोग रहे मौजूदः** जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम, उत्तम दत्ता, मंजीत सिंह, खतीब अहमद, मुकेश कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मनोज पाल, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, राजेश शुक्ला, गुंजन सुखीजा, श्रीनेत्र पाल मौर्या, रामपाल सिंह, अनिल चौहान, राजेश कुमार, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्रा, पीडी हिमांशु जोशी नगर आयुक्त शिप्रा जोशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद रहे।


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भगवान शिव की मूर्ति भेंट करते महापौर विकास शर्मा, साथ में सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

### जमरानी बांध से तराई-भाबर के साथ होगा उत्तर प्रदेश की पानी की समस्या का समाधान

**रुद्रपुर :** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नैनीताल जनपद में 60 साल से अधिक समय से लंबित जमरानी बांध योजना का भी सपना साकार हुआ है। इससे बनने से लगातार घट रहे जल स्तर की समस्या का भी भी समाधान होगा। भावर-तराई के लोगों को पीने के लिए पानी और किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। इससे घट रहा भूजल स्तर भी बढ़ेगा।

### सीएम ने कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना

**रुद्रपुर :** सरस आजीविका मेले के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देवभूमि में हमने हर साजिश को रोकने का काम किया। थोड़ी शक्ति दिखायी तो कांग्रेसी नेता विरोध करने लगे। यहां तक की प्रधानमंत्री के कार्य की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रही है।

### डीडी चौक पर लगे शिव का डमरू: अरोरा

**रुद्रपुर :** विधायक शिव अरोरा ने कहा कि महाशिवरात्रि के मौके पर शहर की हर गली और कूचों में महादेव की गूंज हो रही है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की धरती पर त्रिशूल चौक पर त्रिशूल का शिलान्यास हुआ है। उसी तरह डीडी चौक पर शिव का डमरू लगना चाहिए।

### महापौर की मांग पर सीएम की घोषणा

- मानसखंड कॉरिडोर के तहत गोल्ज्यू मंदिर, शिव मंदिर और नीलकंठ धाम को जोड़ते हुए नीलकंठ भवन और 51 फीट ऊंची शिव प्रतिमा की स्थापना।
- नगर निगम रुद्रपुर के पर्यावरण मित्रों के लिए खेड़ा में आवास निर्माण।
- भूरारानी और गंगापुर रोड के चौड़ीकरण का कार्य।
- अटरिया चौक से इंदिरा कॉलोनी तक रोड का निर्माण।
- गुरु चांद ठाकुर स्मृति सहायता कोष को 2 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ किया गया।

### विधायक शिव अरोरा ने ये रखीं मांगें

- शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान।
- काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण कार्य के लिए शेष धनराशि जारी करने।
- नजूल भूमि में 50 वर्ग के तहत आने वाले लोगों को मालिकाना हक दिलाने के लिए न्यायालय में ठोस पैरवी कर समाधान निकालने।
- इंद्राचौक, डीडी चौक, अटरिया मोड़ तक चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण के लिए शेष धनराशि जारी करने।
- देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति पर आधारित भव्य प्रवेश द्वार बनाने।
- बंगाली संस्कृति पर आधारित भाव बैंक भवन का निर्माण।
- शहर में मल्टीलेवल पार्किंग जल्द बनाए जाने।
- फाजलपुर महरौला, लोक विहार और प्रीत विहार के लोगों की समस्या का समाधान।

### सांसद अजय भट्ट ने की विधायक अरोरा और महापौर शर्मा की तारीफ

**रुद्रपुर :** सांसद अजय भट्ट ने रुद्रपुर में हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास शर्मा की जमकर तारीफ की। साथ ही कहा कि सीएम धामी राज्य में तो प्रधानमंत्री देश में विकास कार्य कर पूरे विश्व में डंका मचा रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों को संसद देखने का आमंत्रण दिया। साथ ही कहा कि वे शंकर भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हमें शक्ति दे और सभी के घरों में शांति आए। कोरोना जैसी बीमारी दोबारा न आए।

### शहर की पहचान होनी चाहिए संस्कृति और विरासत के रूप में : शर्मा

**रुद्रपुर :** महापौर विकास शर्मा ने कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में शहर का विकास तेजी से हो रहा है। इससे शहर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक शहर उद्योगों का केंद्र रहा है। अब शहर की पहचान संस्कृति और विरासत के रूप में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि से पूर्व शहर का कोना-कोना शिवमय हो गया है।


रोड शो के दौरान डमरू बजाते सीएम पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

# रोड शो का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

- रोड शो में सीएम ने बजाया डमरू, सड़क के दोनों ओर हजारों की भीड़ उमड़ी

**अमृत विचारः** त्रिशूल चौक पर भव्य त्रिशूल के लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रोड शो एक शिव बारात के रूप में निकला। इस दौरान पूरा शहर शिव भक्ति से सराबोर हो गया। इस दौरान समूचा मार्ग बम-भोले और हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रहा। जिससे वातावरण में अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ।

शनिवार को शिव बारात के दौरान फूलों से विशेष रूप से सुसज्जित वाहन पर मुख्यमंत्री के साथ सांसद अजय भट्ट, महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा और भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल सहित तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं डमरू बजाते नजर आए। छोलिया नृत्य दल की पारंपरिक प्रस्तुतियों ने इस आयोजन में चार चांद लगा दिए, जिसे देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

रोड शो में पर्वतीय समाज, बंगाली समाज, सिख समाज, पंजाबी समाज, पूर्वांचल समाज और जाट समाज सहित समाज के विभिन्न वर्गों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा और उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। त्रिशूल चौक से शुरू हुआ यह विशाल रोड शो मुख्य मार्ग से होता हुआ गांधी पार्क पहुंचकर संपन्न हुआ। गांधी पार्क पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड पी०एम०जी०एस०वाई०, चम्पावत

पत्रांक :- 120 / अधि०अभि०/10-पी०एम०जी०एस०वाई०/ निविदा/ दिनांक :- 27/01/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना 03/अधि०अभि० / 2025-26

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, पी०एम०जी०एस०वाई०, चम्पावत द्वारा निम्न कार्यों हेतु सील्ड निविदायें दिनांक 18.02.2026 अपरान्ह 02.00 बजे तक, लो०नि०वि०/पी०एम०जी०एस०याई० में रजिस्टर्ड ठेकेदारों हेतु आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.02.2026 से 18.02.2026 तक निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय अवकाश को छोडकर) अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, पी०एम०जी०एस०वाई०, चम्पावत के कार्यालय में प्राप्त किये जा सकते हैं दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, पी०एम०जी०एस०याई०, चम्पावत कार्यालय में जामा किये जायेंगें। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा की जानी आवश्यक है।

उक्त निविदायें दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, पी०एम०जी०एस०वाई०, चम्पावत के कार्यालय में गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क०सं० | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) | धरोहर धनराशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने हेतु समय | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टनकपुर-आमबाग मोटर मार्ग से छीनीगोठ मोटर मार्ग पर प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्मपत्तियों का मरम्मत / पुनर्निमार्ण कार्य। | रु० 1000.00 + 18% जी०एस० टी० | 13500.00 | 02 माह | 15 दिन | ''डी'' एवं उच्चतर |
| 2 | खटोली मल्ली से वैला मोटर मार्ग पर प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्मपत्तियों का मरम्मत / पुनर्निमार्ण कार्य। | रु० 1500.00 + 18% जी०एस० टी० | 24000.00 | 02 माह | 15 दिन | ''डी'' एवं उच्चतर |

अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी (किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा)।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, पी०एम०जी०एस०वाई०
चम्पावत


## दुग्ध उत्पादों के संवर्धन से सशक्त होंगी महिलाएं

**पंतनगरः** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि संचार विभाग द्वारा आईसीएआर वित्तपोषित जनजातीय उप योजना के तहत दो-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका विषय ''दुग्ध आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों के विकास एवं विपणन'' रहा, जिसमें गदरपुर के ग्राम खटोला की जनजातीय महिलाओं ने भाग लिया।निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा और निदेशक संचार डॉ. जेपी जायसवाल ने महिलाओं को मूल्य संवर्धन, बेहतर पैकेजिंग और ब्रांडिंग के जरिए स्वरोजगार से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक पशुपालन, संतुलित आहार और स्वच्छता प्रबंधन की बारीकियां साझा कीं।

# नए कप्तान गणपति ने संभाला कार्यभार

संवाददाता, रुद्रपुर

- वर्ष 2018 बैच के आईपीएस हैं गणपति, बोले-गंभीरता से लिया जाएगा हर मामला

**अमृत विचारः** ऊधमसिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा का पुलिस अधीक्षक अभिसूचना विभाग में तबादला हो जाने के बाद ऊधमसिंह नगर के नये एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जिसके फौरन बाद एसएसपी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सुरक्षा का जिम्मा भी संभालते हुए अधीनस्थों को आदेश दिया।

यहां बता दें कि अजय गणपति कुंभार वर्ष 2018 बैच के आईपीएस हैं और पर्वतीय जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ऊधमसिंह नगर में तबादला होने से पहले वह चंपावत पुलिस अधीक्षक का दायित्व संभाल रहे थे। आईपीएस तबादला सूची आने के बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक अधिसूचना कर दिया। वहीं शनिवार को सीएम आगमन से ऐन वक्त पहले जिले के एसएसपी बनकर आए अजय गणपति कुंभार ने कार्यभार ग्रहण किया और फौरन सीएम सुरक्षा का जिम्मा निभाया। पूछे गए सवाल में एसएसपी कुंभार का कहना है कि जमीनी विवाद, संगीन अपराध-अपराधियों के अलावा पीड़ितों की हर समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सोमवार से नियमित अधीनस्थों के साथ बैठक होगी और यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि जिले की जटिल समस्या कौन सी है। इसके अलावा नशा माफियाओं की धरपकड़, जमीनी विवादों को गंभीरता से लेना, साइबर अपराध की रोकथाम के उचित कदम उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही पुलिस महकमे में ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी कि किसी भी फरियादी को इंसाफ के लिए भटकना न पड़े।


कार्यभार ग्रहण करते एसएसपी अजय गणपति कुंभार।

# हत्याकांड में मलखान व आरती हुए दोषमुक्त

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पिछले 11 साल से पप्पू हत्याकांड के आरोपों में फंसे स्वार यूपी के रहने वाले मलखान और आरती को उस वक्त बड़ी राहत मिली, जब तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्तों को हत्याकांड से दोषमुक्त कर दिया है।

अधिवक्ता विक्रमजीत सिंह व आरडी मजूमदार ने बताया कि गणेश घाट स्वार रामपुर निवासी मनोज कुमार ने थाना बाजपुर में मुकदमा दर्ज कराया था कि उसका बड़ा भाई पिछले चार सालों से बाजपुर में रहकर दिहाड़ी मजदूरी करता है। जबकि भाई की पत्नी आरती के हकीमगंज स्वार यूपी के रहने वाले मलखान सिंह से अवैध संबंध चल रहे थे। जिसको लेकर भाई व भाभी में कलह होता रहता था। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप था कि भाभी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। 22 अप्रैल 2015 की रात्रि उसके बड़े भाई पप्पू का शव थाना बाजपुर स्थित एक खेत में पड़ा मिला और जब पुलिस ने आरती से पूछताछ की तो अभियुक्त ने कबूला कि उसने अपने प्रेमी मलखान के साथ मिलकर अपने पति की तार से गला दबाकर हत्या की थी। उस वक्त पति शराब के नशे में था। 11 साल बाद अदालत का निर्णय आने के बाद आरोपियों ने राहत की सांस ली।

# छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी कोचिंग संचालक गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- कोचिंग में पढ़ती थी छात्रा, हो चुका है मुकदमा
- अभियुक्त को न्यायालय में किया गया पेश

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक छात्रा के साथ कोचिंग संचालक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। बताया कि संचालक द्वारा शिक्षारत छात्रा को बहला फुसलाकर एक होटल ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना ट्रांजिट कैंप की रहने वाले एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसकी बेटी ट्रांजिट कैंप स्थित विशाल कुमार के कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाती है। आरोप था कि तीन दिन पहले उसकी बेटी को कोचिंग संचालक बहला फुसलाकर एक होटल ले गया और जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घर लौटने पर बेटी ने आपबीती बताई।

थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद प्रारंभिक जांच की तो प्रकरण सही पाया गया। 13 फरवरी की शाम को मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने विशाल नाम के युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### ब्रीफ न्यूज

#### ट्रैफिक एसआई ने लौटाया अधिवक्ता का लैपटॉप

**जसपुर :** कांवड़ मेले की ड्यूटी में तैनात ट्रैफिक उपनिरीक्षक मनोज सिंह कार्की ने अपनी तत्परता से खाकी का मान बढ़ाया है। उन्होंने रास्ते में गिरा अधिवक्ता प्रमोद कुमार का 50 हजार रुपये कीमत का लैपटॉप बरामद कर सकुशल उन्हें लौटा दिया।इतना ही नहीं, एसआई कार्की ने दो अन्य युवकों के गुम हुए मोबाइल भी बरामद किए। इनमें से एक मोबाइल बस में छूट गया था, जिसे हासिल करने के लिए उन्होंने बस का पीछा किया और यूपी के रेहड़ क्षेत्र में बस रुकवाकर मोबाइल बरामद कर मालिक को सौंपा। कोतवाल राजेन्द्र सिंह डांगी ने एसआई की इस कर्तव्यनिष्ठा की जमकर प्रशंसा की।

#### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती का शोषण

**खटीमा :** पुलिस ने एक युवती की तहरीर पर सितारगंज निवासी शकील अहमद के खिलाफ शारीरिक शोषण और ब्लैकमेलिंग का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2021 से आरोपी उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर डरा रहा था और कई बार होटल ले जाकर उसका यौन उत्पीड़न किया। हद तो तब हो गई जब 26 जनवरी को आरोपी जबरन पीड़िता के घर में घुस आया और निकाह के लिए साथ चलने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

# किच्छा हाईवे पर कांवड़ियों ने किया बवाल

## बाइक की टक्कर से कांवड़िया घायल, गुस्साए साथियों ने फूंकी बाइक, हाईवे पर लगाया आधे घंटे जाम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** किच्छा हाईवे पर शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक अनियंत्रित बाइक की टक्कर से कांवड़ यात्री घायल हो गया। हादसे से आक्रोशित कांवड़ियों ने हाईवे पर जाम लगा दिया और संबंधित बाइक को आग के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार किच्छा के बंडिया भट्टा निवासी राहुल अपनी टोली के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर गंतव्य की ओर जा रहे थे। बगवाड़ा चौकी के समीप दो बाइकों की आपसी भिड़ंत बचाने के चक्कर में एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने अचानक मोड़ लिया, जिससे उसकी टक्कर राहुल से हो गई। हादसे में कांवड़िए का हाथ टूट गया। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक जान बचाकर मौके से फरार हो गया। घटना से नाराज लगभग 150 से अधिक कांवड़ियों ने हाईवे जाम कर दिया और बाइक को आग लगाकर खेत में फेंक दिया। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कांवड़ियों को समझाकर मामला शांत कराया। फिलहाल पुलिस ने यातायात सुचारू कर जांच शुरू कर दी है। जाम खुलने से राहत महसूस की गई।



जाम लगा रहे गुस्साए कांवड़ियों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

#### पुलिस ने रोके कांवड़िये

**रुद्रपुर :** किच्छा हाईवे पर कांवड़ियों द्वारा जाम लगाने की खबर के बाद तुरंत पुलिस टीम घटनास्थल की ओर रवाना हो गई। बाकी पुलिस फोर्स ने इंदिरा चौक के समीप ही कांवड़ियों को रोकना शुरू कर दिया और त्रिशूल चौक पर चल रहे भंडारे में रुकवा दिया। पुलिस का यही मकसद था कि बहुतायत संख्या में कांवड़िए एकत्रित न हो पाए। यदि कांवड़ियों की भीड़ ज्यादा हो जाती तो शायद स्थिति को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता।

#### पुलिस की सजगता से नियंत्रित हुई स्थिति

**रुद्रपुर :** एक ओर जहां शहर में सीएम आगमन को लेकर सुबह से पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद थी। वहीं त्रिशूल चौक कार्यक्रम स्थल किच्छा हाईवे पर जैसे ही पुलिस को सूचना मिली कि हादसे में एक कांवड़िया घायल हो गया और कांवड़ियों ने जाम लगा दिया है। फौरन कोतवाल मनोज रतूडी, पीएसी व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। गनीमत यह रही कि जिस प्रकार भीड़ जुट चुकी थी, उसके बाद हालात बिगड़ सकते थे। बावजूद पुलिस की सजगता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और घायल कांवड़िये को फौरन अस्पताल ले जाया गया।



किच्छा मार्ग पर जलती बाइक। ● अमृत विचार



जसपुर में कोतवाल से वार्ता करते लोग। ● अमृत विचार

# कांवड़िए पर कंकड़ फेंकने का वीडियो वायरल, हंगामा

संवाददाता, जसपुर

● **भाजपा, विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया घेराव**

**अमृत विचारः** नगर के बारी चौक के पास कांवड़ यात्रा के दौरान एक किशोर द्वारा कांवड़िए पर कंकड़ मारने का मामला गरमा गया है। घटना का वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा, विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का घेराव कर जोरदार हंगामा किया।

कार्यकर्ताओं ने आरोपी और उसके सहयोगियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर पहुंचे एएसपी काशीपुर स्वप्न किशोर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। पुलिस ने राहुल चौहान की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एएसपी ने बताया कि वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खड़क सिंह चौहान, राजकुमार चौहान, शीतल जोशी, नीलकमल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मकान मालिक ने महिला किराएदार से की छेड़छाड़

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** आईटीआई थाना क्षेत्र के बघेलेवाला में एक मकान मालिक द्वारा मानवता को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। एक महिला किरायेदार ने अपने मकान मालिक भोगराज पर अश्लील हरकतें, छेड़छाड़ और विरोध करने पर बच्चों को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मूल रूप से बिजनौर निवासी पीड़िता ने बताया कि वह और उसका पति महुआखेड़ागंज की एक फैक्ट्री में काम करते हैं। जब महिला का पति रात की ड्यूटी पर होता था, तो आरोपी भोगराज उसे अकेला पाकर बदनीयती से उसके कमरे में घुस जाता और छेड़छाड़ करता था। लोक-लाज और कमरा खाली कराए जाने के डर से महिला अब तक खामोश रही, लेकिन आरोपी की हिम्मत बढ़ती गई।

हद तो तब हो गई जब 13 फरवरी को महिला की अनुपस्थिति में आरोपी ने उसके 7 वर्षीय पुत्र को कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगा दी। दोपहर को जब पति घर पहुंचा, तो बच्चा डर के मारे रो-रोकर बेहोश हो चुका था। समय रहते कुंडी न खुलती तो मासूम के साथ कोई अनहोनी हो सकती थी। जब महिला ने इसकी शिकायत की, तो आरोपी ने गाली-गलौज और अभद्रता की। आईटीआई थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी भोगराज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भंडारे में परिवार गया था, घर में हुई चोरी

**गदरपुरः** थाना क्षेत्र के सकैनिया स्थित शिव मंदिर कॉलोनी में बीती रात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर नकदी और लाखों के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित संजू पुत्र भगीरथ ने बताया कि वह परिवार सहित केलाखेड़ा में आयोजित एक भंडारे में गए थे। उनकी पत्नी रात में दूसरे घर पर सोने चली गई थीं और मुख्य मकान पर ताला लगा था। सूने घर का फायदा उठाकर चोरों ने ताला तोड़ दिया और अलमारी में रखे 70 हजार रुपये नकद व सोने-चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गए। सुबह घर लौटने पर सामान बिखरा देख हड़कंप मच गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि सकैनिया चौकी से चंद कदमों की दूरी पर पहले भी चोरियां हो चुकी हैं, जिनका आज तक खुलासा नहीं हुआ।

# स्कूटरों को 'ट्रक' दिखा निकाली लाखों की रकम

संवाददाता, बाजपुर

● **चीनी मिल घोटाले में तीन अधिकारी निलंबित**

**अमृत विचारः** सहकारी चीनी मिल बाजपुर में वर्ष 2022-23 के दौरान गन्ना बीज ढुलाई में हुए बड़े वित्तीय घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। उत्तराखंड सहकारी चीनी मिल्स संघ की उच्च स्तरीय जांच में लाखों की अनियमितता मिलने पर मुख्य गन्ना विकास अधिकारी राजीव अरोड़ा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक दीपिका सेमवाल और तत्कालीन प्रभारी मुख्य लेखाकार वीरसेन राठी को निलंबित कर दिया गया है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, 513.20 क्विंटल गन्ना बीज के परिवहन में भारी फर्जीवाड़ा किया गया। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि जिन वाहनों को ट्रक और भारी वाहन दिखाकर भुगतान लिया गया, वे आरटीओ रिकॉर्ड में दोपहिया वाहन (स्कूटी/बाइक) के रूप में दर्ज हैं। इसके अलावा, बिलों में दर्ज वाहन संख्या और टोल प्लाजा की रसीदों में भी मिलान नहीं पाया गया।

बाहरी राज्यों जैसे करनाल और गुरदासपुर से बीज ढुलाई के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए और कार्य पूर्ण होने से पहले ही मोटी रकम का भुगतान कर दिया गया। मिल की प्रधान प्रबंधक व एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने निलंबन की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गहन समीक्षा की जा रही है। इस घोटाले ने चीनी मिल प्रबंधन और ऑडिट प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# लकड़ी तस्करों से हुई मुठभेड़

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर की टीम ने बरहैनी क्षेत्र में वन तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार सुबह गश्त के दौरान वन कर्मियों और तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में अवैध खैर की लकड़ी और तस्करी में प्रयुक्त तीन बाइकें जब्त की गई हैं।

प्रभागीय वनाधिकारी उमेश चंद्र तिवारी के निर्देशन में टीम ने जब तस्करों को घेरने का प्रयास किया, तो मुख्य आरोपी दलजीत उर्फ डल्लू और उसके चार साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। इसके बाद वन विभाग ने आरोपी के घर और अस्कोट गांव में छापेमारी की, जहां से 20 नग खैर की लकड़ी बरामद हुई।

वन विभाग ने नामजद आरोपी दलजीत और चार अज्ञात तस्करों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम-1927 की विभिन्न धाराओं (26, 41, 42 व 52) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस संयुक्त कार्रवाई में वन क्षेत्राधिकारी बरहैनी कृष्ण सिंह मेहरा, पूरन चंद्र जोशी (पीपलपड़ाव), जगदीश चंद्र जोशी (गदगदिया), तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर एसओजी वन दरोगा ठाकुर दत्त ध्यानी, वन रक्षक आदित्य सिंह, अनिल थायत, विवेक गोस्वामी, सागर पाल, रोपण रक्षक रितिक चौहान, जगमोहन सिंह, जसवंत सिंह, बीट सहायक नीरज रौतेला सहित विभिन्न वन क्षेत्राधिकारी, एसओजी टीम, वन दरोगा, वन रक्षक एवं अन्य कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई। फिलहाल, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।



बाजपुर में बरामद लकड़ी और बाइकों के साथ वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# लाखों के कार्यों का लोकार्पण

● **प्रतापपुर में केदारनाथ बाबा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न**

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य शनिवार को ग्राम प्रतापपुर स्थित श्री केदारनाथ बाबा शिव मंदिर में आयोजित भव्य मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस धार्मिक अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए विधायक निधि से पूर्ण हुए लगभग 12.45 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

विधायक आर्य ने मंदिर परिसर में 5 लाख रुपये की लागत से हुए कार्यों को जनता को समर्पित किया। साथ ही, श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिर के भविष्य के विकास के लिए 3 लाख रुपये की अतिरिक्त धनराशि देने की घोषणा भी की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जनसभा को संबोधित करते हुए यशपाल आर्य ने कहा कि धार्मिक स्थल समाज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान होते हैं। इस मौके पर नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य, कांग्रेस नगरध्यक्ष सत्यवान गर्ग, संजय मित्तल, राकेश लाखेड़ा, महक सिंह, शेखर सिंह, मनमोहन सिंह रमोला, प्रभा रेखाड़ी, प्रेम प्रकाश प्रीत, उमेश जोशी, कुमार बिष्ट, बलवंत, सुदर्शन देवली, चंद्रभान शाह, नौसा अली, वीरजोत सिंह, नवदीप, रोहित प्रधान, शौर्य दत्त लाखेड़ा मौजूद रहे।



श्रीकेदारनाथ बाबा शिव मंदिर में विकास कार्यों का लोकार्पण करते नेता प्रतिपक्ष आर्य।

## अज्ञात डंपर चालक पर मुकदमा दर्ज

**पंतनगरः** नगला बाईपास पर हुई एक सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बरेली निवासी मुंशी लाल द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, बीती 11 फरवरी को उनका पुत्र सुरेश कुमार और रिश्तेदार जसवंत बाइक से हल्द्वानी से किच्छा जा रहे थे।

दोपहर करीब 12:30 बजे एक लोडेड डंपर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी और चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। इस हादसे में सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका वर्तमान में बरेली के एक निजी अस्पताल के ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। एसएचओ नंदन सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# राजभवन घेराव के लिए कसी कमर

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** आगामी 16 फरवरी को प्रस्तावित राजभवन घेराव को सफल बनाने के लिए शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय करते हुए वक्ताओं ने वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर हुंकार भरी।

पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास ने युवाओं और क्षेत्र की जनता से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने बेरोजगारी और बढ़ते अपराध को लेकर सरकार की घेराबंदी की। प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने महिला सुरक्षा के मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए कहा कि सरकार पीड़ितों को न्याय दिलाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए।

पूर्व प्रधान मनोज देवराड़ी और ब्लॉक अध्यक्ष ने साझा रूप से कहा कि प्रदेश की जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है और यह घेराव ऐतिहासिक होगा। नगर अध्यक्ष नारायण हालदार के संचालन में हुई इस बैठक में बैठक में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री प्रेम सिंह, वरिष्ठ नेता श्याम सिंह देऊपा, युवा नेता किशोर सामंत, लखबीर सिंह, चंद्रमणि देवराड़ी, सुमित बैरागी, अर्जुन मंडल, प्रवीर कुमार, मनोज अधिकारी, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा, कुंवर सिंह सकतपुरिया आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेते वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिनाथ विश्वास।

## सिडकुल क्षेत्र में नौ हरे पेड़ काटे

**सितारगंज, अमृत विचारः** सफाई की आड़ में सिडकुल क्षेत्र के एक प्लॉट के पास हरे पेड़ काट दिये। मौके पर पड़े कुछ गिल्टों को वन विभाग ने कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। वन विभाग ने वन अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

औद्योगिक पार्क क्षेत्र के एक प्लाट में बिना अनुमति के हरे पेड़ काटने का मामला सामने आया है। किशनपुर वन रेंज के रेंजर घनश्याम चनियाल ने बताया कि शुक्रवार को बना अनुमति के पेड़ काटे जाने की सूचना मिली। रेंजर के नेतृत्व में किशनपुर रेंज के वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर शीशम, सेमल समेत विभिन्न प्रजातियों के नौ पेड़ काटे जाने की पुष्टि हुई। मौके पर गिल्टे भी वन विभाग की टीम को मिले।

# लोगों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** जल संस्थान खटीमा के तत्वावधान में गांव सिसौना में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मझराठग्गू में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय व विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान मिथिलेश देवी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल लोगों को पानी के उचित उपयोग और योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, रंगोली के माध्यम से भी लोगों को जल संरक्षण की जानकारी दी।

वहीं, पर्यावरण एवं ग्रामीण विकास शोध संस्थान, किच्छा ने ग्रामीणों को पेयजल के नमूनों को टेस्टिंग करने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में थारू जनजाति के कलाकारों ने स्वागत गीत, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम प्रधान मिथलेश देवी को हर घर जल का प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही, जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत निर्मित पेयजल को कलश में डालकर सिसौना की ग्राम प्रधान मिथिलेश देवी को जल अर्पण किया। इस मौके पर जल संस्थान के ईई अजय कुमार, जई उज्जवल कुमार, हरेंद्र सिंह, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।

**लामबंद** 16 फरवरी को देहरादून में प्रस्तावित राजभवन घेराव कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

# वार्ड कमेटियों के सशक्तिकरण पर जोर दिया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल के निर्देश पर स्थानीय गौड़ सभा में महानगर कांग्रेस कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक एआईसीसी सदस्य अनुपम शर्मा, महानगर अध्यक्ष अलका पाल और पूर्व महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुई।

बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी 16 फरवरी को देहरादून में प्रस्तावित "राजभवन घेराव" कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करना था। इस दौरान आंदोलन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति बनाई गई और कार्यकर्ताओं को विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। रणनीति पर मंथन करते हुए नेतृत्व द्वारा बूथ मैनेजमेंट, बस्ता इंचार्ज और वार्ड कमेटियों के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की सफलता के लिये बहुमूल्य सुझाव साझा किए और अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी मनोज जोशी, विमल गुड़िया, हरीश कुमार, उमेश जोशी, सरित चतुर्वेदी, अजीत डोबल, ब्रह्मपाल, अकरम बेग, सुभाष पाल, जितेंद्र सरस्वती, इंद्र सिंह एडवोकेट, सुरेंद्र कुमार, विधानसभा प्रभारी अकरम अली, राम देव शर्मा, पार्षद अब्दुल कादिर, सरफराज सैफी, फिरोज हुसैन आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में बैठक के दौरान चर्चा करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# आकांक्षा ने रजत तो मानिक ने जीता कांस्य

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** राज्य स्तरीय दिव्यांगजन प्रतियोगिता में काशीपुर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

12 और 13 फरवरी को देहरादून में संपन्न हुई राज्यस्तरीय दिव्यांगजन प्रतियोगिता में काशीपुर की आकांक्षा गौतम ने सौ और दो सौ अपर लिम्ब में सिल्वर मेडल जीता। वही मानिक मनराज में लोअर लिंब स्टैंडिंग जैवलिन थ्रो में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ही खिलाड़ी दिव्यांग कैटेगरी के हैं, यह दोनों खिलाड़ी पिछले एक साल से एथलेटिक्स प्रशिक्षक सरफराज चौधरी व मनीषा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल मिलने पर जिला उत्तराखंड एथलीट चयन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी, जिलाक्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की, प्रभारी स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर महेश्वर सिंह नेगी ने बधाई दी है।



काशीपुर में कोच के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### दुकान में चोरी

**बाजपुर :** रामराज रोड स्थित एजीएस इलेक्ट्रिकल्स में शनिवार सुबह दो बाइक सवार युवकों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित दुकानदार राजा के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे ग्राहक बनकर आए दो युवकों ने उसके भांजे को पाइप गिनने में उलझा दिया और मौका पाकर काउंटर से तार के चार बंडल अपने थैले में भर लिए। शातिरों ने गल्ले से 10 हजार रुपये नकद भी उड़ा दिए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### दुर्घटना में युवक घायल

**काशीपुर :** मार्ग दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। महेशपुरा निवासी हिमांशु अपने भाई के साथ बाइक पर सवार होकर बाजार की तरफ जा रहा था। रास्ते में अचानक बाइक फिसल गई। नीचे गिरकर वह घायल हो गया। उसके भाई ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

### युवक ने खाया जहर

**काशीपुर :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने कोई जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। ग्राम सलेमपुर निवासी फरहान की जहरीले पदार्थ से हालत बिगड़ गई। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

# महाशिवरात्रि पर्व आज, मेले की तैयारी पूरी

## प्राचीन मोटेश्वर मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु चढ़ाएंगे शिवलिंग पर गंगाजल, भारी वाहनों को किया गया डायवर्ट

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** नगर व क्षेत्र में कांवड़ यात्रा धार्मिक उत्साह और आस्था के साथ जारी है। कांवड़ में गंगाजल धारण कर हरिद्वार से आ रहे कांवड़िये गंगाजल लेकर गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं महाशिवरात्रि पर्व पर चैती मेला स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार देर रात से श्रद्धालुओं की लाइन लगनी शुरू हो जाएगी। साथ ही मेला परिसर में मेले का आयोजन भी किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस बल नगर में कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगातार गश्त कर रहा है। जिन मार्गों से कांवड़ियों की टोलियां गुजर रही हैं। वहां ट्रैफिक को नियंत्रित कर उन्हें सुरक्षित रास्ता दिया जा रहा है। भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट किया जा गया है, ताकि दुर्घटना की कोई आशंका न रहे। रात के समय भी पुलिसकर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद हैं। कई पुलिसकर्मी कांवड़ियों के साथ पैदल चलते नजर आए, ताकि भीड़ या अव्यवस्था की स्थिति न बने। साथ ही कांवड़ियों को पेयजल, जूस व फलाहार प्रदान करते हुए उनकी सुखद यात्रा की कामना की जा रही है। कोतवाली के एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य है कि हर श्रद्धालु सुरक्षित और सकुशल अपने गंतव्य तक पहुंचे। पुलिस द्वारा लगातार कांवड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए जरूरत पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उधर, गंतव्य को जाते कांवरिये भी पुलिस के इस सहयोग की सराहना कर रहे हैं। इधर जनजीवन उत्थान समिति द्वारा काशीपुर ढेला पुल पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हरिद्वार से जल लेकर आए कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहां पर समिति अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी एडवोकेट, देवांग मिश्रा एडवोकेट, राम शर्मा एडवोकेट, शालिनी मिश्रा एडवोकेट, विवेक मिश्रा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में कांवड़ियों को फल वितरित करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### 180 किमी पैदल चलकर 251 लीटर गंगाजल लाया 'ऊं शिव कांवड़ दल'

**बाजपुर :** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में ' 'ऊं शिव कांवड़ दल' ' शनिवार शाम 251 लीटर गंगाजल लेकर वापस नगर पहुंचा। महंत बंटी ठक्कर के नेतृत्व में शिवभक्तों ने हरिद्वार से बाजपुर तक की 180 किलोमीटर की दूरी पैदल रथ यात्रा के साथ पूरी की। नगर आगमन पर व्यापारियों और श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से दल का जोरदार स्वागत किया। महंत बंटी ठक्कर ने बताया कि इस गंगाजल से 15 फरवरी को हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। साथ ही, यह जल उन श्रद्धालुओं को वितरित होगा जो हरिद्वार नहीं जा सके। यात्रा में संदीप गुप्ता, बिट्टू बत्रा, सन्नी चानन आदि शामिल रहे।


रथ में 251 लीटर गंगाजल से भरा कलश लेकर बाजपुर पहुंचे शिवभक्त।


सितारगंज के बाराकोली रेंज के घने जंगल में स्थित प्राचीन झाड़खंडेश्वर शिव मंदिर।

# 300 वर्ष पुराने झाड़ी मंदिर से जुड़ी है लोगों की आस्था

कासिम अंसारी, सितारगंज

**अमृत विचार :** पौराणिक झारखंडेश्वर मंदिर (झाड़ी मंदिर) सितारगंज से करीब सात किलोमीटर दूर बाराकोली रेंज के जंगल में स्थित है। महाशिवरात्रि के मौके पर यहां दूर-दूर से श्रद्धालु जल चढ़ाने आते हैं। विशेष पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगते हैं। इस मौके पर मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है।

करीब 300 वर्ष पुराने इस मंदिर से धार्मिक व ऐतिहासिक घटनाएं जुड़ी हुई हैं। बाबा आगमपुरी के वंशज चार पीढ़ियों से इस मंदिर में पुजारी हैं। मान्यता है कि यहां शिवलिंग खुद प्रकट हुआ है पौराणिक कथा के अनुसार तब एक ग्वाला गायों को चराने जंगल आता था। एक गाय घने जंगल में गायब हो जाती थी और कुछ समय बाद वापस आ जाती थी। गौशाला से भी उसी नियत समय पर गायब होकर फिर कुछ समय बाद लौट आती थी। एक दिन पीछा किया तो गाय जंगल के बीच घनी झाड़ियों में जाकर रुक गई। वहां जाकर देखा तो एक शिवलिंग पर दूध चढ़ा था तब से ग्रामीणों ने यहां पर शिवलिंग की पूजा-अर्चना शुरू कर दी झाड़ियों में शिवलिंग प्रकट होने से भगवान भोलेनाथ का मंदिर झाड़ी मंदिर के नाम से जाना जाने लगा।


मंदिर में स्थापित प्रसिद्ध शिवलिंग।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष लगता है मेला

बाराकोली रेंज के जंगल में स्थित झाड़ी मंदिर में प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में दूर-दराज से ग्रामीण श्रद्धालु हरिद्वार से जल लेकर यहां पहुंचते हैं और जलाभिषेक कर मन्नतें मांगते हैं। इसी के साथ विशेष मान्यता रखने वाले बुक्सा जनजाति के लोग यहां पहुंच कर सच्ची निष्ठा व भक्ति के साथ जलाभिषेक कर प्रसाद वितरण करते हैं।

### औरंगजेब ने किया था शिवलिंग को खंडित करने का प्रयास

**सितारगंज :** इस शिवालय के मुख्य पुरोहित रहे दीवानपुरी एवं उदयपुरी के अनुसार यह शिवालय महाभारत कालीन है। गुरु द्रोणाचार्य पुत्र अश्वधामा ने ऋषि मुनियों संग यहां महाशिवरात्रि पर महायज्ञ किया तो भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होकर इस स्थान पर शिवलिंग के रूप में सदा के लिए विराजमान हो गए। क्रूर मुगल शासक औरंगजेब के क्रूर सैनिकों ने यहां स्थित शिवलिंग को खंडित करने का प्रयास किया गया था। परंतु इसमें वह सफल नहीं हुए। माना जाता है कि क्रूर मुगल सैनिकों द्वारा शिवलिंग पर तलवारों से प्रहार भी किए गए जिसके निशान आज भी शिवलिंग पर मौजूद हैं। माना जाता है कि कुख्यात सुल्ताना डाकू कुमाऊं के जंगलों में प्रवास के दौरान यहीं पर शिव आराधना करता था।


कांवड़ियों के चरण धोते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

# विधायक ने कांवड़ियों के चरण धोकर किया स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

- कांवड़ियों को कंबल और प्रसाद वितरित किया

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हरिद्वार से पवित्र जल लेकर आये शिव भक्तों का महेशपुर क्षेत्र में विधायक शिव अरोरा ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ियों के चरण धोये और कंबल भेंट किया।

शनिवार को कांवड़ियों के स्वागत कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि प्रतिवर्ष उनके द्वारा रुद्रपुर विधानसभा में अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर कांवड़ियों का स्वागत किया जाता है। इस वर्ष भी उनके जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। महेशपुर क्षेत्र में शिविर लगाकर उनको कंबल, प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश बजाज, प्रीत ग्रोवर, मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, भोला सिंह, पंकज सरदार, मनोज मदान, डंम्पी चोपडा, मयंक कक्कड़, इंद्रपाल, मोहित चड्डा, शिवम बठला मौजूद रहे।

# प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में मेले का शुभारंभ

- आठ दिवसीय मेला बुक्सार की लोक संस्कृति से कराता है रूबरू

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में आठ दिवसीय मेले का शनिवार को मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय, जनजाति आयोग सदस्य बाबू सिंह तोमर, जिपंस प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू, मेला कमेटी संरक्षक राकेश सिंह व मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरिया ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर शुभारंभ किया। जनजाति आयोग सदस्य बाबू सिंह तोमर ने कहा कि तराई में बुक्सा जनजाति समाज के साथ अन्य सभी वर्गों के लोग वर्षों से शिवरात्रि पर्व पर पूजा व मेले का आयोजन करते हैं। मेला बुक्सार की लोक संस्कृति का दर्शन कराता है। मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि पौराणिक मेले व धार्मिक स्थल हमें अपनी संस्कृति व आपसी भाईचारे से रूबरू कराते हैं। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मेले की सुरक्षा के लिए अन्य थानों से फोर्स मंगवाकर तैनात की गई है। शिवरात्रि पर्व पर रविवार को दिनेशपुर से गदरपुर मार्ग पर आने-जाने वाले वाहनों को दुर्गापुर से आनंदखेड़ा मार्ग से गदरपुर को डाइवर्ट किया गया है। मेला कमेटी संरक्षक राकेश सिंह व प्रबंधक नित्यानंद मंडल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन किशोर मलिक ने किया। इस मौके पर मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरिया, पुजारन मंतो देवी, भाजपा नेता अमित नारंग, राजेश मीडिया प्रभारी योगेश पानू, आप नेता सुभाष व्यापारी, खटोला पूर्व प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, अनादिरंजन मंडल, रूप सिंह, सोमल सिंह, जिपंस प्रतिनिधि तेज सिंह, विभूति सरकार, शिवपद मलिक, रामचंद्र सिंह, विकास राय, कर्म सिंह, गगन सिंह, किशोर सिंह आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर के रामबाग मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक अरविंद पांडेय व अतिथि। ● अमृत विचार


बाजपुर में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे शिवभक्त।

### जयकारों के साथ लौटे कांवड़िए, सेवा शिविरों में हुआ भव्य स्वागत

**बाजपुर :** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने वाले शिवभक्तों के जत्थों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया है। शनिवार देर रात तक नगर के मुख्य मार्गों पर 'हर-हर महादेव' और 'ओम नमः शिवाय' के जयकारे गूंजते रहे। स्थानीय कांवड़ियों के साथ पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले जत्थों का भी तांता लगा रहा। शिवभक्तों की सुविधा के लिए श्रीरामभवन धर्मशाला और वनखंडी महादेव मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं को जलपान और भोजन वितरित किया गया। प्रशासन ने सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हो सके।

### झारखंडी शिव मंदिर में सरोवर स्नान का महत्व

**बाजपुर :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम झारखंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक मेले की तैयारियां शनिवार को पूरी कर ली गईं। लगभग 350 वर्ष पुराने इस मंदिर का जनजाति समाज में गहरा धार्मिक महत्व है, जहां महाशिवरात्रि पर बच्चों के मुंडन संस्कार की परंपरा दशकों से चली आ रही है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रगतिशील विद्यालय के स्काउट गाइड के बच्चों ने बैरिकेडिंग कर जलाभिषेक और कांवड़ियों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की है। मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन प्राकृतिक सरोवर, जिसमें स्नान का विशेष पुण्य माना जाता है, उसकी भी श्रद्धालुओं के सहयोग से साफ-सफाई की गई है। मेले में दुकानों के लिए स्थान चिह्नित कर दिए गए हैं। आयोजकों ने बताया कि सुरक्षा, स्वच्छता और भक्तों की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मान्यता है कि इस प्राचीन जलस्रोत वाले मंदिर में शिवभक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है, जिसके चलते यहां दूर-दराज से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को किया नमन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उद्देश्य से नगर स्थित लोटस पब्लिक स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने शहीद जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बलिदान को नमन किया। नगर के सुनेहरी वार्ड स्थित लोटस पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेविका डॉ. संगीता शर्मा एवं विद्यालय की प्रधान अध्यापिका रेहाना ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

छोटे-छोटे बच्चों ने देशभक्ति से ओत - प्रोत तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा बच्चों द्वारा पुलवामा हमले पर आधारित प्रस्तुत किया गया नाटक मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभावान बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर हिमांशी, कविता, फरीन, प्रियंका, मिताली, नाजिया, यासमीन, सना, रश्मि मौजूद रहे।


किच्छा में कार्यक्रम के दौरान सैनिक के रूप में बच्चे।


पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि देते सेवानिवृत्त केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कार्मिक।

### पूर्व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस के कार्मिकों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**खटीमा :** पूर्व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस के कार्मिकों ने 14 फरवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर तहसील परिसर में बड़ी संख्या में पूर्व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान एकत्रित हुए। कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कार्मिक संगठन खटीमा उधम सिंह नगर के अध्यक्ष शेर सिंह कन्याल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। तहसील परिसर में एकत्रित पूर्व सैनिक केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा जम्मू कश्मीर में सीआरपीएफ के 40 जवानों ने आतंकवादी हमले में अपनी शहादत दी थी। जिन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। संरक्षक बीडी भट्ट एवं अध्यक्ष शेर सिंह कन्याल ने शहीदों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर डीएन शर्मा, शेर राम, कविन्द्र सिंह कन्याल, केएन पांडे, एसएस भंडारी, भगवान सिंह, विक्रम चंद आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में किसानों को जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

# गन्ने की खेती को बढ़ावा देने का आह्वान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** गन्ना विकास विभाग ने जनपद में ग्रीष्मकालीन धान पर प्रतिबंध के बाद किसानों को लाभकारी विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है। विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को गन्ने की आधुनिक खेती, उन्नत प्रजातियों, सहफसली प्रणाली और सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रही हैं।

सहायक गन्ना आयुक्त शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि गन्ना एक प्रमुख नकदी फसल है, जो कृषकों की आय का स्थायी स्रोत बन सकती है। अन्य फसलों की तुलना में गन्ना द्विवार्षिक होने के कारण इसकी लागत अपेक्षाकृत कम आती है, जबकि उत्पादन और लाभ अधिक प्राप्त होता है। साथ ही दैवीय आपदाओं से नुकसान की आशंका भी कम रहती है। उन्होंने किसानों को गन्ने के साथ अंतः फसल (इंटरक्रॉपिंग) अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। विभाग का नारा "गन्ने के साथ अन्तः फसल लगायेंगे, फसल की लागत कम करके दोहरा लाभ कमायेंगे" किसानों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। मुख्य गन्ना अधिकारी डॉ. राजीव कुमार के अनुसार गन्ने के साथ दलहन, तिलहन अथवा सब्जियों की खेती कर किसान एक ही खेत से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गन्ने का अब तक का अधिकतम मूल्य 405 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जिससे किसानों को बेहतर पारिश्रमिक सुनिश्चित हो रहा है। किराये अथवा ठेके पर खेती करने वाले कृषकों को भी सप्लायर सदस्य के रूप में गन्ना आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध है तथा पट्टेदार/किरायेदार को गन्ना मूल्य का सीधा भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। जबकि ज्येष्ठ गन्ना विकास अधिकारी बीके चौधरी ने बताया भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ तथा प्रदेश के अन्य शोध केंद्रों के सहयोग से शीघ्र पकने वाली नवीनतम गन्ना प्रजातियों का गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिकारियों ने गांवों में किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आधुनिक तकनीक अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त करने का आह्वान किया। वहां पर गन्ना समिति के सुपरवाइजर अनवर सैफी आदि मौजूद रहे।

# शहीद जवानों का बलिदान देश के लिए एक गहरी पीड़ा


विकास भारती स्कूल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मौजूद भाजपा नेता संसार सिंह।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर विकास भारती स्कूल में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों और भाजपा नेताओं ने वर्ष 2019 में शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दो मिनट का मौन रखकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद जवानों का बलिदान देश के लिए एक गहरी पीड़ा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने छात्रों को शहीदों के त्याग से प्रेरणा लेकर अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविताओं और पोस्टरों के माध्यम से अपनी कृतज्ञता व्यक्त की, जिससे पूरा माहौल देशप्रेम से ओतप्रोत हो गया।

**ब्रीफ न्यूज**

### नव दंपती ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

**चम्पावत :** सिप्टी क्षेत्र में हुए विवाह समारोह में नवदंपती ने सामाजिक पहल नशा हटाओ-जीवन बचाओ के अंतर्गत नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। साथ ही और को भी नशे से दूर रह कर धार्मिक विवाह संस्कार के वातावरण को बचाने का संदेश दिया। रवि एवं वधू कोमल ने हस्ताक्षर अभियान को प्रोत्साहित कर बताया कि विवाह एक धार्मिक पवित्र बंधन होता है, लेकिन आज लोगों को बढ़ते शराब के सामाजिक चलन के कारण शादी-समारोहों के बिगड़ते वातावरण को बचाना होगा। मुहिम संयोजक प्रवक्ता सामश्रवा आर्य ने वर-वधू का आभार जताया।

### कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कालाढूंगी पुलिस के मुताबिक, चेकिंग के दौरान निहाल नदी, विदरामपुर-चकलुवा क्षेत्र से एक युवक को 57 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम शीशमपुर, विदरामपुर चकलुवा निवासी देवेंद्र कुमार बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म से भड़का लोगों का आक्रोश, जुलूस निकाला

## दन्या में गुस्साए लोगों ने किया जोरदार प्रदर्शन, आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग

- लोगों से संदिग्ध लोगों को किराये पर घर न देने की अपील

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** दन्या में किशोरी से हुए दुष्कर्म के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। शनिवार को लोगों ने क्षेत्र में जुलूस निकाल जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों से बाहरी व्यक्तियों को किराये पर नहीं रखने की अपील की।

दरअसल, बीते दिन दन्या क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ विशेष समुदाय के एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने यूपी निवासी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया।

इधर, घटना के बाद लोगों में आक्रोश भड़क उठा। शनिवार को आक्रोशित लोगों ने विरोध में क्षेत्र में विशाल जुलूस निकाला। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। जहां वक्ताओं ने घटना को जघन्य अपराध बताया। पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ ही सत्यापन अभियान चलाने की मांग उठाई। वहीं, लोगों से बाहरी व्यक्तियों को किराये पर नहीं रखने की अपील की। यहां विरोध जुलूस में लाल बाबा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरव पांडे, नीरज पंत, प्रधान कैलाश भट्ट, पीयूष पांडे, कैलाश भट्ट, डीके जोशी, किशन, मोहित, मनोज पंत, लक्ष्मण डसीला, गोकुल डसीला, गोकुल भट्ट, हरीश मलारा, दीपक पंत ईश्वर सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



दन्या में शनिवार को जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

### बैंक्वट हॉल बैणी सेना को ही देंगे कूड़ा व यूजर चार्ज

**हल्द्वानी:** शहर में शादी, पार्टी और अन्य बड़े आयोजनों को लेकर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि बैंक्वट हॉल, होटल और सभी आयोजन स्थलों को अब सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी 2016 के तहत यूजर चार्ज (कूड़ा शुल्क) अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

निगम की ओर से जारी अंतिम चेतावनी में कहा गया है कि नवंबर 2022 से पूरे क्षेत्र में सॉलिड वेस्ट के निस्तारण के लिए यूजर चार्ज व्यवस्था लागू है। प्रत्येक वार्ड में गठित बैणी सेना को कूड़ा कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली की जिम्मेदारी दी गई है। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने कहा कि किसी भी विवाह, पार्टी या सामूहिक कार्यक्रम से पूर्व संबंधित वार्ड की बैणी सेना को कार्यक्रम की तिथि और अनुमानित कूड़ा उत्पादन की सूचना देना अनिवार्य होगा। साथ ही निर्धारित यूजर चार्ज भी बैणी सेना को देना होगा। कूड़ा-कचरा केवल नगर निगम के अधिकृत वाहन को ही सौंपा जाएगा। अन्यथा चालान या अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# छात्राओं ने आईआईएम काशीपुर का भ्रमण किया

संवाददाता, टनकपुर

- शैक्षणिक गतिविधियों, प्रवेश व प्रबंधन शिक्षा की जानकारी ली

**अमृत विचार:** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, टनकपुर की कक्षा 11 की 129 छात्राओं को शैक्षिक एक्सपोज़र विज़िट के अंतर्गत भारतीय प्रबन्धन संस्थान, काशीपुर ले जाया गया।

इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थान के शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना, करियर के विविध अवसरों की जानकारी प्रदान करना तथा उनमें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

भ्रमण दल विद्यालय परिसर से 7 अध्यापिकाओं के साथ प्रातः काशीपुर के लिए प्रस्थान किया तथा अपराह्न 12:30 बजे संस्थान परिसर पहुंचा। संस्थान के एकेडमिक ब्लॉक स्थित डिजाइन एवं इनोवेशन सेंटर (नवाचार केंद्र) में छात्राओं का औपचारिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर संजय कुमार सिंह द्वारा छात्राओं को संस्थान की स्थापना, शैक्षणिक गतिविधियों, प्रवेश प्रक्रिया तथा प्रबंधन शिक्षा के विविध आयामों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने करियर काउंसिलिंग सत्र के माध्यम से छात्राओं को विभिन्न प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के विकल्पों एवं भविष्य की संभावनाओं के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। यह सत्र अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। बाद में छात्राओं ने संस्थान के विभिन्न शैक्षणिक भवनों, प्रशासनिक खंडों एवं परिसर का अवलोकन किया, जिससे उन्हें उच्च शिक्षण संस्थान की कार्यप्रणाली एवं अधिगम वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

भ्रमण दल में एस्कॉर्ट के रूप में विनीता कुमार, शिवांगी भट्ट, ममता बिष्ट, नीलम पाण्डेय, राईम जोशी, हेमलता पन्त एवं कु. शबाना अंजुम सम्मिलित रहीं।

# होली रंग महोत्सव के लिए सीएम को न्यौता

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार:** रामलीला मैदान में 26 और 27 फरवरी को आयोजित होने वाले प्रसिद्ध होली रंग महोत्सव में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हो सकते हैं। सीएम धामी ने देहरादून में आए शिष्टमंडल को इस निमंत्रण पर सहमति जताई है और कार्यक्रम में भाग लेने की हामी भर दी है।

नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने शनिवार को बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 27 फरवरी को होली रंग महोत्सव के अवसर पर लोहाघाट आने का न्योता दिया था, जिसे सीएम ने स्वीकार कर लिया है। इस दौरान सरयू लिफ्ट पेयजल योजना के शासनादेश (जीओ) जारी होने और निर्माण के लिए प्रथम किस्त जारी होने के उपलक्ष में नगरवासी सीएम धामी का भव्य नागरिक अभिनंदन भी करेंगे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

शिष्टमंडल में पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, प्रदेश मंत्री निर्मल माहरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बगौली, भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरीश कुंवर, जिप सदस्य योगेश जोशी, गोविंद बोहरा, सभासद आशीष राय, दीपक नाथ गोस्वामी, चन्द्रशेखर बगौली, चन्द्रशेखर जोशी, हरीश अधिकारी शामिल रहे।

### पाताल रूद्रेश्वर गुफा मंदिर के लिए 45.84 लाख रुपये स्वीकृत

**टनकपुर, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत जनपद चम्पावत स्थित पाताल रूद्रेश्वर गुफा मंदिर के समग्र विकास कार्यों के लिए शासन द्वारा 45.84 लाख रुपये की अवशिष्ट धनराशि स्वीकृत की गई है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवमुक्त की जाएगी।

पूर्व में लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार 229.18 लाख रुपये के आगणन को स्वीकृति दी गई थी, जिसके सापेक्ष 183.34 लाख रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं। अब शेष राशि को मानसखण्ड मिशन मद से जारी कर कार्यदायी संस्था को भुगतान किया जाएगा।

परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन तथा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# शिविर में 40 शिकायतों का निस्तारण किया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को ताकुला के बसोली में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 40 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।

न्याय पंचायत में आयोजित शिविर के माध्यम से समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा विभाग, पंचायतीराज विभाग, कृषि, उद्यान, विद्युत, पेयजल समेत अनेक विभागों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किय। शिविर में पहुंचे सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम की मंशा के अनुरूप लोगों को लाभन्वित करें। शिविर में 32 विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं, शिविर में कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 40 का निस्तारण शिविर स्थल पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रेषित किया गया। शिविर में एसडीएम सदर संजय कुमार, खंड विकास अधिकारी केशर सिंह बिष्ट समेत जनप्रतिनिधि व लोग मौजूद रहे।



ताकुला के बसोली में बहुउद्देशीय शिविर के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- न्याय पंचायत बसोली में आयोजित हुआ बहुउद्देशीय शिविर
- विभिन्न विभागों द्वारा 162 लोगों को जारी किए गए प्रमाण पत्र

### 162 लोगों को प्रमाण पत्र जारी किए

बहुउद्देशीय शिविर के दौरान राजस्व विभाग की ओर से 162 प्रमाण पत्र, ग्राम विकास विभाग ने 55 प्रमाण पत्र एवं 25 अन्य प्रमाण पत्र जारी किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 111 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 30 किसानों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। वहीं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल में 22,550 की बिक्री दर्ज की गई।

### कल से मिलेंगे होम स्टे पाठ्यक्रम के फॉर्म

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) ने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) से मान्यता प्राप्त असिस्टेंट होम स्टे मैनेजर पाठ्यक्रम शुरू किया है।

इस कोर्स के लिए काउंसलिंग व गाइडेंस फॉर्म कल (सोमवार) से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विवि प्रशासन के अनुसार अभ्यर्थियों को प्रवेश से पूर्व अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही पात्र उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाएगा। विवि के कुलपति प्रो. एनसी लोहनी ने बताया कि यह पाठ्यक्रम होमस्टे, होटल और रिसॉर्ट क्षेत्र में कार्यरत युवाओं और स्वरोजगार शुरू करने के इच्छुक युवाओं के लिए फायदेमंद होगा। कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्यटन प्रधान राज्य में यह कोर्स युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलने में सहायक बनेगा।

# पत्रकारों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर रोष जताया

संवाददाता, चम्पावत

- सम्मानजनक व्यवस्था के किए डीआईए से वार्ता करने का निर्णय

**अमृत विचार:** वीआईपी और वीवीआईपी कार्यक्रमों की कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को लेकर चम्पावत जिला पत्रकार संगठन की वर्चुअल बैठक में गहरा रोष जताया गया। पत्रकारों ने कहा कि सूचना विभाग द्वारा पास जारी होने के बावजूद कार्यक्रम स्थलों पर उन्हें अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके कार्य में बाधा उत्पन्न होती है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए जिलाधिकारी की उपस्थिति में जिला सूचना अधिकारी से वार्ता कर सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। संगठन अध्यक्ष चंद्र बल्लभ ओली ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी हैं और उनकी गरिमा की रक्षा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में परिचय पत्रों के नवीनीकरण, पत्रकार मान्यता, मेडिकल वाउचर तथा तहसील स्तर पर इकाइयों के गठन पर भी चर्चा की गई। जिला महामंत्री गिरीश बिष्ट ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। बैठक में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया।

# पुलवामा के शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

- अल्मोड़ा में पूर्व पैरामिलिट्री फोर्स एसो. ने आयोजित की सभा
- शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर सम्मान जताया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** पुलवामा में शहीद हुए वीर सपूतों की बरसी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व अर्द्धसैनिक बल संगठन, राजनैतिक दलों और संगठनों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया।

शनिवार को मालरोड स्थित गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में अर्द्धसैनिक बलों के जवानों ने बैंड धुन के साथ शहीदों को नमन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वीर शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि आज ही के दिन आतंकवादियों के हमले में हमारे जवानों को शहादत मिली थी। हम प्रणाम करते हैं उन माता-पिता को, जिन्होंने ऐसे सपूतों को जन्म दिया। यहां एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोहर सिंह नेगी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह, भाजपा जिला महामंत्री दर्शन रावत, भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, कांग्रेस नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, कमल बिष्ट, भूपेंद्र वाल्दिया, प्रदीप जोशी, लक्की वर्मा, श्वेता उपाध्याय, रीता दुर्गापाल, डॉ. जेसी दुर्गापाल, रूप सिंह बिष्ट, जसोद सिंह, हर्षवर्धन चौधरी, दीवान सिंह बिष्ट, भुवन चंद्र जोशी, संजय भट्ट, अल्का पंत, मंजू नेगी, तनुजा पंत, किशोर अधिकारी, दीवान सिंह रहे।



अल्मोड़ा में शनिवार को पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

# पैरा बैडमिंटन में संदीप ने जीता सिल्वर मेडल

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** देहरादून में आयोजित मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी महाकुंभ में ग्राम भजनपुर निवासी संदीप रस्तोगी ने पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता।

संदीप फाइनल में नैनीताल के खिलाड़ी से हारे व द्वितीय स्थान पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया। संदीप इस समय राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान मुंबई से टेक्निकल इंस्ट्रक्टर की पढ़ाई कर रहे है। संदीप की पिता प्रेम रस्तोगी मीना बाजार बनबसा में इलेक्ट्रिकल रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। संदीप रस्तोगी के प्रशिक्षण और अन्य खेल सामग्री के लिए ग्राम प्रधान शांति चंद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव चंद और पूर्व सैनिक जंग बहादुर थापा द्वारा सहयोग किया जा रहा है। संदीप को अनेक लोगों ने बधाई दी है।



जीते क बाद मेडल दिखाते संदीप रस्तोगी। ● अमृत विचार

**विज्ञान** | अल्मोड़ा में 21 वें राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन के दूसरे दिन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर किया मंथन

# डिजिटल तकनीक के बेहतर उपयोग पर चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा मानसखंड विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय 21 वें राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन जारी है। शनिवार को सम्मेलन विशेषज्ञों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े समसामयिक और भविष्यपरक विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया।

सम्मेलन सत्र में विशेषज्ञों ने विज्ञान केंद्र के एक्सपेरिमेंटल पार्क, साइंस सेंटर और थिएटर आधारित प्रस्तुतियों की भूमिका को रखा। कहा कि विज्ञान संग्रहालयों को अब पारंपरिक प्रदर्शनों तक सीमित न रहकर अनुभवात्मक, पारदर्शी और संवादात्मक ज्ञान केंद्रों के रूप में विकसित करना होगा।

वहीं, विज्ञान को खेल-खेल में सिखाने, 3-डी जैवविविधता प्रदर्शनों में निहित अपार संभावनाओं, विज्ञान को प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से समझाने की आवश्यकता पर बल दिया। स्टेम लैब, क्षमता निर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और विज्ञान के समन्वय, खोज म्यूजियम में विज्ञान और कला के नवाचारी संयोजन, युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने जैसे विषय इस सत्र के केंद्र में रहे।

इसके अलावा वर्चुअल रियलिटी की काल्पनिक दुनिया, डाटा कोडिंग और उभरती डिजिटल तकनीकों के भविष्य पर भी चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि ये तकनीकें नई पीढ़ी को स्वरोजगार, स्टार्टअप संस्कृति और विज्ञान-प्रौद्योगिकी आधारित करियर की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।



अल्मोड़ा में राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन के दौरान मौजूद विशेषज्ञ।

### विज्ञान संचार को सशक्त बनाता है विज्ञान

**अल्मोड़ा :** सम्मेलन के दौरान अन्य राज्यों से आए वैज्ञानिकों एवं संग्रहालय प्रमुखों ने कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय सम्मेलन न केवल युवाओं में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि विज्ञान संचार को सशक्त बनाकर नवाचार आधारित विकास को भी गति देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन के निष्कर्ष विज्ञान संग्रहालयों की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करेंगे और विज्ञान को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में एक ठोस रोडमैप प्रस्तुत करेंगे।

### जसविंदर पाल सिंह उर्फ संटी बने उक्रांद के नगर उपाध्यक्ष

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल के नगर अध्यक्ष हरीश जोशी ने संगठन का विस्तार करते हुए जसविंदर पाल सिंह उर्फ संटी को हल्द्वानी का नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

नगर अध्यक्ष जोशी ने कहा कि जसविंदर पाल सिंह लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से काम करते आ रहे हैं। उनके अनुभव और सक्रियता का लाभ संगठन को अवश्य मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नव मनोनीत नगर उपाध्यक्ष दल की रीति-नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे। सभी ने उन्हें बधाई दी। इस दौरान केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल, नगर कोषाध्यक्ष हरीश पांडेय, करण जोशी आदि रहे।


# पुलवामा के शहीदों को किया नमन




पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देते एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की ओर से शनिवार को डीके पार्क में पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों की सातवीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष योगेंद्र कुमार साहू व मीना जोशी ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हमारे वीर जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। शांति रावत ने कहा कि भारतीय सेना के जवानों के सर्वोच्च बलिदान के कारण ही आज पूरा देश सुरक्षित है। उनके इस त्याग को देशवासी कभी भुला नहीं सकते। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में रुपेंद्र नागर, नंदकिशोर आर्या, तरुण सक्सेना, वीरेंद्र जायसवाल, पीयूष शर्मा, राजेश साहू, रोहतास प्रजापति, सुनीता तिवारी, ममता खत्री, रेनू कांडपाल, निशा वैला, योगिता बनोला सहित आदि रहे।



'तुलसी' काया खेत है,
मनसा भयौ किसान।
पाप-पुन्य दोउ बीज हैं,
बुवै सो लुनै निदान॥

गोस्वामी तुलसी दास कहते हैं कि शरीर खेत के समान है और मन मानो किसान है, जिसमें यह किसान पाप और पुण्य रूपी दो प्रकार के बीजों को बोता है। जैसे बीज बोएगा वैसे ही इसे अंत में फल काटने को मिलेंगे।

# शिव सभी कालों में हैं और काल के परे भी

> ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है, लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे, तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकार हो जाते हैं, लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार।

हम भारत के लोग देवों को भी धरती पर बुलाते रहते हैं। ईश्वर भी धर्म संस्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भारत देवभूमि है। भारतवासी बहुदेव उपासक हैं। जहां-जहां आभा, प्रभा, सुभा और दिव्यता वहां-वहां देवता। शिव देव नहीं महादेव हैं। वे भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। भारत के कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। वे इसी क्षेत्र को शिव उपासना का मूल केंद्र बताने की गल्ती करते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश (पृष्ठ 679) में लिखा है, 'वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।'

शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर ने शर शैय्या पर लेटे भीष्म से तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, 'शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। ब्रह्मा, विष्णु और इंद्र के सृष्टा हैं। वे प्रकृति से परे और पुरुष से विलक्षण हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, 'रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत् को व्याप्त किया है।' संप्रति महाशिवरात्रि उत्सवों में भारत सहित एशिया के बड़े भूभाग में बम भोले की बम-बम है।

शिव भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। गण देवता गणेश स्वाभाविक ही उनके पुत्र हैं। सत्य आराध्य है, लेकिन शिव सत्य आनंददाता हैं। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव अखिल ब्रह्म की ऊर्जा हैं। इस ऊर्जा प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने बहुत भड़काया 'पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गईं। आपका सुंदर हाथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?' शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा, "संसार के सारे रूप शिव के ही हैं- विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।"

शिव ही सभी रूपों में प्रकट होकर रूप-रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में जब-तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले, "अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।" मन करता है कि प्रश्न पूछूं शिव से- महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन अपना प्रश्न वापस भी लेता हूं। शिव तप का पुरस्कार भी तो देते हैं। तप प्रभाव में वे स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

सुनता आया हूं कि शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चंद्र हैं। वैदिक ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां-औषधियां उगती हैं। खिलती हैं। खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। सोमवार को शिव आराधन का मुहूर्त जाना गया है। ठीक भी है। हमारे समाज में भी प्रतिष्ठित लोग सप्ताह में एक दिन खुलकर मिलते हैं, बाकी दिन व्यस्त रहते हैं। शिवभक्तों को सोमवार और शिवरात्रि प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। नहीं जानता सच। काशी बहुत जाता हूं, लेकिन मंदिर दर्शन बहुत पहले एक बार ही हुआ। मैंने समूची काशी में शिव चैतन्य पाया है। मैं कर्मकांडी हूं नहीं। योग, तप से परिचित नहीं, लेकिन भारत के मन के साथ मन मिलाते हुए देवों के देव महादेव को नमस्कार करता हूं।

शिव सभी कालों में हैं। काल के परे भी हैं, लेकिन भारत के मन में वे पार्वती के साथ हैं। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागीं। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दांई आंख में ही काजल लगाया था, वह बांई आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती शिव जगत् के माता-पिता हैं। विवाह के बाद सभी देवों ने शुभकामनाएं दीं।

कालिदास जैसे प्रत्यक्षदशा बराती थे- शिव बारात के। उनकी अनुभूति में भारत का मन-दर्पण प्रकट हुआ है। सूरदास भी श्रीकृष्ण की बरात में गाना चाहते थे- सूरदास होई कुटिल बराती गीत सुमंगल गइहौं। अजब अंतर्विरोध, सुमंगल गीत, लेकिन कुटिल बराती। हम शिव भक्त कांवड़ियों को दूर से ही देखते आए हैं। हम भी शिवार्चन उत्सवों में कुटिल आस्तिक की तरह दूर से सम्मिलित होते रहे हैं। मन को वात्सल्य रस देने वाली सई नदी हमारे गांव के पास ही शिव सीढ़ी का जलाभिषेक करती है। यहां भवरेश्वर शिव मंदिर में शिवरात्रि और सावन के सोमवारों में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। लोकमन हर-हर महादेव हो जाता है।

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के संवाद से भरा-पूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्त्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया, लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है, लेकिन शिव सब जानते थे। वे प्रतिपल यत्र-तत्र-सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कंठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी है, लेकिन चंद्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। सोम और चंद्र पर्यायवाची हैं। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दांया नेत्र है और बांया चंद्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं।

सूर्य की अपनी प्रिय राशि सिंह है। चंद्र की कर्क है। सूर्य इस यात्रा में कर्क से सिंह क्षेत्र में पहुंचते हैं। तब शिवार्चन की शुभ मुहुर्त बनती है। ऐसी संक्रांति सावन मास में पड़ती है। सो शिव को सावन प्रिय है। श्रीकृष्ण को बसंत ऋतु प्रिय है और मार्गशीर्ष-अगहन का मास, लेकिन शिव की बात निराली है। ऋतुराज बसंत में पृथ्वी और वायु का चरम आनंद है। बसंत हहराता है तब क्षिति, जल, पावक और गगन समीर भी मधुरसा हो जाते हैं। शिवरात्रि आती है। वायु सुकुमार लज्जाशील नायिका की तरह बहती है।

मनुष्य सुगंध प्रिय है। ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है, लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकर्त्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे, तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकार हो जाते हैं, लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार।

सोंचता हूं कि ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं- त्रिशूल धारक जो हैं, लेकिन सोंचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर बहुत गहरे तक धंसा हुआ है। कह सकता हूं कि मैं भी त्रिशूलधारी हूं। सोम सामने है, भीतर ओम है। सोम ओम की यारी पुरानी है, लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था- न्यम्बक रूद्र को- हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो।'

# बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की हार से सुधरेगा रिश्ता

बांग्लादेश के आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने प्रचंड जीत दर्ज कर ली है। बांग्लादेश की जनता से कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटीजन पार्टी को करारी हार मिली है। बांग्लादेश की सत्ता बीएनपी के हाथों में जाना भारत के लिए राहत की बात है, क्योंकि पार्टी मुखिया तारिक रहमान ने चुनावी सभाओं में भारत से रिश्ते सुधारने के न सिर्फ संकेत दिए बल्कि उनके बयानों में भी भारत के लिए कभी कड़वापन नहीं दिखा। तारिक रहमान की मां एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने भारत से रिश्ते सुधारने की कभी पहल नहीं की, लेकिन जब वह बीमार हुईं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इलाज में सहयोग की पहल की और निधन पर विदेश मंत्री को भी वहां भेजा। यह रिश्तों में जमीं बर्फ को पिघलाने वाली पहल मानी गई। बीएनपी की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा फोन कर तारिक रहमान को बधाई देना और भविष्य में पूर्व की भांति ही सहयोग देने के आश्वासन को बड़ी कूटनीतिक पहल माना जा रहा है।



अमित नारायण
राजनीतिक विश्लेषक

बांग्लादेश की जनता ने बीएनपी को बहुमत देकर बता दिया है कि वह कट्टरपंथ को पसंद नहीं करती। बीएनपी का पाकिस्तान और चीन के प्रति लचीला रुख रहा है, लेकिन भारत के विरुद्ध बहुत कटुता वाला भी नहीं रहा है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि भारत से पुरानी कड़वाहट को भूलकर तारिक रहमान दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। वह ऐसी गलती नहीं करेंगे, जो मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने की।

> बांग्लादेश की जनता ने कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटीजन पार्टी को नकार दिया है। बांग्लादेश की सत्ता बीएनपी के हाथों में जाना भारत के लिए बड़ी राहत की बात है। बीएनपी मुखिया तारिक रहमान ने भी भारत से रिश्ते सुधारने के संकेत दिए हैं।

प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन करने वाले छात्रों ने भारत विरोध का रुख अख्तियार कर रखा था। उन्हें जमात-ए-इस्लामी का पूर्ण समर्थन भी था। हिंदुओं पर हुए अत्याचार में इसी कट्टरपंथी गैंग का हाथ है। उनकी कट्टरता और भारत व हिंदू विरोधी सोच के कारण ही वहां हिंसा भड़की और एक दर्जन से अधिक हिंदुओं की हत्या हुई। जमात-ए-इस्लामी सदैव वहां इस्लामिक शासन की मांग करती रही है। पाकिस्तान के आतंकी समूहों को भी उसका समर्थन रहा है। ऐसे में अगर जमात और छात्र नेताओं के नेतृत्व वाली पार्टी सत्ता में आती है, तो भारत की मुश्किलें कम होने के बजाय बढ़ जातीं। फिर तो वहां न सिर्फ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के पांव पूरी तरह से जम जाते, बल्कि आतंकी समूहों का बोलबाला भी होता।

प्रधानमंत्री मोदी की पहल के बाद अब यह माना जा रहा है कि तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्र सरकार का कोई मंत्री जरूर हिस्सा लेगा। इसी माह होने वाली एआई समिट में शामिल होने के लिए तारिक रहमान को निमंत्रण दिया जा सकता है। वैसे कुछ राजनीतिक विश्लेषक यह कह रहे हैं कि शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को लेकर तारिक रहमान से भारत के रिश्ते खराब हो सकते हैं, लेकिन कई विश्लेषकों का यह कहना है कि 20 साल बाद सत्ता में वापसी कर रही बीएनपी कड़वाहट वाले मुद्दों को भूलकर भारत से रिश्ते मजबूत करना चाहेगी, क्योंकि इसमें ही उसका भला है।

# समाज बेटियों को नियंत्रित करता है

'सुरक्षा' एक ऐसा शब्द है, जिसे सुनते ही मन में भरोसे और संरक्षण की छवि उभरती है। यही शब्द माता-पिता की सबसे बड़ी ढाल माना जाता है और यही समाज की सबसे बड़ी दलील भी, लेकिन जब यह शब्द बेटी की आज़ादी छीनने का माध्यम बन जाए, तब इसका अर्थ बदल जाता है। तब सुरक्षा एक ऐसा ताला बन जाती है, जो बेटी के सपनों, इच्छाओं और आत्मसम्मान पर जड़ दिया जाता है। यह ताला दिखाई नहीं देता, पर इसका बोझ हर सांस के साथ महसूस होता है। बेटी को बताया जाता है कि यह सब उसके भले के लिए है, जबकि असल में यह उसके अस्तित्व पर नियंत्रण की प्रक्रिया होती है।

भारतीय समाज में बेटी को आज भी एक स्वतंत्र व्यक्ति के बजाय परिवार की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है। उसकी चाल, पहनावा, दोस्ती और निर्णय- सब पर निगाह रखी जाती है। जैसे ही बेटी अपने जीवन के फैसले खुद लेने की बात करती है, 'सुरक्षा' का तर्क सामने खड़ा कर दिया जाता है। प्रेम, विवाह, शिक्षा या करियर- हर क्षेत्र में उसकी आज़ादी सीमित कर दी जाती है। यह सीमाएं परिवार द्वारा खींची जाती हैं और समाज द्वारा स्वीकार कर ली जाती हैं। यही स्वीकृति इस समस्या को और गहरा बनाती है।



कृति जैन
लेखिका

इस तथाकथित सुरक्षा का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसे प्रेम का रूप देकर प्रस्तुत किया जाता है। माता-पिता कहते हैं कि दुनिया बहुत खराब है, इसलिए बेटी को घर में रखना ज़रूरी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या दुनिया केवल बेटी के लिए ही खराब है? बेटे भी उसी दुनिया में रहते हैं, वही रास्ते तय करते हैं, वही जोखिम उठाते हैं। फर्क सिर्फ़ इतना है कि बेटी को कमजोर और असहाय मान लिया जाता है और यही मान्यता उसकी आज़ादी की सबसे बड़ी दुश्मन बन जाती है।

यह कैद केवल दरवाज़े बंद करने तक सीमित नहीं होती। यह सोच, भावनाओं और निर्णयों पर भी पहरा बिठा देती है। बेटी से बार-बार कहा जाता है कि वह समझदार बने, समाज की बात माने, परिवार की इज़्ज़त रखे। धीरे-धीरे वह अपने मन की बात कहना छोड़ देती है। सवाल पूछना, विरोध करना या अपनी इच्छा जताना उसे अपराध जैसा लगने लगता है। यह मानसिक कैद शारीरिक कैद से कहीं अधिक खतरनाक होती है, क्योंकि इसमें सलाखें दिखाई नहीं देतीं, लेकिन रास्ते पूरी तरह बंद हो जाते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या परंपरा और जाति की कठोर दीवारों से और भी मज़बूत हो जाती है। प्रेम विवाह या अंतरजातीय संबंधों के मामलों में बेटियों को घर में बंद कर देना, मोबाइल छीन लेना या बाहर निकलने से रोक देना, वहां सामान्य व्यवहार माना जाता है। कई बार यह कैद महीनों नहीं, बल्कि वर्षों तक चलती है। शहरों में इसका रूप थोड़ा बदला हुआ दिखता है, लेकिन सार वही है। यहां बेटी को 'आधुनिक सुरक्षा' के नाम पर निरंतर निगरानी में रखा जाता है-लोकेशन ट्रैकिंग, समय की सख्त पाबंदी और हर निर्णय पर सवाल। फर्क सिर्फ़ दिखावे का है, सोच वही पुरानी है।

# ऑप्टिकल माइक्रो चिप में चीन की बढ़त

> सबसे एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक चिप्स तक चीन की पहुंच सीमित करने की अमेरिकी नीतियों के बाद चीन में ऑप्टिकल कंप्यूटिंग को अपनाने में तेजी आई है। ऐसी चिप क्वांटम कम्प्यूटिंग की नींव होती है। ऐसे चिप्स बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की मेधा बढ़ाने के लिए जरूरी हैं।

सबसे एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक चिप्स तक चीन की पहुंच को सीमित करने और उन्हें बनाने के लिए ज़रूरी उपकरणों पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी नीतियों के बाद चीन में ऑप्टिकल कंप्यूटिंग को अपनाने में तेज़ी आई है। ऐसी चिप क्वांटम कम्प्यूटिंग की नींव होती है। ऐसे चिप्स बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल को प्रशिक्षित करके इसकी मेधा को बढ़ाने और इसे काम पर लगाने के लिए ज़रूरी हैं। चीन शांगहाई में फु दां यूनिवर्सिटी के मटीरियल साइंटिस्ट ज़ेंग गुआंग चेंग कहते हैं कि अमेरिकन और उसके दोस्तों के प्रतिबंधों ने चीन को हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के लिए वैकल्पिक रास्ते खोजने के लिए और ज़्यादा प्रेरित किया है। वह कहते हैं कि चीन की 14वीं पंचवर्षीय योजना में फोटोनिक्स का ज़िक्र है, साथ ही क्वांटम कंप्यूटिंग प्रोजेक्ट्स का भी। चीन की सरकार ने इसके लिए लगातार बहुत ऊंचे स्तर का निवेश किया है।

कंप्यूटिंग के क्षेत्र में फु दां यूनिवर्सिटी विश्व की टॉप दस में से एक है। एक ऑप्टिकल चिप, जिसे अक्सर फोटोनिक चिप भी कहा जाता है, एक माइक्रोचिप है, जो जानकारी भेजने और प्रोसेस करने के लिए लाइट वेव्स अर्थात प्रकाश कणों/तरंगों का इस्तेमाल करती है और यह मॉडर्न ऑप्टिकल कम्युनिकेशन सिस्टम में बहुत ज़रूरी भूमिका निभाती है। एक फोटोनिक चिप बनाने के लिए पारंपरिक फोटोलिथोग्राफी, एक्सट्रीम अल्ट्रावायलेट और रेजोनेंट फोटोनिक इंटरफेरोमेट्री की ज़रूरत होती है। इसमें अत्यंत बारीक पराबैंगनी किरण की बहुत तेज़ धार से सिलिकॉन और गैलियम नाइट्राइड के वेफर्स या चिप्पड़ों पर बनाए गए इंटिग्रेटेड सर्किट्स से करोड़ों की संख्या में ट्रांजिस्टर्स को चिपकाना संभव है, ताकि डाटा प्राप्त करने के बाद ये बहुत तेज़ी से काम करते हुए क्षणभर में निष्कर्ष निकाल सकें।



रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

चीन ने ऑप्टिकल चिप्स बनाने के लिए टेक्नोलॉजी डेवलप कर ली है, खासकर फोटोनिक कंप्यूटिंग के फील्ड में। शांगहाई में जिओ टोंग यूनिवर्सिटी और सिंग हुआ यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स द्वारा डेवलप की गई लाइट-जेन चिप, ऑप्टिकल एआई टेक्नोलॉजी में एक बड़ी तरक्की है, जो हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेज बनाने और वीडियो बनाने में सक्षम है। वैसे, शोध साहित्य देखा जाए तो इस टेक्नोलॉजी के विकास के लिए बेसिक रिसर्च सन् 2019 से ही हो रही है और चीन के साइंटिस्ट्स ने इस बारे में सर्वाधिक शोधपत्रों का प्रकाशन किया। ऑप्टिकल कंप्यूटिंग में चीन की रिसर्च से दुनिया की पहली ऑल-ऑप्टिकल कंप्यूटिंग चिप बनी है, जो बड़े पैमाने पर जेनरेटिव एआई मॉडल को सपोर्ट करती है। देश ने थिन-फिल्म लिथियम नायोबेट फोटोनिक चिप्स के लिए अपनी पहली प्रोडक्शन लाइन भी शुरू की है, जिससे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए ग्लोबल मार्केट में मुकाबला करने की स्थिति में आ गया है।

डेटा ट्रांसमिशन, मॉड्यूलेशन और डीमॉड्यूलेशन जैसे कई काम करने के लिए ऑप्टिकल चिप्स इलेक्ट्रिकल सिग्नल या इलेक्ट्रॉन्स के बजाय लाइट कणों फोटॉन का इस्तेमाल करती हैं। ये एक ही चिप पर कई ऑप्टिकल कंपोनेंट्स को इंटीग्रेट करती हैं, जिससे ऑप्टिकल सिग्नल की कुशल प्रोसेसिंग हो पाती है। यह टेक्नोलॉजी हाई-स्पीड डेटा कम्युनिकेशन के लिए बहुत ज़रूरी है, खासकर फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क में, जहां लाइट पल्स लंबी दूरी तक जानकारी ले जाती हैं।

भारत एक्टिव रूप से ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल और सब-असेंबली बनाने की जुगत में है, लेकिन पूरी तरह से इंटीग्रेटेड ऑप्टिकल चिप्स अथवा फोटोनिक इंटिग्रेटेड सर्किट्स बनाना एक मायने में एडवांस्ड लिथोग्राफी और मटेरियल एक्सपर्टाइज पर निर्भर करते हैं। भारत के अनुसंधानकर्मी इसे अभी भी स्वायत्त रहकर देश में डेवलप कर रहे हैं, परंतु समय सीमाएं और एडवांस्ड लिथोग्राफी और अत्यधिक सटीक फैब्रिकेशन के लिए चुनौतियां मौजूद हैं, जोकि फोटोनिक चिप्स और हाई-एंड ऑप्टिकल इंटिग्रेटेड सर्किट्स के लिए ज़रूरी हैं। फिलहाल एक फोटोनिक चिप के लिए एक फैब लगाना भारत की स्वदेशी क्षमताओं से पूरी तरह बाहर है।

मुख्य प्रोसेस नोड्स और ऑप्टिकल-ग्रेड सिलिकॉन-ऑन-इंसुलेटर या पीरियाडिक टेबल में ग्रुप III और V एलेमेंट्स/मटेरियल के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर या विदेशी सहयोग की ज़रूरत होती है। भारत ने 2018 व 2023 के बीच चिप डिजाइन और फैब्रिकेशन पर पब्लिश रिसर्च पेपर की संख्या में ग्लोबल लेवल पर तीसरा स्थान हासिल किया है, जैसा कि जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, यूएस द्वारा बनाए गए इमर्जिंग टेक्नोलॉजी ऑब्जर्वेटरी ने पुष्ट किया है।

# मर्यादित जीवन जीने वाला जीत लेता है हरेक का दिल

सामान्यतया सरल, शिष्ट एवं समाज के प्रति शालीनता का भाव प्रदर्शित करने को मर्यादायुक्त जीवन जीना कहते हैं। मर्यादित जीवन जीने वाला हरेक का दिल जीत लेता है। वह दूसरों को आदर देता है, तो बदले में आदर पाता भी है, जबकि अमर्यादित जीवन जीने वाले समाज में हेय दृष्टि से देखे जाते है, क्योंकि अमर्यादित जीवन वाला अपने पद एवं संपदा के बल पर अहंकारग्रस्त रहते हैं। अपने से अशक्त लोगों का माखौल उड़ाते हैं, जबकि मर्यादा का ख्याल रखने वाला कोशिश करता है कि उसके आचरण से दूसरों को कष्ट न हो।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

उदाहरण के रूप में लें तो त्रेतायुग के महानायक श्रीराम मनुष्य रूप में इतना मर्यादित आचरण करते हैं कि उनके नाम के आगे मर्यादा पुरुषोत्तम पद का उपयोग किया जाता है। भगवान राम की यह मर्यादा थी कि उन्हें 14 वर्ष वनवास का आदेश कराने वाली कैकेई एवं मंथरा तक को वे अपमानित नहीं करते, जबकि अयोध्या की जनता श्रीराम के साथ थी। वे चाहते तो जनता के बल पर सिंहासन हासिल कर सकते थे, लेकिन पिता का सम्मान करते हुए प्रसन्नता के साथ वनवास चले गए।

दूसरी ओर उसी युग में रावण का पूरा जीवन अमर्यादित था। अपनी शक्ति के बल पर अनाचार एवं अमर्यादित आचरण करता था। दूसरे की पत्नी पर कुदृष्टि डालने वाला सर्वाधिक अमर्यादित होता है। उसने भगवान श्रीराम की पत्नी का अपहरण किया। जिन-जिन लोगों ने इसकी निंदा की, उसे वह अपमानित करता रहा। यहां तक की उनकी पत्नी मंदोदरी तक ने जब इस गलत काम की निंदा की तो भी उसके ऊपर असर नहीं पड़ा। यहां तक कि भाई विभीषण को लंका से निकाल दिया।

इस तरह समाज मर्यादा पुरुषोत्तम की तरह आचरण करने वाले को सम्मान की नजर से देखता है। मर्यादापूर्ण जीवन से सुख-शांति मिलती है। कहते हैं कि इज्जत देने से इज्जत मिलती है। ऐसा नहीं हो एकता कि हम दूसरों का अपमान करें और बदले में वह इज्जत दे। भले अशक्त है तो चुप रह जाएगा, कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त करेगा, लेकिन मन ही मन कोसेगा जरूर। जीवन में शुभकामनाओं का एवं बद्दुआओं का असर पड़ता है। अतः कोशिश करनी चाहिए कि मर्यादापूर्ण जीवन जीते हुए लोगों की शुभकामनाएं ही मिलती रहें।

# सप्त चक्र और सप्त पावन पुरियां: आनंद की ओर एक अंतर्यात्रा

जैसे पतंग को आकाश में ऊंचा उड़ाने और धरती से साधने के लिए एक पतली डोर की आवश्यकता होती है। डोर भले ही भूमि पर रहती है, किंतु उसी के सहारे पतंग अनंत गगन में विचरती है। वह डोर 'सूत्र' कहलाती है। वैसे ही जीवन को ऊर्ध्वगामी बनाने और अनंत आकाश में विस्तार देने के लिए हमें भी एक ऐसे सूत्र की आवश्यकता होती है, जो पृथ्वी और आकाश, मानव और देवत्व के बीच सेतु का कार्य करे।



सूत्र ज्ञान का सार है, यह अल्प शब्दों में गहनतम अर्थ का प्रकाश छिपाए हुए है। हम जिस सूत्र को थामते हैं, वही हमारे जीवन की दिशा और गुणवत्ता निर्धारित करता है। प्रत्येक जीवन में शुभता की कोई न कोई ज्योति अवश्य विद्यमान होती है। प्रश्न यह है कि हम उस शुभता को पकड़ते हैं या दुर्भाग्य और नकारात्मकता से चिपके रहते हैं।

हर जीवन में कुछ न कुछ मंगल घटित हुआ है, परंतु मन की प्रवृत्ति प्रायः सकारात्मक को उपेक्षित कर नकारात्मक को पकड़ लेने की होती है। इस वृत्ति को रूपांतरित करने के लिए हमें 'शिव सूत्रों' का आश्रय लेने का संकेत दिया गया है। ये सूत्र हमें सत्य, सौंदर्य और 'शिव तत्त्व', अर्थात्शुभता और निर्दोषिता के सिद्धांत की ओर अग्रसर करते हैं, इसीलिए शिव सूत्रों का अध्ययन और मनन करने की प्रेरणा सदा से दी जाती रही है।



गुरुदेव श्री श्री रविशंकर
आध्यात्मिक गुरु

'शिव सूत्र' सनातन होते हुए भी निर्मल वायु के ताज़ा झोंके की तरह सदा नवीन हैं। वे मन को मुक्त करते हैं और आनंद का संचार करते हैं। वे मात्र दर्शन नहीं, अपितु चेतना का विज्ञान हैं। पांच-छः वर्ष के बालक या कुछ महीनों के शिशु को देखिए, उनके प्रत्येक कोश में उत्साह का प्रवाह स्पंदित होता है। अब वयस्कों को देखिए, आयु के साथ उनका उत्साह क्षीण होता जाता है। जब उत्साह ही मंद पड़ जाए, तो क्या हम वास्तव में जीवित हैं? यह ह्रास हमारे ही निर्मित 'विश्व' के कारण होता है। उस संसार के कारण, जिसे हमने अपने मन में रचा है।

क्या इसका समाधान समाज से पलायन कर हिमालय की गुफाओं में जा बैठना है? मात्र गुफा में प्रवेश कर लेने से आनंद नहीं मिलता, क्योंकि संसार बाहर नहीं, मन में विद्यमान है। उसे आपने ही रचा है और आप ही उसका विसर्जन कर सकते हैं। समाधान आपके ही भीतर निहित है।

शिव सूत्र का एक वाक्य स्पष्ट दिशा देता है-
'शक्ति-चक्र-संधाने विश्वसंहारः।'

अर्थात् जब साधक अपने भीतर स्थित विभिन्न ऊर्जा-केंद्रों पर सजगता लाता है और उनका साक्षी बनता है, तब चिंताओं और चंचल विचारों का विश्व स्वयं विलीन हो जाता है। शांति स्वयमेव अवतरित होती है। यही बहिरंग को छोड़ अंतर्मुख होने की कला है।

विभिन्न भावनाएं शरीर के भिन्न-भिन्न केंद्रों को सक्रिय करती हैं। क्रोध उत्पन्न होता है तो भ्रूमध्य में स्पंदन अनुभव होता है। विषाद आता है तो कंठ अवरुद्ध हो उठता है। घृणा हृदय प्रदेश में हलचल करती है, जबकि ईर्ष्या उदर में मंथन उत्पन्न करती है। सद्भाव भी वहीं से अंकुरित होता है। प्रेम का अनुभव भी हृदय क्षेत्र में ही होता है।

यह सूक्ष्म जगत् विराट जगत् से जुड़ा हुआ है। शरीर में सात प्रमुख चक्रों के रूप में सात ऊर्जा केंद्र स्थित हैं, जिन्हें सहस्रों सूक्ष्म नाड़ियों का जाल जोड़ता है। आश्चर्य की बात है कि ये सात चक्र भारत के सात पवित्र नगरों से भी संबद्ध माने गए हैं, माया या हरिद्वार, कांची, अयोध्या, मथुरा, काशी, अवंती (उज्जयिनी) और द्वारका।

चक्रों को भौतिक चक्र के रूप में कल्पित न करें। ध्यान के समय केवल सजगता को उन केंद्रों तक ले जाना ही पर्याप्त है। ऐसा करते ही नकारात्मक ऊर्जा क्षीण होने लगती है और सकारात्मक गुण जागृत होते हैं। माया या हरिद्वार, मेरुदंड के आधार पर स्थित मूलाधार चक्र का प्रतीक है। जड़ता के हटते ही उत्साह जागृत होता है और यात्रा आरंभ होती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## ब्रीफ न्यूज

### धौराडाम में डूबा बारहसिंगा कर्मचारियों ने बचाई जान

**पंतनगर :** नजीमाबाद मछली झाले के पास धौराडाम में डूब रहे एक बारहसिंगा का मत्स्य विभाग और वन विभाग की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार, अचानक खेत से निकलकर एक बारहसिंगा बांध के गहरे पानी में कूद गया और कुछ दूर तैरने के बाद डूबने लगा। वहां टहल रहे मत्स्य विभाग के केयरटेकर मोहम्मद शाद की नजर जब डूबते वन्यजीव पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत अन्य कर्मचारियों को बुलाकर नाव की मदद से भारी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर शिव सिंह डांगी, फॉरेस्ट गार्ड नवल किशोर और अन्य वनकर्मियों की मौजूदगी में बारहसिंगा को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। इस कार्य में मोहम्मद इरफान, हरीश बिष्ट और बहादुर मेहता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विधायक बेहड़ ने किया शिवभक्तों का स्वागत

**किच्छा :** हरिद्वार से गंगाजल लेकर पैदल पहुँचे कांवड़ियों का विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रुद्रपुर मार्ग स्थित आदित्य चौक पर शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें फल व प्रसाद वितरित किया गया। विधायक बेहड़ ने कहा कि भोलेनाथ की आराधना से आत्मिक शांति मिलती है। उन्होंने पंडालों में जाकर शिवभक्तों का आशीर्वाद भी लिया।

# भारतीय संस्कृति और स्वदेशी विचारों से बनेगा विकसित भारत

## चारधाम मंदिर लामाचौड़ में विराट हिंदू सम्मेलन, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान

**वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी**



हल्द्वानी के हिम्मतपुर तल्ला में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्री चारधाम मंदिर, लामाचौड़ में सकल सनातन समिति की ओर से हिंदू सम्मेलन किया गया। इसमें हिंदू समाज को संगठित रहने, सकारात्मक दिशा देने और प्राचीन भारतीय संस्कृति व स्वदेशी विचारों के माध्यम से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया। संघ के प्रांत बाल प्रमुख डॉ. शील निधि ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा स्थापित संघ ने विपरीत परिस्थितियों में भी हिंदू समाज को एकजुट करने का कार्य किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत प्राचीन काल से ही हिंदू राष्ट्र है। इसे अलग से बनाने की आवश्यकता नहीं। वर्ण व्यवस्था जन्म पर नहीं, बल्कि कार्य पर आधारित थी और व्यक्ति के कार्यों के साथ बदलती रहती है। जातियों में बांटकर समाज को तोड़ने के प्रयासों का विरोध करते हुए उन्होंने एकता पर जोर दिया। आध्यात्मिक गुरु सोमेश्वर यति महाराज ने मातृभूमि के प्राचीन गौरव को बचाने के लिए सभी हिंदुओं को संगठित रहने का आह्वान किया। मातृशक्ति की ओर से डॉ. शुभांगिनी ने सनातन परंपरा और हिंदू धर्म के उत्थान के लिए संगठित प्रयासों की आवश्यकता बताई। चंदन किरौला, डॉ. छवि काण्डपाल, संत सीताराम बाबा, कथाकार कपिल देव, जिला प्रचारक जितेंद्र, नगर प्रचारक प्रभाकर, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, राज्यमंत्री सुरेश भट्ट रहे।

### हिंदू जगेगा तो विश्व जगेगा: प्रोफेसर शिवेंद्र

**हल्द्वानी :** हिम्मतपुर तल्ला में शनिवार को वार्ड संख्या 40 व 41 के सकल सनातन समाज की ओर से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 2 हजार से अधिक लोगों ने एकजुट होकर हिंदू राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत महाविद्यालयीन विद्यार्थी प्रमुख प्रोफेसर शिवेंद्र कश्यप ने कहा कि हिंदू जगेगा तो विश्व जगेगा। उन्होंने डॉ. हेडगेवार के संघर्षों को याद करते हुए बताया कि संस्कृति सुरक्षित रहने पर ही देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा। महिला वक्ता रेखा नेगी ने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण और स्वदेशी जीवनशैली जैसे पंच परिवर्तनों पर जोर दिया। निरंकारी संत समाज के वक्ता ने कहा कि हमें राम को मानने के साथ ही 'राम की मानने' वाला भी बनना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में जुटे लोगों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में मातृशक्ति एवं सनातनी जनमानस उपस्थित रहा।

## पर्वतीय क्षेत्रों में 5वीं अनुसूची लागू की जाए

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड एकता मंच ने पर्वतीय क्षेत्रों में संविधान की 5वीं अनुसूची लागू करने और जनजातीय दर्जा बहाली की मांग को लेकर शनिवार को बुद्ध पार्क में जनसभा की। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1972 तक पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष प्रावधान लागू थे, जिन्हें बाद में समाप्त कर दिया गया।

उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि 1874 में शेड्यूल्ड डिस्ट्रिक्ट एक्ट, 1921 में नॉन रेगुलेशन सिस्टम और 1935 में बहिष्कृत क्षेत्र का दर्जा लागू था। मंच के पदाधिकारियों ने लोकुर समिति (1965) के मानकों का हवाला देते हुए कुमाऊंनी-गढ़वाली मूल निवासियों को जनजातीय दर्जे का पात्र बताया।

उनका कहना था कि 5वीं अनुसूची लागू होने से जल-जंगल-जमीन पर स्थानीय अधिकार, सशक्त भू-कानून और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को मजबूती मिलेगी। सभा में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान दीप चंद्र पांडे, नरेंद्र सती, प्रयाग सिंह जीना, बसंत पांडेय, गौरव गोस्वामी, डॉ विक्रम सिंह माहोरी आदि उपस्थित रहे।

# बाघ को पकड़ने के लिए गश्त कर रहे वन कर्मी

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**



उच्च अधिकारियों से बाघ को पकड़ने की अनुमति मिलने के बाद दो पिंजड़े लगाने के साथ ही मूवमेंट की निगरानी के लिए ट्रैपिंग कैमरा लगाए गए हैं। दो वन टीमें लगातार गश्त कर रही हैं, जल्द ही बाघ को पकड़ लिया जाएगा।
**-ध्रुव सिंह मर्तोलिया**, डीएफओ, रामनगर

**अमृत विचार :** लामाचौड़ के जंगलों में वृद्धा को निवाला बनाने वाले बाघ की तलाश में दो वन टीमें जंगलों की खाक छान रही हैं। वहीं, बाघ के मूवमेंट पर निगरानी के लिए 10 ट्रैपिंग कैमरा लगाए गए हैं। फिलहाल वन मुस्तैदी से बाघ की तलाश में जुटा है।

रामनगर वन डिवीजन की फतेहपुर वन रेंज के अंतर्गत लामाचौड़ के जंगलों में घास लेने गई गंगा देवी (66) को बाघ ने निवाला बना लिया था। घटना के वक्त वृद्धा की बड़ी बहू पुष्पा गोस्वामी पत्नी पूरन गोस्वामी व पड़ोसी हेमा जोशी साथ में थीं। घटना के बाद डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया मौके पर पहुंचे और वन टीम के साथ सर्च ऑपरेशन चलाकर मृतका का शव बरामद किया था। इधर, डीएफओ मर्तोलिया ने बाघ को पकड़ने के लिए उच्च अधिकारियों से अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। बाघ के मूवमेंट पर निगरानी के लिए 10 ट्रैपिंग कैमरा भी लगाए गए हैं। इसके अलाव बाघ को पकड़ने के लिए घटनास्थल पर दो पिंजड़े लगाए गए हैं। दरअसल, बाघ एक बार जहां शिकार करता है, फिर शिकार की तलाश में बार-बार उस स्थान पर आता है। इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने कहा कि विधायक बंशीधर भगत ने वन्यजीवों से होने वाले जान-माल के नुकसान की रोकथाम के लिए वन विभाग को जरूरी निर्देश दिए हैं। डीएफओ से वार्ता की गई है, जंगलात से बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़े लगाने के साथ ही पैट्रोलिंग और सोलर फेसिंग आदि बचाव के उपाय करने को कहा गया है।

# उत्साह से मना वैलेंटाइन डे का जश्न

**संवाददाता, हल्द्वानी**



वैलेंटाइन डे। (फोटो ए आई)

**अमृत विचारः** बसंत की हल्की गुनगुनी धूप और फिजाओं में घुली ताजगी के बीच शहर के युवाओं ने वैलेंटाइन डे का जश्न बड़े ही उत्साह और शालीनता के साथ मनाया। नैनीताल रोड से लेकर मुखानी तक, पूरे शहर में एक अलग ही रौनक देखने को मिली। सुबह से ही शहर के मुख्य बाजार में फूलों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। प्यार के इजहार के प्रतीक 'लाल गुलाब' की मांग इतनी अधिक रही कि दोपहर होते-होते कई दुकानों पर 'सोल्ड आउट' के बोर्ड नजर आए। साथ ही टेडी बियर, पर्सनलाइज्ड कार्ड्स और चॉकलेट हैम्पर्स की जमकर खरीदारी हुई। मांग बढ़ने के कारण एक गुलाब की कीमत आज 80 से 100 तक पहुंच गई। शहर के नैनीताल रोड स्थित बड़े कैफे और रेस्टोरेंट्स को सजाया गया था। कपल्स को लुभाने के लिए कई जगहों पर 'लाइव म्यूजिक' और 'कैंडल लाइट डिनर' के विशेष इंतजाम किए गए हैं। वैलेंटाइन डे को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। वैलेंटाइन डे का यह दिन सिर्फ कपल्स तक सीमित नहीं रहा। कई युवा अपने माता-पिता और दोस्तों के साथ सेल्फी पॉइंट पर फोटो खिंचवाते और उन्हें तोहफे देकर प्यार जताते नजर आए। गौल पार और सुलभ इंटरनेशनल जैसे पिकनिक स्पॉट्स पर भी परिवारों और दोस्तों की अच्छी खासी भीड़ रही, जिससे यह साबित हुआ कि प्यार का यह दिन हर उस रिश्ते के लिए है जो हमारे दिल के करीब है।

# जेब से गिरा मोबाइल, बैंक खाते से उड़े 7 लाख रुपए

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** काठगोदाम क्षेत्र में ठेकेदारी का काम करने वाले एक व्यक्ति का मोबाइल फोन गिरने के बाद उसके बैंक खाते से सात लाख रुपये निकाल लिए गए। हैरानी की बात यह है कि पीड़ित के मोबाइल में किसी भी प्रकार की डिजिटल लेन-देन से जुड़ी ऐप इंस्टॉल नहीं थी। मोबाइल गुम होने की सूचना देने के बावजूद काठगोदाम थाने में उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

काठगोदाम थाना क्षेत्र के चौफुला निवासी राजेंद्र कुमार की वह पेशे से ठेकेदार है। उसने बताया कि छह फरवरी को किसी काम से निकलते समय उसका मोबाइल फोन गिर गया। उन्हें इसका पता काफी दूर पहुंचने पर लगा। उसने तत्काल थाने पहुंचकर मोबाइल गुम होने की जानकारी दी, लेकिन शिकायत दर्ज नहीं की गई। राजेंद्र कुमार के अनुसार, मोबाइल में आधार, बैंक खाता और पैन कार्ड से जुड़ी जानकारियां सेव थीं। जब वह बैंक गया तो पता चला कि छह से 11 फरवरी के बीच अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए उनके खाते से कुल सात लाख रुपये निकाल लिए गए हैं। यह रकम मकान निर्माण कार्य के लिए मिली थी, जो खाते में जमा थी। घटना सामने आने के बाद पीड़ित ने हल्द्वानी साइबर सेल में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। साइबर सेल प्रभारी गणेश मनोला ने बताया कि मोबाइल से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जांच शुरू कर दी गई है।

# नोमान को राष्ट्रीय बॉक्सिंग में कांस्य पदक

**संवाददाता, काशीपुर**


काशीपुर में पदक विजेताओं का सम्मान करते कॉलेज के शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्र अनय श्रीवास्तव और नोमान रजा खान, गौरव रुहेला, आदर्श चौधरी, अंकुश जिन्होंने राज्य और राष्ट्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

कक्षा 10वीं के छात्र नोमान रजा खान पुत्र मुख्तार खान ने बेंगलुरु कर्नाटक में 5 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित 69वें नेशनल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया अंडर-19 बॉक्सिंग प्रतियोगिता जबरदस्त प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं कक्षा 8 के छात्र अनय श्रीवास्तव पुत्र संदीप श्रीवास्तव ने खेल महाकुंभ मुख्यमंत्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता की राज्य स्तरीय अंडर 14 बैडमिंटन युगल खेल विधा में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रमाण-पत्र, शील्ड तथा 1500 रुपये नकद धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्राप्त की। वहीं भिवानी हरियाणा में आयोजित 69वें स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय एथलेटिक्स अंडर-19 क्रॉस कंट्री में 11 वीं के छात्र आदर्श चौधरी ने प्रतिभाग कर प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बैडमिंटन में छात्र गौरव रुहेला ने अपना परचम लहराया। राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में छात्र अंकुश ने अपना दमखम दिखाया। इस दौरान विद्यालय कार्यकारिणी सदस्य ऋषि अग्रवाल एडवोकेट, मेजर मुनीशकांत शर्मा, रोशन लाल वर्मा, महेश चंद्र आर्या, मनोज शर्मा, कौशलेश गुप्ता, खेल प्रभारी चौ. नवनीत सिंह, अधिवक्ता शुभम सिंघल, कपिल भारद्वाज, बलजीत सिंह, दीपक शर्मा, अनिल कुमार सिंह, रमेश कुमार पांडेय रहे।


मैथ्स विजार्ड विजेता ऋषभ को पुरस्कृत करते डायट के प्रवक्ता।

### गणित के जादूगर बने ऋषभ, यशवंत स्पैल जीनियस

**शक्तिफार्म :** जिलास्तरीय मैथ्स विजार्ड (गणित का जादूगर) प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय आनंदनगर तिलियापुर के ऋषभ कुमार और स्पैल जीनियस प्रतियोगिता में खटीमा के यशवंत ने गोल्ड मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता में जनपद के सातों विकास खंड से चयनित छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मैथ्स विजार्ड कंप्टीशन में सितारगंज ब्लाक के आनंदनगर तिलियापुर स्कूल के ऋषभ कुमार ने प्रथम, खटीमा ब्लाक के रूही राना और निशान्त ने द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्पैल जीनियस में प्राथमिक विद्यालय खटीमा सेकंड के यशवंत ने प्रथम, अर्पित सिंह ने द्वितीय और रुद्रपुर के सुभान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डायट के प्रवक्ता मनोज जोशी, सीमा त्रिवेदी, अनीता चावला, चेतना मिश्रा, ब्रजेश उप्रेती, प्रियंका कोश्यारी निर्णायक रहे। विजेता छात्रों को मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डायट प्रभारी भोपाल सिंह नेगी, दिनेश बिष्ट, जयंत मंडल, दुर्लभ राय, गोविंद रहे।

# एएनझा कॉलेज का वार्षिकोत्सव मना

**संवाददाता, रुद्रपुर**



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं स्कूली छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए छात्रों को भविष्य में अच्छे नागरिक बनकर देश सेवा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान महापौर शर्मा ने कहा कि वर्तमान में उनकी सरकार विद्यालयों पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रही है। जिसके तहत पीएम श्री विद्यालयों में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशिष्ट अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने कार्यक्रमों की प्रशंसा की। साथ ही छात्रों को सदाचार और अनुशासित रहने की नसीहत भी दी। इस दौरान बच्चों ने कुमाऊंनी, गढ़वाली, राजस्थानी लोक नृत्य के साथ मोबाइल के दुष्प्रभाव, शिक्षा का महत्व इत्यादि नाटकों के माध्यम से प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दया शंकर पांडेय विद्यालय की वर्ष भर की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र पांडे, ओमप्रकाश शुक्ला, राजपति बिंद, गिरीश शर्मा, डॉक्टर विपिन गुप्ता, राघवेंद्र प्रताप सिंह, भुवन चंद जोशी, शंकर दत्त पाठक, प्रज्ञा त्रिपाठी, कृष्ण राम आर्य, कमला पांडेय, यतेंद्र सिंह यादव, गोविंद सिंह बिष्ट, मोहम्मद लुकमान, विवेक पवार, हरीश राणा रहे।

## 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई दी गई

**खटीमाः** राम कुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए शुभकामना समारोह आयोजित किया गया।

शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. भगत सिंह बोरा ने मां शारदे के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में 11वीं के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। वहीं 12वीं के कक्षाध्यापकों चंद्रपाल, राजेंद्र, हिमांशु, गिरीश और सुजाता ने बच्चों से बोर्ड परीक्षा हेतु शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं ईमानदारी का महत्व बताया। यहां संभाग निरीक्षक कुमाऊं मंडल डॉ. सुरेशानंद, कैप्टन दीवानी चंद, शोभा बोरा, शेर सिंह बिष्ट, मोहनी पोखरिया, राकेश राना, रंजन रहे।

# औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों में दवाओं की जांच की

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचारः** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने रामनगर क्षेत्र के चोरपानी और पीरुमदारा में कोडीन युक्त कफ सिरप और मनःप्रभावी औषधियों की अवैध बिक्री और दुरुपयोग को रोकने के लिए औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत औषधि निरीक्षक अर्चना ने स्थानीय औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में उपलब्ध दवाओं के स्टॉक का सत्यापन किया गया, साथ ही खरीद-बिक्री से संबंधित अभिलेखों की भी गहन जांच की गई।

अर्चना ने स्पष्ट किया कि कोडीन युक्त कफ सिरप, एंटीबायोटिक और मनःप्रभावी औषधियों की बिक्री केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट और पंजीकृत चिकित्सक द्वारा जारी वैध प्रिस्क्रिप्शन पर ही की जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कुल पांच औषधि नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए राजकीय औषधि विश्लेषणशाला भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, औषधि प्रतिष्ठानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों और उनकी रिकॉर्डिंग व्यवस्था की भी जांच की गई। औषधि निरीक्षक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कोडीन युक्त कफ सिरप और मनःप्रभावी औषधियों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना और नियमों का कड़ाई से पालन कराना है।

# झिरना जोन में दिखा दुर्लभ येलो थ्रोटेड मार्टेन

**संवाददाता, रामनगर**


रना पर्यटन जोन में दिखा येलो थ्रोटेड मार्टेन। (फोटो संजय छिम्वाल)।

**अमृत विचारः** विश्व प्रसिद्ध कौर्बेट टाइगर रिज़र्व के झिरना पर्यटन जोन में एक दुर्लभ वन्यजीव, येलो थ्रोटेड मार्टेन, दिखाई दिया है। यह प्रजाति जंगल में बहुत कम देखने को मिलती है, इसलिए इसका दिखाई देना वन्यजीव प्रेमियों के लिए किसी उपहार से कम नहीं माना जा रहा है।

इस दुर्लभ जीव को वन्यजीव प्रेमी संजय छिम्वाल ने अपने कैमरे में कैद किया। बताया जा रहा है कि यह दृश्य झिरना पर्यटन जोन क्षेत्र में देखा गया, जहां मार्टेन पेड़ों के बीच तेजी से दौड़ता और भोजन की तलाश करता नजर आया। इसकी पीली गर्दन और गले के हिस्से के कारण इसे 'येलो थ्रोटेड मार्टेन' कहा जाता है। वन विशेषज्ञों के अनुसार, येलो थ्रोटेड मार्टेन एक फुर्तीला और बुद्धिमान मांसाहारी जीव है, जो आमतौर पर घने जंगलों और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाया जाता है। यह छोटे जीवों, पक्षियों और फलों को भोजन के रूप में ग्रहण करता है। हालांकि यह इंसानों के लिए खतरनाक नहीं होता, लेकिन इसकी मौजूदगी जंगल के स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत मानी जाती है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बाघ, हाथी, गुलदार और अन्य वन्यजीवों के अलावा ऐसे दुर्लभ जीवों का दिखाई देना इस क्षेत्र की जैव विविधता को और भी खास बनाता है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पर्यटकों को जंगल सफारी के दौरान वन्यजीवों से सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए और शोर-शराबा से बचना चाहिए, ताकि वन्यजीवों का प्राकृतिक व्यवहार प्रभावित न हो। वन्यजीव प्रेमी संजय छिम्वाल ने इस दुर्लभ वन्यजीव येलो थ्रोटेड मार्टेन की यह झलक कॉर्बेट की समृद्ध वन संपदा और प्राकृतिक सौंदर्य का एक जीवंत उदाहरण पेश की है।

# क्लास से विद्यार्थी गायब, प्राचार्य व वार्डन से मांगा स्पष्टीकरण

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**


मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. अजय आर्या।

**अमृत विचार :** चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. अजय आर्या ने शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज व एसटीएच का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल विद्यार्थियों के क्लास और प्रैक्टिकल-क्लीनिकल ट्रेनिंग से गायब रहने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने प्राचार्य व वार्डन का स्पष्टीकरण मांगा है तो प्रोफेसरों से सख्ती बरतने को कहा है।

डॉ. आर्या ने लेक्चर थिएटरों की जांच की तो चार में से तीन थिएटरों में छात्रों की हाजिरी 50 फीसदी से भी कम थी। जब उन्होंने प्रोफेसरों से बातचीत की तो पता चला कि अधिकांश विद्यार्थी नियमित रूप से क्लास अटैंड नहीं कर रहे हैं। इतना ही नहीं वे अस्पताल में भी समय से ड्यूटी से नहीं पहुंच रहे हैं, या गायब हो रहे हैं। इस पर डॉ. आर्या ने गहरी नाराजगी जताई और विद्यार्थियों की अटैंडेंस की पूरी रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा प्राचार्य व वार्डन से भी स्पष्टीकरण मांगा है। इधर, एसटीएच में कैथलैब के निरीक्षण के दौरान एसएस डॉ. अरुण जोशी से लैब की जानकारी ली। उन्होंने मीडिया से हुईबातचीत में बताया कि सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को यू कोड वी पे पॉलिसी केतहत नियुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए दून मेडिकल कॉलेज में तैनात कार्डियोलॉजिस्ट की दो दिन एसटीएच की कैथ लैब में नियुक्त किया जाएगा ताकि लैब में लगी सभी मशीनों की सटीक जांच हो सके। राजकीय मेडिकल कॉलेज से बॉन्ड के तहत पीजी की पढ़ाई कर चुके दो डॉक्टर्स जिन्होंने डीएम कार्डियोलॉजिस्ट किया है, उन्हें भी कैथलैब में नियुक्त करने पर मंथन है। फिर उन्होंने स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट का भी निरीक्षण किया।

## नर्सों के बिना स्वास्थ्य सेवाओं की कल्पना संभव नहीं: आर्या

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के परिसर स्थित ऑडिटोरियम में नर्सिंग कॉलेज के नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का किया गया। इसमें कॉलेज प्रशासन, संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

समारोह का शुभारंभ चिकित्सा शिक्षा निदेशक प्रो. डॉ. अजय आर्या ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नर्सें चिकित्सा व्यवस्था की रीढ़ होती हैं, उनके बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की कल्पना संभव नहीं है। प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल ने कहा कि उन्हें फ्लोरेंस नाइटेंगल से प्रेरणा लेकर निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करनी चाहिए। नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम है। राजकीय नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शबिस्ता अहमद ने छात्र-छात्राओं को सेवा भाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं नैतिक मूल्यों के पालन की शपथ दिलाई गई। छात्र-छात्राओं ने भारत की सांस्कृतिक विविधता की सुंदर झलक प्रस्तुत की। इस दौरान डॉ. आरजी नौटियाल, डॉ. उमेश, डॉ. हरिशंकर पांडे, डॉ. दीपा देउपा, डॉ. आशीष कुमार, आशा गंगोला आदि मौजूद थे।

**11,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, तेलंगाना और गुजरात में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शनिवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने शुक्रवार को 3,320.38 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर महाराष्ट्र में एनएच-160ए के घोटी-त्र्यंबक-जवाहर-मनोर-पालघर खंड के पुनर्वास और उन्नयन को मंजूरी दे दी।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 15 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2595, राज श्री 1900, फ़ॉर्चून कि. 2410, रविन्द्रा 2510, फॉर्चुन 13kg 2130, जय जवान 2110, सचिन 2190, सूरज 2110, अवसर 1940, उजाला 1920, गृहणी 13 kg 1960, क्लासिक (kg) 2310, मोर 2305, चक्र टिन 2360, ब्लू 2200, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2550

**किराना** – महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100

**चावल (प्रति कु.)**: डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी** – पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

**बरेली सर्राफा** –(प्रति 10 ग्राम) गोल्ड (पक्के जेवर) 160000, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 156000, सिल्वर (पक्की) 2525 (अनुमानित)।

# शहरी अवसंरचना के लिए एक लाख करोड़ का अर्बन चैलेंज फंड

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय सहायता के साथ यूसीएफ शुरू करने को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी अवसंरचना को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए, शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) शुरू करने को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी, बशर्ते कि परियोजना के लिए, कम से कम 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया गया हो।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है। यह कदम भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसके तहत अब अनुदान-आधारित वित्तपोषण के बजाय बाजार से जुड़े, सुधार-



- **बाजार से जुटाए 50% धन के बाद केंद्र परियोजना लागत का 25% हिस्सा करेगी वहन**

आधारित और परिणाम-उन्मुख बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया जाएगा। शहरी अवसंरचना के विकास पर केंद्रित यह कोष उच्च गुणवत्ता वाले शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बाजार वित्तपोषण, निजी क्षेत्र की भागीदारी और नागरिक-केंद्रित सुधारों का लाभ उठाएगा। इस कोष का लक्ष्य शहरों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति सुदृढ़, उत्पादक, समावेशी और जलवायु-अनुकूल बनाना है, ताकि उन्हें देश की आर्थिक वृद्धि के अगले चरण के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित किया जा सके। यह कोष वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक प्रभावी रहेगा, जिसे वित्त वर्ष 2033-34 तक बढ़ाया जा सकता है। यह योजना बजट 2025-26 के उस दृष्टिकोण को लागू करती है जिसमें शहरों को वृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करने और शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास का प्रस्ताव दिया गया था।

### चैलेंज मोड से होगा परियोजनाओं का चयन

सरकार के अनुसार, परियोजना के वित्तपोषण का कम–से–कम 50 प्रतिशत हिस्सा म्यूनिसिपल बॉण्ड, बैंक ऋण और सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) जैसे बाजार स्रोतों से जुटाना अनिवार्य होगा। शेष हिस्सा राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों या शहरी स्थानीय निकायों द्वारा वहन किया जा सकता है। परियोजनाओं का चयन पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी ''चैलेंज मोड'' से किया जाएगा। यह कोष 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों, सभी राज्यों की राजधानियों और एक लाख से अधिक आबादी वाले प्रमुख औद्योगिक शहरों को कवर करेगा। साथ ही, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के सभी शहरी स्थानीय निकायों और एक लाख से कम आबादी वाले छोटे निकायों को ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना के तहत सहायता दी जाएगी।

### 5,000 करोड़ की ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना

परियोजनाओं का मूल्यांकन उनके आर्थिक, सामाजिक और जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रभाव, रोजगार सृजन, सुरक्षा और स्वच्छता जैसे मानकों पर किया जाएगा। पूर्वोत्तर, पहाड़ी राज्यों और छोटे निकायों को बाजार से कर्ज लेने में मदद करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की ऋण पुनर्भुगतान गारंटी योजना को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत पहले ऋण के लिए सात करोड़ रुपये या ऋण राशि का 70 प्रतिशत (जो भी कम हो) की केंद्रीय गारंटी दी जाएगी। पहले ऋण का सफलतापूर्वक पुनर्भुगतान करने पर, अगले कर्ज के लिए सात करोड़ रुपये या ऋण राशि का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, उसकी केंद्रीय गारंटी प्रदान की जाएगी।

# अमेरिकी समझौते से भारत को मिलेगा प्रतिस्पर्धी दाम पर कच्चा तेल

**मुंबई, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता देश की ऊर्जा जरूरतों को भी शामिल करेगा और इससे भारत को कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर हासिल करने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 500 अरब डॉलर के व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी भारत की ऊर्जा जरूरतें भी शामिल होंगी। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और इसकी ऊर्जा मांग प्रतिवर्ष लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। आयात बढ़ाने और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या अधिक होने से कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्राप्त किया जा सकेगा। भारत और अमेरिका ने पिछले सप्ताह एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा



पर सहमति की घोषणा की थी, जिसके तहत कई वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती कर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा। समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला पर आयात शुल्क खत्म कर देगा या उसमें कटौती करेगा।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत वर्तमान में करीब 14 करोड़ टन इस्पात का वार्षिक उत्पादन करता है और आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की उम्मीद है। इसके लिए देश को इस्पात निर्माण में प्रयुक्त विशेष कोयला कोकिंग कोल की जरूरत

- **2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमत**
- **केंद्रीय उद्योग मंत्री बोले- व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी ऊर्जा जरूरतें शामिल**

होगी, जिसका आयात फिलहाल लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये का है और इसके तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत कोकिंग कोल के आयात के लिए दो-तीन देशों पर निर्भर है और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या बढ़ने से प्रतिस्पर्धी मूल्य और आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित होगी। गोयल ने कहा कि अमेरिका बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी और वितरण से जुड़े उत्पादों में मजबूत है और भारत इन क्षेत्रों में अधिक पहुंच चाहता है ताकि डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में विस्तार किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) निर्यात फिलहाल करीब 200 अरब डॉलर (करीब 18 लाख करोड़ रुपये) है और उन्नत अमेरिकी उपकरणों तक पहुंच से इस क्षेत्र में और बढ़ोतरी होगी। इस तरह आईटी निर्यात लगभग 45 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

# चावल सस्ता, चीनी महंगी खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, एजेंसी**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में टिकाव रहा जबकि चीनी की कीमत बढ़ गयी। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये घटकर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटा 23 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 83 रुपये सस्ती हुई। चना दाल 68 रुपये और तुअर दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी।

वहीं, उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 186 रुपये और पाम ऑयल 173 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 78 रुपये और सरसों तेल 55 रुपये मजबूत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 32 रुपये सस्ता हुआ।

# जियो समेत 10 देशों की 15 टेक कंपनियों ने बनाया ट्रस्टेड टेक एलायंस

**म्यूनिख, एजेंसी**

रिलायंस जियो समेत अफ्रीका, एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका की 15 अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने ट्रस्टेड टेक एलायंस (टीटीए) के गठन की घोषणा की है। जियो ने शनिवार को बताया कि यह गठबंधन संचार सुविधा, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करने के लिए साथ आये हैं। एलायंस में भारत की ओर से जियो प्लेटफॉर्म्स शामिल है।

जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान इस एलायंस का एलान किया गया। गठबंधन के संस्थापक सदस्यों में अमेजन, वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी जैसी कुल 15 कंपनियां शामिल हैं। भविष्य में और कंपनियों को इससे जोड़ा जायेगा तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी संप्रभुता, प्रतिस्पर्धात्मकता और लचीले डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम जारी रहेगा।

- **जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान एलायंस का किया गया एलान**

लॉन्च के मौके पर जियो प्लेटफॉर्म्स के सीईओ किरण थॉमस ने कहा कि विश्व स्तर पर डिजिटल विकास की गति देने के लिए भरोसेमंद, सुरक्षित और पारदर्शी प्रौद्योगिकी जरूरी है। जियो प्लेटफॉर्म्स को टेक्नोलॉजी स्टैक में साझा मानक और सत्यापित किए जा सकने वाले तौर-तरीकों को आगे बढ़ाने के लिए, ट्रस्टेड टेक एलायंस में शामिल होने पर गर्व है। इस पहल के जरिये हम वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर अगली पीढ़ी की संचार सुविधा, क्लाउड और एआई प्रणालियों में दीर्घकालिक भरोसा कायम करना चाहते हैं। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है, ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सकें। एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है। एलायंस के तहत सदस्य कंपनियों ने पांच प्रमुख सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इनमें पारदर्शी कॉरपोरेट प्रशासन और नैतिक आचरण, सुरक्षित विकास प्रक्रिया और स्वतंत्र मूल्यांकन, मजबूत सप्लाई चेन व सुरक्षा निगरानी, खुला और सहयोगात्मक तथा लचीले डिजिटल पारितंत्र को बढ़ावा देना और कानून के अनुरूप डेटा सुरक्षा का सम्मान शामिल है। इन सिद्धांतों के माध्यम से कंपनियां यह सुनिश्चित करेंगी कि तकनीक सुरक्षित, विश्वसनीय और जिम्मेदारी के साथ संचालित हो, चाहे उसका विकास या उपयोग कहीं भी हो।

### ट्रेनेस का अधिग्रहण करेगी इक्सिगो

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग पोर्टल इक्सिगो के निदेशक मंडल ने स्पेन के दूसरे सबसे बड़े ट्रेन बुकिंग मंच ''ट्रेनेस'' में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी को 1.17 करोड़ यूरो (125 करोड़ रुपये) में अधिग्रहण करने संबंधी बाध्यकारी समझौते को मंजूरी दे दी है।



# राहुल गांधी अपरिपक्व, उन्हें अर्थव्यवस्था की समझ नहीं : गोयल

## विपक्ष के पास सरकार की आलोचना के लिए कोई रचनात्मक एजेंडा नहीं

**मुंबई,एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपरिपक्व बताते हुए कहा कि उन्हें अर्थव्यवस्था की समझ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के पास नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना के लिए, कोई रचनात्मक एजेंडा नहीं है, इसलिए वह भ्रामक सूचनाएं फैला रहा है। केंद्रीय बजट पर संवाददाताओं से बातचीत में गोयल ने कहा कि राहुल गांधी सच से हजारों मील दूर हैं और उनके जैसा विश्वनीयता खो चुका नेता चाहे लाख कोशिश कर ले, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और उनकी राष्ट्र सेवा को नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हताश है। उसके पास झूठे और मनगढ़ंत दावे करने के अलावा अन्य कोई योजना या समाधान नहीं है। हमारी आलोचना करने का कोई ठोस आधार नहीं है। वे गलत जानकारी फैलाकर किसानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई उत्तर से भाजपा के लोकसभा सांसद गोयल ने कहा कि कांग्रेस अपनी सीमाओं को समझने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अर्थव्यवस्था की कोई समझ नहीं है, वे केवल सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक बातें लिखते हैं। वह सच से मीलों दूर हैं। भारत की कपास उत्पादन क्षमता और आवश्यकता दोनों बढ़ेंगी। कच्चा माल आयात कर उसे प्रसंस्कृत कर निर्यात करना वैश्विक व्यापार में पुराना तरीका है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और कपास व वस्त्र क्षेत्र को लेकर राहुल गांधी की ओर से की गई आलोचना पर पलटवार करते हुए गोयल ने कहा कि जब अपरिपक्व लोग राजनीति में आते हैं तो इस स्तर के आरोप लगाए जाते हैं।

### मोदी सरकार ने नुकसान पहुंचाने वाला व्यापार समझौता किया: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली कोई सरकार अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करती जो कपास किसानों और कपड़ा निर्यात दोनों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करता, लेकिन मोदी सरकार ने इसके बिल्कुल उलट किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार ने व्यापार समझौते के इन पहलुओं को छिपाया भी है। राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि 18 प्रतिशत बनाम शून्य प्रतिशत शुल्क। झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस बारे में भ्रम फैला रही है। किस तरह से वे भारत–अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास उत्पादकों और वस्त्र निर्यातकों को धोखा दे रहे हैं।” उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में वस्त्र निर्यात पर शून्य प्रतिशत शुल्क का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वे अमेरिकी कपास आयात करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया कि अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये बात देश से छुपाई क्यों गई? कांग्रेस नेता ने कहा कि ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है या फिर आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल?

# शबरिमला सोना चोरी मामले की जांच अंतिम चरण में

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि शबरिमला के भगवान अयप्पा मंदिर में सोने की चोरी से जुड़े मामले में एसआईटी की ओर से की जा रही जांच अंतिम चरण में है और उचित तरीके से आगे बढ़ रही है। चंद्रशेखर ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जांच उच्च न्यायालय की निगरानी में की जा रही है, जो उस पर कड़ी नजर रख रहा है।

उन्होंने कहा कि विशेष जांच दल मामले की अच्छी तरह से जांच कर रहा है। उच्च न्यायालय उचित निगरानी कर रहा है। चंद्रशेखर ने कहा कि एसआईटी की जांच अंतिम चरण में पहुंच गई है। शबरिमला मंदिर में सोने की चोरी से जुड़ा मामला द्वारपालकों (संरक्षक देवता) की मूर्तियों और श्रीकोविल (गर्भगृह) के दरवाजे की चौखटों पर सोने की अतिरिक्त परत चढ़ाने के काम के दौरान हुई कथित हेराफेरी से उपजा है। उच्च न्यायालय की ओर से गठित एसआईटी द्वारपालकों की मूर्तियों और श्रीकोविल के दरवाजे की चौखटों से सोना गायब होने से जुड़े मामले की जांच कर रही है।

## डिब्रूगढ़ में प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में स्थित आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों द्वारा प्रदर्शित हवाई प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे। पीएम मोदी ने भारतीय वायु सेना के विमान से पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा पर लैंडिंग की। • एजेंसी

# निसार उपग्रह मिट्टी की नमी का कर रहा आकलन :इसरो

**चेन्नई, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि भारत-अमेरिका का संयुक्त उपग्रह निसार (एनआईएसएआर) अब हर 12 दिन में 100 मीटर रेजोल्यूशन पर मिट्टी की नमी (सॉइल मॉइस्चर) की लगभग रियल-टाइम निगरानी कर रहा है। इसरो ने जानकारी देते हुए बताया कि नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) एस-बैंड और एल-बैंड में भारतीय भू-भाग की व्यवस्थित इमेजिंग कर रहा है, जिससे उच्च-रिजोल्यूशन वाला और जमीन पर घास का व्यापक डेटा प्राप्त हो रहा है। इस डेटा का उपयोग 100 मीटर रेजोल्यूशन पर मिट्टी की नमी के उत्पाद तैयार करने में सफलतापूर्वक किया गया है। मिट्टी की नमी, फसल स्वास्थ्य, सिंचाई की आवश्यकता और सूखे के जोखिम का प्रमुख संकेतक है, जो भारत की कृषि और जल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

एस-बैंड और एल-बैंड दोनों के आंकड़ों से तैयार उत्पाद देश के विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों-सिंचित मैदानों, वर्षा-आधारित खेती, अर्ध-शुष्क और उच्च वर्षा क्षेत्रों-में सुसंगत आकलन प्रदान करते हैं। इसरो ने कहा कि निसार के एल-बैंड और एस-बैंड की पूरक क्षमताएं इसे और प्रभावी बनाती हैं-एल-बैंड वनस्पति के भीतर गहराई तक प्रवेश और बेहतर संवेदनशीलता देता है, जबकि एस-बैंड सतह स्तर पर अधिक सूक्ष्म विवरण प्रदान करता है। संयुक्त दोहरी-आवृत्ति आधारित उत्पाद विविध कृषि परिदृश्यों में अधिक सुदृढ़ परिणाम देते हैं।

# सोनीपत में सड़क हादसे में पांच दोस्तों की मौत

**चंडीगढ़, एजेंसी:** हरियाणा के सोनीपत जिले में एक एसयूवी पेड़ से टकरा गई और इस हादसे में पांच दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सातों लोग गोहाना के भावड़ गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शुक्रवार शाम को रोहतक लौट रहे थे और इस दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस ने कहा कि टक्कर में एसयूवी क्षतिग्रस्त हो गई और तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने कहा कि मृतकों की पहचान सागर, दीपक, साहिल, मोहित और अंकुश के रूप में हुई है। सभी की उम्र 22 से 27 साल के बीच है।

# आंध्र प्रदेश ने पेश किया 3.32 लाख करोड़ का बजट

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने शनिवार को 2026-27 के लिए 3.32 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया जिसमें 2.56 लाख करोड़ रुपये के राजस्व व्यय और लगभग 54,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रस्ताव रखा गया है। आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि अनुमानित राजस्व घाटा 22,000 करोड़ (जीएसडीपी का 1.11 प्रतिशत) होगा।

# आतिशी वीडियो विवाद में दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली विधानसभा ने सिख गुरुओं के खिलाफ विपक्ष की नेता आतिशी की कथित टिप्पणी वाले वीडियो को लेकर पंजाब के जालंधर में दर्ज मामले से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग दोहराई है। विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले में 20 फरवरी तक अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है।

पत्र में पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को जालंधर में दर्ज प्राथमिकी, जिस शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और फॉरेंसिक प्रयोगशाला, सोशल मीडिया विशेषज्ञ तथा पुलिस के तकनीकी प्रकोष्ठ की रिपोर्ट की प्रतियां पेश करने का भी निर्देश दिया गया है। यह मामला जनवरी में दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आतिशी की ओर से कथित तौर पर की गई एक टिप्पणी से उपजा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता की टिप्पणी सिख गुरुओं के प्रति अपमानजनक थी। उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही से जुड़ी एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर साझा की थी।

इसी बीच, पंजाब पुलिस ने संबंधित वीडियो क्लिप को साझा किए जाने के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बाद में इस मामले को दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के निर्देश पर वीडियो क्लिप को फिर से फॉरेंसिक जांच कराई गई, जिसमें दावा किया गया कि वीडियो के साथ कोई "छेड़छाड़" नहीं की गई है। आतिशी ने विशेषाधिकार समिति के समक्ष पेश दलीलों में अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया है और विधानसभा की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने की मांग की है। विधानसभा सचिवालय ने पंजाब के अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि प्रक्रिया नियमों के अनुसार, विशेषाधिकार समिति के विचार के लिए उनके जवाब और दस्तावेज निर्धारित समय के भीतर उपलब्ध कराए जाने आवश्यक हैं, ऐसा न करने पर विशेषाधिकार का उल्लंघन और अवमानना मानी जा सकती है।

# मुंबई में निर्माणाधीन मेट्रो लाइन का स्लैब गिरने से एक व्यक्ति की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई के मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर निर्माणाधीन मेट्रो रेल लाइन-चार के पुल का स्लैब कुछ वाहनों पर गिर गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोपहर बाद एलबीएस रोड पर जॉनसन एंड जॉनसन फैक्टरी के पास गर्डर पुल की पैरापेट दीवार का एक स्लैब एक ऑटो रिक्शा और स्कोडा कार पर गिर गया, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

- मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर को हुई घटना में तीन लोग घायल



दमकल विभाग के अधिकारी ने मृतक की पहचान रामधन यादव और घायलों की पहचान राजकुमार इंद्रजीत यादव, महेंद्र प्रताप यादव और दीपा रुहिया के रूप में की। राजकुमार की हालत गंभीर है और उसे पास के अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जबकि महेंद्र व दीपा की स्थिति स्थिर बताई गई है। मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण ने बताया कि दोपहर 12: 15 बजे पियर-196 के पास, मुलुंड दमकल केंद्र के नजदीक दीवार का एक हिस्सा वहां से गुजर रहे ऑटो रिक्शा पर गिर गया। मेट्रो परियोजना की टीम बीएमसी अधिकारियों के साथ राहत कार्यों में जुटी है। हादसे के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है। दक्षिण-मध्य मुंबई के वडाला से पड़ोसी जिले ठाणे तक लाइन-चार का निर्माण किया जा रहा है और इसका बड़ा हिस्सा घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड जैसे क्षेत्रों को जोड़ने वाले एलबीएस रोड के ऊपर से गुजरता है।

## इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

# युद्ध व शांति का सारथी

चीन सीमा के करीब देश की सामरिक शक्ति में शनिवार 14 फरवरी 2026 को एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायुसेना के विशेष विमान से असम के डिब्रूगढ़ जिले में मोरान बाईपास पर बनी आपात लैंडिंग सुविधा पर उतरे। प्रधानमंत्री मोदी की लैंडिंग के साथ ही हाइवे पर स्थित यह पट्टी वायुसेना के रणनीतिक नेटवर्क का हिस्सा बन गई। पीएम मोदी भारतीय वायुसेना के सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान से हाइवे पर बने इस 4.2 किलोमीटर लंबी एयरस्ट्रिप (इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी) पर उतरे। यह सुविधा न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत कार्यों में भी गेम-चेंजर साबित होगी। आइए जानते हैं देश में यह सुविधा और कहां है और इसके क्या लाभ हैं।



### विशेषताएं एवं क्षमता

- विमानों की क्षमता : असम की इस 4.2 किमी लंबी एयरस्ट्रिप पर 40 टन तक के लड़ाकू विमान (जैसे राफेल, सुखोई-30 एमकेआई) और 74 टन तक के भारी मालवाहक विमान (जैसे सी-130जे) आसानी से उतर और उड़ान भर सकते हैं।
- रणनीतिक स्थान : यह चीन सीमा (एलएसी) से लगभग 300 किमी और म्यांमार सीमा से 200 किमी की दूरी पर स्थित है, जो युद्ध की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए महत्वपूर्ण है।
- लागत : मोरान ईएलएफ को लगभग 100 करोड़ की लागत से विकसित किया गया है।

### देश में इन पांच जगहों पर सुविधा

- राजस्थान के बाड़मेर (एनएच-925ए) • यूपी के आगरा-लखनऊ और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे • ओडिशा के बालासोर (एनएच-16) • आंध्र प्रदेश के नेल्लोर (एनएच-16)

### क्या है इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी

- ईएलएफ यानी इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी युद्ध और आपात स्थिति में वैकल्पिक रनवे की सुविधा है। जहां हाईवे पर पट्टी बनाई जाती है। जो कि युद्ध या आपातकाल में लड़ाकू विमानों, ट्रांसपोर्ट विमान और हेलीकॉप्टरों के लिए वैकल्पिक लैंडिंग की जगह देती है। ईएलएफ 40 टन तक के फाइटर विमान और 74 टन तक के अधिकतम भार वाला परिवहन विमान को संभालने में सक्षम है।
- सरकार की देशभर में 28 ईएलएफ बनाने की योजना है। फिलहाल असम को छोड़कर देश में पांच जगह इमरजेंसी लैंडिंग की सुविधा है। असम में यह सुविधा का शुरू होना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चीन सीमा के काफी पास है, जो कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी हाईवे रनवे पर उतरने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। उद्घाटन के दौरान राफेल और सुखोई विमानों ने शानदार हवाई प्रदर्शन किया।

### ईएलएफ के मुख्य फायदे

- रणनीतिक बढ़त : यदि युद्ध के समय दुश्मन मुख्य वायु सेना ठिकानों (एयर बेस) को निशाना बनाता है, तो ये राजमार्ग वैकल्पिक रनवे के रूप में काम आएंगे।
- आपदा राहत : भूकंप या बाढ़ जैसी आपदाओं में, जब पारंपरिक हवाई अड्डे बाधित हों, तब इन स्ट्रिप्स के जरिए राहत सामग्री और रेस्क्यू टीमों को सीधे प्रभावित इलाकों तक पहुंचाया जा सकता है।
- लागत प्रभावी : अलग से बड़े रनवे और बुनियादी ढांचे के बजाय मौजूदा राजमार्गों का उपयोग करना किफायती और व्यावहारिक है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश में 18 तक शपथ लेगी नई सरकार

**ढाका।** बांग्लादेश के कैबिनेट सचिव डॉ. शेख अब्दुर रशीद ने शनिवार को घोषणा की कि देश की नई कैबिनेट 18 फरवरी तक शपथ ले लेगी। डॉ रशीद ने आज यहां सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में यह जानकारी दी। संवैधानिक और कानूनी अनिवार्यताओं का स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि कानून के अनुसार, नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह 17 फरवरी तक हर हाल में पूरा किया जाना अनिवार्य है। सांसदों के शपथ लेने के तुरंत बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। विश्वास जताया कि 18 फरवरी तक नई कैबिनेट का शपथ ग्रहण हो जाएगा।

### नौका पर अमेरिकी हमले में तीन की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कैरेबियाई सागर में फिर एक नौका पर हमला किया है। अमेरिका के दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया पर बताया कि यह नौका कैरेबियाई सागर में मादक पदार्थ तस्करी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मार्गों से गुजर रही थी और इसके जरिए तस्करी की जा रही थी। उसने हमले में तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। पोस्ट के साथ साझा किए गए एक वीडियो में एक नौका पानी में जाती दिखाई दे रही है और अचानक आग लगने के बाद विस्फोट हो जाता है।

### नोबेले विजेता नरगिस की तबीयत बिगड़ी

**पेरिस।** ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की सेहत लगातार खराब हो रही है। यह जानकारी उनके पति ताघी रहमानी ने दी। रहमानी ने पेरिस में अपने घर पर कहा कि 12 दिसंबर को ईरान के पूर्वी शहर मशहद की यात्रा के दौरान उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद से वह उनसे बात नहीं कर पाए हैं। रहमानी ने कहा कि नरगिस की खराब सेहत की जानकारी रिहा किए गए बंदियों से मिली है, जिन्हें उनकी पत्नी के साथ रखा गया था।

### रूसी नेता नवलनी को दिया गया था जहर

**लंदन।** पांच यूरोपीय देशों ने दावा किया कि रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को प्राण घातक जहर दिया गया था और इसके लिए रूस की सरकार जिम्मेदार है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालयों ने शनिवार को कहा कि दो साल पहले दिवंगत हुए नवलनी के नमूनों के विश्लेषण से एपाइबेटिडाइन की पुष्टि हुई है। यह दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले जहरीले डार्ट मेंढकों में पाया जाने वाला एक विष है।

# ट्रंप बोले-ईरान में सत्ता का परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी, जो संभव है

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के दौरान की टिप्पणी

- ईरान को लेकर ट्रंप का अब तक का सबसे स्पष्ट बयान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है। ट्रंप ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ परमाणु समझौता न होने पर बेहद भयावह परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने अतीत के सैन्य हमलों और संभावित परिणामों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, ईरान के साथ हमें समझौता करना ही होगा, अन्यथा यह बेहद-बेहद भयावह होगा। उन्हें पहली बार में ही समझौता कर लेना चाहिए था लेकिन उन्हें इसके बजाय मिडनाइट हैमर मिला। उन्होंने दशकों की कूटनीति की आलोचना करते हुए कहा, पिछले 47 वर्षों से वे सिर्फ बातें करते रहे हैं। इस बीच हमने बहुत सी जानें गंवाई हैं... पैर, हाथ, चेहरे सब उड़ गए। यह संघर्ष बहुत लंबा चल रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि वे पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत भेज रहे हैं और कहा, अगर इस्लामिक गणराज्य के साथ हमारा कोई समझौता नहीं होता तो हमले की राह खुली है।

जब उनसे पूछा गया कि ईरान का नेतृत्व कौन संभालेगा, तो उन्होंने कहा, कुछ लोग हैं लेकिन कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



### मादुरो पर कार्रवाई ने दिखाई अमेरिकी ताकत

**फोर्ट ब्रैग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले अमेरिकी विशेष बलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले महीने की गई इस कार्रवाई से पूरी दुनिया ने अमेरिका की पूर्ण सैन्य शक्ति को देखा और इससे यह सुनिश्चित हुआ कि दुनियाभर के संभावित शत्रु हमसे डरें। ट्रंप ने फोर्ट ब्रैग के सैनिकों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा, आपके कमांडर-इन-चीफ पूरी तरह आपका समर्थन करते हैं। जब जरूरत होगी, आप लड़ेंगे आप जीतेंगे। राष्ट्रपति और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने सैन्य परिवारों से निजी तौर पर भी मुलाकात कीं। राष्ट्रपति ने कहा, उस रात पूरी दुनिया ने देखा कि अमेरिकी सेना क्या कर सकती है। यह अभियान इतना सटीक और अविश्वसनीय था। ट्रंप ने कहा, जब तक मैं राष्ट्रपति हूं, हम दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना होंगे।

### तेहरान पर दबाव बढ़ाएं वैश्विक नेता

**म्यूनिख।** ईरान के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे देश के निर्वासित शहजादे रजा पहलवी ने कहा है कि यदि लोकतांत्रिक देश चुपचाप देखते रहे तो ईरान में और अधिक मौतें होने की संभावना है। पहलवी के समर्थक शनिवार को जर्मनी के म्यूनिख में एकत्रित विश्व नेताओं से उम्मीद कर रहे थे कि वे ईरानी सरकार पर बदलाव के लिए दबाव बढ़ाएंगे। ईरान के अपदस्थ शाह के पुत्र पहलवी ने शनिवार को म्यूनिख में चेतावनी दी कि यदि लोकतांत्रिक देश चुपचाप देखते रहे तो ईरान में और अधिक मौतें होने की संभावना है। वर्ष 1979 में देश छोड़ चुके पहलवी ने कहा, हम इस संकट की घड़ी में यह पूछने के लिए एकत्रित हुए हैं कि क्या दुनिया ईरान के लोगों के साथ खड़ी होगी?

# राहुल गांधी की झूठ बोलकर गुमराह करने की नीति जान चुकी है जनता

- पुडुचेरी में भाजपा की रैली में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

कराईकल (पुडुचेरी), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हाल में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों एवं भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में देश के किसानों और मछुआरों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी पर झूठ बोलकर किसानों एवं मछुआरों को गुमराह करने और भ्रम पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने आरोप लगाया कि गांधी ने रोजाना झूठ बोलने की एक नई परंपरा शुरू कर दी है। पुडुचेरी के कराईकल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि झूठ बोलना, जोर-जोर से झूठ बोलना और उसे दोहराना राहुल गांधी की नीति है। लेकिन लोग आपकी झूठ गढ़ने वाली फैक्टरी को पहचान चुके हैं।

शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश के मछुआरों और किसानों को गुमराह करना चाहते हैं। उनका इरादा झूठ बोलकर भ्रम फैलाना है। शाह ने कहा कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौतों के अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, मछुआरों और पशुपालकों की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है। राहुल गांधी से एफटीए और व्यापार समझौते के प्रावधानों को ध्यानपूर्वक पढ़ने का आग्रह करते हुए शाह ने दोहराया कि भारतीय हितधारकों के हितों को 100 प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। मछुआरों को एफटीए से लाभ होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान किसानों के हितों को बेच दिया गया था।



पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी के दीवार लेखन अभियान के तहत एक दीवार पर पार्टी के चुनाव प्रतीक कमल बनाते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

### कांग्रेस नेतृत्व की सरकार पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों, पशुपालन से जुड़े भाइयों और बहनों एवं मछुआरों को 100 प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करने के लिए काम किया है। भाजपा के शीर्ष नेता ने भ्रष्टाचार को लेकर वी. नारायणसामी के नेतृत्व वाली पुडुचेरी की कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार (2016 से 2021) को निशाना बनाया और कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान केंद्र शासित प्रदेश में 15,000 करोड़ रुपये का पूरा विकास कोष हड़प लिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच शुरू हो चुकी है।

## इंडिगो विमान को मिली बम धमकी निकली अफवाह

**कोलकाता।** बम की धमकी के बाद शनिवार को शिलांग जाने वाला एक विमान कोलकाता हवाई अड्डे पर करीब चार घंटे तक फंसा रहा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 7304 में बम होने का दावा करने वाला हाथ से लिखा एक नोट मिला जिसके बाद उसे आइसोलेशन बे में ले जाया गया। विमान की गहन जांच के बाद धमकी एक अफवाह साबित हुई। पूरी तलाशी लेने के बाद विमान ने दोपहर 1:33 बजे गंतव्य के लिए उड़ान भरी। एएआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि विमान के उड़ान भरने से लगभग 15 मिनट पहले यानी सुबह करीब 9:15 बजे चालक दल के एक सदस्य को विमान के शौचालय में धमकी वाला नोट मिला।

# पश्चिमी देशों की सोच गलत, नहीं टूटेंगे रिश्ते

म्यूनिख, एजेंसी

- रुबियो ने ट्रांस-अटलांटिक संबंध मजबूत रखने की इच्छा जताई

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत अमेरिका और यूरोप के संबंधों का मैत्रीपूर्ण और आश्वस्त करने वाला आकलन प्रस्तुत करते हुए शनिवार को कहा कि पिछली आलोचनाओं का कठोर लहजे का उद्देश्य ट्रांस-अटलांटिक संबंधों में नई शुरुआत को प्रोत्साहित करना था। रुबियो म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने इस वर्ष के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अमेरिका और यूरोप से ट्रांस-अटलांटिक विश्वास को एक साथ पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने का आह्वान किया। मर्ज ने कहा कि एक ऐसी दुनिया में जहां पुरानी व्यवस्था कमजोर पड़ चुकी है, वहां अमेरिका भी अकेले आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त शक्तिशाली नहीं है।

रुबियो ने तर्क दिया कि शीत युद्ध में पश्चिम की विजय के उत्साह ने एक खतरनाक भ्रम को जन्म दिया कि हम संघर्षपूर्ण इतिहास को पीछे छोड़ चुके हैं और अब हर राष्ट्र एक उदार लोकतंत्र होगा। वेंस के रुख की तुलना में कम टकराव वाला दृष्टिकोण अपनाते हुए, उन्होंने स्वीकार किया कि ट्रंप प्रशासन ने अपने रुख को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह उनसे पीछे नहीं हटेगा।

## अमेरिका में भारत का छात्र लापता तेज की गई तलाश

**बेंगलुरु।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक निवासी 22 वर्षीय विद्यार्थी साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता जताई है। दूतावास ने कहा है कि वह स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ संपर्क में है और उसे ढूंढने में अमेरिका के अधिकारियों की मदद कर रहा है। श्रीनिवासैया आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र है और अमेरिका बर्कले में रासायनिक एवं जैवआणविक इंजीनियरिंग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। वह मंगलवार से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें बर्कले में ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक के पास देखा गया था। बर्कले पुलिस ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

# छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में चार लोगों की गई जान

धमतरी (छत्तीसगढ़), एजेंसी

- मृतकों में तीन सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के जवान

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रक को कार ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से कार में सवार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों और एक चालक की मौत हो गई जबकि एक अन्य जवान घायल हो गया।

एसपी सूरज सिंह परिहार ने बताया कि दुर्घटना जगदलपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमतरी बाईपास के पास खपरी गांव में सुबह करीब आठ बजे हुई। कार में सीआरपीएफ की विशिष्ट इकाई कोबरा के कमांडो शामिल थे। मृतक कोबरा की 201वीं बटालियन के जवान थे। कोबरा के चार जवान और कार चालक बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर से रायपुर जा रहे थे ताकि वहां से छुट्टी पर अपने पैतृक स्थानों के लिए रवाना हो सकें। एसपी ने बताया कि कार खड़े ट्रक से टकरा गई और टक्कर इतनी भीषण थी कि एक जवान और चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य जवानों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। मृतकों में सीआरपीएफ कर्मी सौरभ तोमर, मुकेश कुमार, राजकुमार गोड और चालक हीरालाल नगर शामिल हैं। वहीं, घायल कमांडो अभिमान राय (28) को इलाज के लिए रायपुर भेज दिया गया है।


## अमेरिका में विमान हादसे में चार लोगों की चली गई जान

**वांशिंगटन।** अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर-दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उड़ान सारणी का पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था और एमराल्ड पहाड़ी की चोटी के दक्षिण की ओर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 17.04 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- उत्तराषाढ़ा 19.48 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आप अपने व्यवहार में काफी बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं। आपके मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**वृष** — आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आप चिड़चिड़े हो सकते हैं। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है।

**मिथुन** — आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीतिक मुद्दों पर बहसबाजी से दूरी बनाकर रखें। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है। संतुलित आहार रखने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कर्क** — आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — आज जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए अत्यधिक अनुकूल रहने वाली है। देवस्थल की यात्रा हो सकती है। गृहस्थ जीवन का भरपूर आनंद लेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कन्या** — आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आप अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला** — आज आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। महिलाओं को गृहकार्यों में कुछ परेशानी महसूस होगी। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन अत्यंत अनुकूल है। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं। घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा।

**धनु** — आज भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे। मौसम में बदलाव के कारण एलर्जी हो सकती है।

**मकर** — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश जाने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कुंभ** — आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे।

**मीन** — आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। प्रेम संबंधों का आनंद उठाएंगे। नई परियोजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। परिवार में आपके विचारों के अनुसार वातावरण रहेगा।

## सुडोकू -62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 4 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 6 | | | 7 | | | 1 |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| 5 | | | 1 | | | | 6 | |
| 6 | | 1 | | | 8 | | 3 | |
| | 2 | | 3 | | 9 | | | 6 |
| 4 | | | | | 5 | | | 7 |

### सुडोकू - 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 |



> पाकिस्तान के उस्मान तारिक एक साधारण ऑफ-स्पिनर ही हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि भारतीय बल्लेबाज टी20 विश्व कप मैच में उन्हें अच्छी तरह से खेल लेंगे।
> –सौरव गांगुली

# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 15 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| वेस्टइंडीज-नेपाल | पूर्वाह्न 11 बजे |
| अमेरिका-नामीबिया | दोपहर 3 बजे |
| भारत-पाकिस्तान | शाम 7 बजे |

### हाईलाइट

### जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें दिग्गजों को हराने पर

**कोलकाता।** पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें रविवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में अपनी लय कायम रखते हुए बंगाल और कर्नाटक जैसे दिग्गजों को हराने पर लगी होंगी। जम्मू कश्मीर ने इंदौर में मध्यप्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। रणजी ट्रॉफी में 1959.60 में पदार्पण करने के बाद से यह उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दूसरा सेमीफाइनल लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा जिसमें उत्तराखंड का सामना आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक से होगा। उत्तराखंड ने जमशेदपुर में झारखंड को एक पारी और छह रन से हराया जबकि कर्नाटक ने रिकॉर्ड 42 बार की विजेता मुंबई को मात दी।

### ग्रुप में शीर्ष पर बने रहने के इरादे से उतरेगा वेस्टइंडीज

मुंबई, एजेंसी : आत्मविश्वास से लबरेज वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप ग्रुप सी के मुकाबले में रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर नेपाल से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय बरकरार रखकर शीर्ष पर अपना स्थान पुख्ता रखने का होगा। वेस्टइंडीज टीम ने अभी तक दोनों मैच जीते हैं और नेट रनरेट (1.625) के आधार पर ग्रुप में शीर्ष पर है। एक और जीत से शीर्ष पर उसका स्थान और पक्का हो जायेगा। इसके बाद वेस्टइंडीज को कोलकाता में इटली से खेलना है और इन दोनों मैचों में जीत से ग्रुप में शीर्ष पर उसका रहना तय हो जायेगा लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा।

## टी-20 विश्व कप : सियासी रुकावट के बाद आज टकराएंगी दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें, उस्मान तारिक के बालिंग एक्शन पर रहेंगी नजरें

# भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौशल का नहीं, दबाव झेलने का

कोलंबो, एजेंसी

क्रिकेट में सियासत के घालमेल के कारण पैदा हुआ गतिरोध 'अस्थायी' तौर पर दूर होने के बाद टी20 विश्व कप के सबसे चर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी आमने सामने होंगे तो भारत के मध्यक्रम के सामने पाकिस्तान के स्पिनरों की चुनौती होगी और मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए अब दोनों टीमें किसी तरह की कोताही बरतना नहीं चाहेगी। पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार के अपने फैसले पर यू टर्न लेकर प्रेमदासा स्टेडियम पर यह मैच खेलने का फैसला लिया।

इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, बांग्लादेश और श्रीलंका क्रिकेट के बीच हफ्तों तक लंबी बातचीत हुई। व्यवहारिक तौर पर पूरा दक्षिण एशिया इस मैच को कराने के प्रयासों में जुटा हुआ था चूंकि प्रसारकों, प्रायोजकों से लेकर दर्शकों तक के लिये यह मैच सबसे अहम रहता है। विवाद की शुरुआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान का कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल करार रद्द करने से हुई। बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार का फैसला ले लिया था। वहीं दोनों टीमों के क्रिकेटरों ने इसे आम मैच बताकर हाइप कम करने की पूरी कोशिश की। लेकिन दोनों टीमों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता और खासकर इस मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए यह तो तय है कि अब कोई इसे हारना नहीं चाहेगा। हारने पर अपने प्रशंसकों का कोपभाजन बनना दोनों में से किसी टीम को मंजूर नहीं होगा और वह भी तब जबकि विश्व कप के अहम मुकाबले अभी आने बाकी हैं। भारत के सामने समस्या अभिषेक शर्मा को लेकर है जो पेट के संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल में रहे और नामीबिया के खिलाफ नहीं खेल सके थे। उनके नहीं खेलने पर या तो संजू सैमसन को ही उतारा जाये या ईशान किशन के साथ पारी की शुरूआत के लिये वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाये जो फिट हो गए हैं। सुंदर प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। पिच को देखते हुए बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी उतारा जा सकता है। ऐसे में रिंकू सिंह को बाहर रहना पड़ सकता है। बाबर आजम के खिलाफ कुलदीप के शानदार रिकॉर्ड और एशिया कप फाइनल में उनके चार विकेट को देखते हुए उन्हें इस मैच में मौका देना अच्छा विकल्प होगा। विश्व कप से पहले भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत लग रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दो मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन चिंता का सबब है। अमेरिका के खिलाफ भारत के छह विकेट 77 रन पर गिर गए थे जबकि नामीबिया के खिलाफ डैथ ओवरों में मेजबान टीम ने चार रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन 200 रन से अधिक का स्कोर और 93 रन से जीत के कारण यह कमजोरियां दब गई। दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन और हार्दिक पंड्या ने संकटमोचक की भूमिका निभाई। लेकिन बड़े टूर्नामेंट में एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन जरूरी है। पिछले साल हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनने के बाद पाकिस्तान टीम के मैच कोलंबो में हो रहे हैं जिससे उसे हालात और पिच की बेहतर जानकारी है।



अभ्यास सत्र के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेटर।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मो नवाज, मो सलमान मिर्जा, नसीम शाह, फरहान, सईम अयूब, शाहीन अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

### पीसीबी प्रमुख नकवी मैच देखने पहुंचेंगे कोलंबो

**कराची।** पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी रविवार को कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का मैच देखेंगे और आईसीसी अधिकारियों से बात भी कर सकते हैं। एक सूत्र ने बताया कि नकवी के साथ पाकिस्तान सुपर लीग के सीईओ सलमान नसीर और मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद समेत पीसीबी के सीनियर अधिकारी भी श्रीलंका जाएंगे। सूत्र ने कहा श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने दूसरे बोर्ड के अधिकारियों को न्योता दिया है, लेकिन नकवी आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और अन्य अधिकारियों से बात करने जा रहे हैं ताकि बहिष्कार प्रकरण के बाद पैदा हुई कड़वाहट कम हो। पाकिस्तान सरकार के इस मैच को खेलने की टीम को अनुमति नहीं देने के फैसले के बाद आईसीसी और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव आया था। सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने के बांग्लादेश के इनकार के बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किये जाने के मद्देनजर पाकिस्तान ने उसके प्रति एकजुटता दिखाते हुए भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का ऐलान किया था।





सूर्य कुमार यादव

# इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 10 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से हराया

## इंग्लैंड के टॉम बैंटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार

कोलकाता, एजेंसी

आदिल राशिद (तीन विकेट), जोफ्रा आर्चर और लियम डॉसन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद टॉम बैंटन (नाबाद 63) और जेकब बेथेल (32) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने शनिवार टी-20 विश्वकप के 23वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 10 गेंदे शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी। टॉम बैंटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने पहले दो ओवरों में 13 रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये। फिल सॉल्ट (दो) और जॉस बटलर तीन रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद जेकब बेथेल और टॉम बैंटन की जोड़ी ने पारी को संभाल और तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 10वें ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने जेकब बेथेल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। जेकब बेथेल ने 28 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 32 रन बनाये। कप्तान हैरी ब्रूक चार रन बनाकर आउट हुये। सैम करन ने एक चौका और दो छक्के लगाते हुए 28 रन बनाये। इंग्लैंड ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। टॉम बैंटन ने 41 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 63 रनों की मैच विजयी पारी खेली। विल जैक्स 10 गेंदों में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। स्कॉटलैंड के लिए चार गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले आज यहां कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन (49), माइकल जोंस (33), टॉम ब्रूस (24) और ऑलिवर डेविडसन (नाबाद 20) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर स्कॉटलैंड ने 152 रन का स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 42 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। जॉर्ज मंसी (चार), ब्रैंडन मक्मलेन (शून्य) और माइकल जोंस (33) रन बनाकर आउट हुये। माइकल जोंस ने 20 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन और टॉम ब्रूस ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। 13वें ओवर में लियाम डॉसन ने टॉम ब्रूस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। टॉम ब्रूस ने 18 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। अगले ही ओवर में आदिल राशिद ने अर्धशतक से एक रन दूर रहे रिचर्ड बेरिंग्टन को अपना शिकार बना लिया। रिचर्ड बेरिंग्टन ने 32 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 49 रनों की पारी खेली। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए स्कॉटलैंड की टीम को 19.4 ओवर में 152 के स्कोर पर समेट दिया। ऑलिवर डेविडसन 15 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए आदिल राशिद ने तीन विकेट लिये। जोफ्रा आर्चर और लियाम डॉसन को दो-दो विकेट मिले। जेमी ओवर्टन और सैम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



शाट लगाते इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम बैंटन।

### साउथ अफ्रीका को 176 रनों का लक्ष्य

- मार्को यानसन के चार झटकों से साउथ अफ्रीका न्यूज़ीलैंड को 175 के स्कोर पर रोकने में क़ामयाब हुआ है। मार्क चैपमैन ने न्यूज़ीलैंड के लिए सर्वाधिक 48 रन बनाए। वहीं मिचेल ने 32 जबकि ऐलन ने 31 रन बनाए। अहमदाबाद की पिच को देखते हुए साउथ अफ्रीका के सामने लक्ष्य बड़ा नहीं है। न्यूज़ीलैंड के गेंदबाज़ों को बेहतरीन गेंदबाज़ी करनी होगी। एक समय न्यूज़ीलैंड आसानी से 200 के स्कोर की ओर अग्रसर लग रही थी लेकिन लुंगी एनगिडी ने पहले डैरिल मिचेल का शिकार किया और फिर कॉर्बिन बॉश ने मिचेल सैंटनर का शिकार कर लिया। न्यूज़ीलैंड ने लगातार तीन ओवर में विकेट गंवाए। मार्को यानसन ने एक बार फिर न्यूज़ीलैंड को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने मार्क चैपमैन को पवेलियन भेजते हुए डैरिल मिचेल के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ दिया है। 64 के स्कोर पर चार विकेट गंवाकर न्यूज़ीलैंड की टीम काफ़ी मुश्किल में नज़र आ रही थी। हालांकि मिचेल और चैपमैन के बीच बेहतरीन अर्धशतकीय साझेदारी बनी है। शुरुआती पलों में सिंगल और डबल्स के ज़रिये पारी को आगे बढ़ाया गया और अब आक्रामक शॉट्स लगाए जा रहे हैं। यहां से न्यूज़ीलैंड की टीम कम से कम 180 के स्कोर तक पहुंचना चाहेगी और मंच भी तैयार है। विकेटों की झड़ी लग गई है। यानसन के बाद केशव महाराज ने भी न्यूज़ीलैंड को झटका दिया है और उन्होंने ग्लेन फ़िलिप्स को बोल्ड कर दिया है।

### भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान बारिश का खतरा, निराश हो सकते हैं क्रिकेट प्रेमी

**कोलंबो।** भारत-पाकिस्तान के मैच में एकबार फिर खलल पड़ा सकता है। नॉर्थ-ईस्ट-मॉनसून के देर से आने के कारण कोलंबो में बारिश होने का अनुमान है। इससे क्रिकेट प्रेमियों की निराशा बढ़ेगी। इस बड़े मैच के लिए 16,000 भारतीय फैंस के आने की उम्मीद है, साथ ही 28,000 क्षमता वाले आर. प्रेमदासा स्टेडियम में आने वाले पाकिस्तानी और लोकल फैंस के लिए भी उम्मीद है – क्रिकेट की दुनिया भर से लाखों लोग इसे देख रहे हैं। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने मैच को लेकर बनी अनिश्चितता के बारे में कहा भारत-पाकिस्तान के बीच यह मैच हमेशा से एक बड़ा मैच रहा है और आगे भी ऐसा ही रहेगा। हम हर चीज के लिए तैयार थे, चाहे हमें कल का मैच खेलने को मिले या नहीं। हम बारिश के बारे में कुछ नहीं कर सकते। अगर ओवर कम किए जाते हैं, तो हमें पता है कि हमें क्या करना है। मौसम सबसे बड़ी अनकंट्रोलेबल चीज़ों में से एक है – पिच भी, जो इस जगह पर ज्यादातर धीमी रही है, जिससे काफी टर्न मिल रहा है। यह उस 'बेहतरीन' पिच से बिल्कुल अलग है जिसकी शुरू में उम्मीद थी और इस बड़े गेम के लिए तैयारी की गई थी। यह अभी भी एक हाई-स्कोरिंग पिच हो सकती है (दूर से देखने पर ऐसा ही लगता है), इस वर्ल्ड कप में अब तक इस जगह पर हुए तीन मैचों के उलट, जहाँ टोटल 160-180 के बीच रहा है। लेकिन फिर, यह बेकाबू लोगों की लिस्ट में आता है। पिच को पढ़ना और मौसम का अंदाज़ा लगाना खतरनाक काम रहे हैं। यह सुनने में ज़्यादा लग सकता है, लेकिन यह हालात का पूरी तरह से गलत अंदाज़ा नहीं है। हालांकि, कंट्रोल करने लायक चीज़ों में दोनों टीमों के बीच मैच से पहले और बाद में हाथ मिलाना शामिल है, जो एशिया कप के बाद से सस्पेंड है। 10 फरवरी के सेटलमेंट के बाद से, मुख्य सवाल यह रहा है कि क्या मैच के दौरान ये इनफॉर्मल प्रोटोकॉल फिर से लागू होंगे। भारतीय खेमे ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है, लेकिन पाकिस्तान के सलमान आगा ने कहा कि फैसला भारत को करना है।



# तारिक है हमारा ट्रंपकार्ड : सलमान

कोलंबो, एजेंसी

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने असामान्य एक्शन वाले स्पिनर उस्मान तारिक का बचाव करते हुए भारत के खिलाफ रविवार को यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम पर खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के मैच के लिए उन्हें अपनी टीम का 'तुरुप का पत्ता' करार दिया। तारिक ने हाल ही में अमेरिका के खिलाफ पास के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर तीन विकेट झटककर अपनी क्षमता दिखाई थी। उनकी गेंदबाजी यहां स्पिनरों की मददगार आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर और घातक साबित हो सकती है।

आगा ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में शनिवार को यहां कहा उस्मान हमारे 15 खिलाड़ियों में से एक हैं, हम उन्हें उसी नजर से देखते हैं। आप (मीडिया) ने उन्हें बड़ा बना दिया। वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। आगा हालांकि तारिक से जुड़े सवालों को टालने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उन से जुड़े सवाल लगातार उठते रहे। आगा ने स्वीकार किया कि 27 साल का यह ऑफ स्पिनर बड़े शॉट खेलने वाले भारतीय बल्लेबाजों के सामने उनकी टीम का मुख्य हथियार है। आगा ने कहावह पिछले कुछ महीनों से बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने लीग क्रिकेट (पाकिस्तान सुपर लीग) में भी शानदार प्रदर्शन किया था। और हां, आप कह सकते हैं कि वह हमारे लिए 'ट्रंप कार्ड' हैं। तारिक की असामान्य 'पॉज एंड स्लिंग' एक्शन पर सवाल उठाए गए हैं, लेकिन आगा ने इसे ज्यादा तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा, उसे इन बातों की कोई परवाह नहीं है। जब से उसने क्रिकेट खेलना शुरू किया है, लोग उसके बारे में बातें करते रहे हैं। वह समझदार और परिपक्व है, इसलिए इन चीजों से प्रभावित नहीं होता। उसे आईसीसी द्वारा दो बार मंजूरी भी मिल चुकी है और उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी के लिए जो भी आवश्यक था किया है। आगा ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण केवल तारिक तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा यह संभव है कि स्पिनर यहां दबदबा बनाए, लेकिन तेज गेंदबाजों की भी भूमिका होगी। तेज गेंदबाजी ऐसी कला है जिसे किसी भी जगह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कप्तान का मानना है कि शाहीन शाह अफरीदी अपनी विविधताओं के कारण बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा उनकी भूमिका हमेशा अहम रहेगी। हमारे पास कई स्पिनर हैं, लेकिन तेज गेंदबाज भी हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकते हैं।

- आईसीसी पहले ही उसके एक्शन को ठहरा चुका है दो बार सही



स्पिनर उस्मान तारिक।

टी20 विश्व कप

### पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की क्षमता की तारीफ की

# अभिषेक की काबिलियत के कायल हुए कपिल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने टी-20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की काबिलियत की तारीफ की है।

कपिल ने शुक्रवार शाम को कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में पत्रकारों से बातचीत में कहा अगर आप पहली गेंद पर छक्का मार सकते हैं, तो क्यों नहीं इसके लिए आपको बहुत काबिलियत चाहिए। अगर वह दो साल, तीन साल तक ऐसा कर सकता है, तो हम कहेंगे कि वह कितना बढ़िया खिलाड़ी है। हालांकि उन्होंने अभिषेक को सावधान किया कि उसे लगातार बेहतर होते रहना होगा ताकि वह गेंदबाजों से एक कदम आगे रहे।

उन्होंने कहा पहले साल वह प्रतिभा के साथ सामने आ सकता है। शायद दो साल। लेकिन गेंदबाज भी हर समय बल्लेबाजों के लिए योजना बनाते रहते हैं। तीसरा साल सबसे जरूरी होगा कि वह स्वयं को कैसे व्यवस्थित करता है।" अभिषेक शर्मा ने 2024 में भारत के लिए पदार्पण किया था। भारत के लिए 39 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 36 की औसत से 1,297 रन बनाए हैं, और उनका स्ट्राइक रेट 136 का है। इन 39 मैचों में उन्होंने 123 चौके और 88 छक्के लगाए हैं। शौकीन गोल्फर और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने कहा कि वह देश में क्रिकेट के विकास से बहुत खुश हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि दूसरे खेलों को भी पूरा सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा क्रिकेट अच्छा कर रहा है- यह अच्छी बात है। बुरी बात यह है कि क्रिकेट अकेला स्पोर्ट नहीं है। हमें सभी खेलों का ध्यान रखना चाहिए। क्रिकेट ने मुझे सब कुछ दिया है। फिर भी, मैं चाहता हूं कि हमें दूसरे खेलों को भी प्रमोट करना चाहिए। हमें हर चीज के लिए सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए और इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि हम क्या योगदान कर सकते हैं।





### भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने पर फैसला कल : सलमान अली आगा

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच के टॉस या मुकाबले से बाद भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने के सवाल पर कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि खेल उसी भावना से खेला जाना चाहिए, जिसके लिए वह जाना जाता है। भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने पिछले साल दुबई में आयोजित एशिया कप के समय से एक-दूसरे से हाथ मिलाना बंद कर दिया है। यह टूर्नामेंट पहलगाम हमले और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में खेला गया था। हाथ मिलाने की परंपरा को लेकर पूछे गए सवाल पर आगा ने शनिवार को यहां कहा इस बारे में हम कल देखेंगे। आगा ने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में 'खेल भावना' को बनाए रखा जाना चाहिए। क्रिकेट (सही) भावना के साथ खेला जाना चाहिए। मेरी व्यक्तिगत राय शायद मायने नहीं रखती। लेकिन क्रिकेट उसी तरीके से खेला जाना चाहिए, जिस तरह से इसे हमेशा खेला जाना चाहिए था। क्या करना है, यह तय करना उन पर निर्भर है। इस बीच यह भी पता चला है कि प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले मुकाबले से पहले भारतीय खेमे का माहौल भी आक्रामक के बजाय अधिक संयमित है। टीम ने इस मामले में अंतिम निर्णय उच्च अधिकारियों पर छोड़ दिया है। भारतीय टीम के अंदर हालांकि सोशल मीडिया पर सार्वजनिक भावनाओं को लेकर सतर्कता भी है, क्योंकि पहलगाम हमले के बाद भावनाएं अब भी काफी संवेदनशील बनी हुई है और प्रतिक्रियाएं तीखी हो सकती हैं।